Email ID : pmcpd2020@gmail.com, pmcpd2003@gmail.com

सफलतम 277वाँ अंक

# अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी

वर्ष : 24 अंक : 01 अगस्त, 2023

**संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग का अध्यक्ष बना भारत** : संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने 62वें सामाजिक विकास आयोग के अध्यक्ष का पद 28 जुलाई, 2023 को सँभाल लिया है। लक्जमबर्ग, उत्तरी मेसेडोनिया, डोमिनिकन रिपब्लिक और चुनाव के बाद तय होने वाले अफ्रीकी देश इस आयोग के उपाध्यक्ष हैं।




विगत् 50 वर्षों में यह पहला अवसर है, जब भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ में सामाजिक विकास आयोग की अध्यक्षता मिली है। इससे पहले भारत ने वर्ष 1975 में इस आयोग की अध्यक्षता की थी।

उल्लेखनीय है कि भारत को 15 फरवरी, 2023 को सामाजिक विकास आयोग के 62वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। भारत का कार्यकाल वर्ष 2027 में समाप्त होगा।

**भारत के 83वें ग्रैंड मास्टर बने आदित्य सामंत** : 17 वर्षीय आदित्य सामंत भारत के 83वें ग्रैंड मास्टर बने हैं। महाराष्ट्र के सामंत ने 'बील शतरंज एमटीओ 2023 टूर्नामेंट' में हमवतन आर्यन चोपड़ा के खिलाफ अपनी नौवें दौर की बाजी शुरू करते ही यह उपलब्धि हासिल की। सामंत ने पहले ही लाइव रेटिंग में 2500 एलो मार्क पार कर लिया था और दो जीएम मानदंड प्राप्त किए थे। ज्ञातव्य है कि ग्रैंड मास्टर बनने के लिए, एक खिलाड़ी को तीन जीएम मानदंड हासिल करने होते हैं, साथ ही 2500 एलो पॉइंट की लाइव रेटिंग पार करनी होती है।



## आपके इस अंक में


| | |
|---|---|
| मासिक घटनाओं का सार संग्रह : स्मरणीय तथ्य | 5 |
| अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 6 |
| राष्ट्रीय परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 13 |
| अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 19 |
| आर्थिक परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 21 |
| प्रादेशिक परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 23 |
| पुरस्कार एवं सम्मान (वन-लाइनर सहित) | 32 |
| खेल परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 34 |
| अद्यतन सामान्य ज्ञान (वन-लाइनर सहित) | 39 |
| सम-सामयिक घटनाओं पर आधारित : नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 50 |


राजस्थान में कौन, क्या है? के लिए *Scan* करें

भारत में कौन, क्या है? के लिए *Scan* करें


सम्पादक
**एल.सी. गुप्ता**

**सम्पादकीय कार्यालय**
पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स
गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.)
Mob. 8104919720

**इस अंक का मूल्य** : 20/-
**वार्षिक सदस्यता शुल्क** : 240/-
**सदस्यता शुल्क** : पत्रिका के सदस्यता शुल्क हेतु (केवल) इलेक्ट्रॉनिक मनीऑर्डर या इंस्टेंट मनीऑर्डर या पेटीएम द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी' (Antarrashtriya Chronology) के नाम **'पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.) 321001'** के पते पर भेजें।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक एल. सी. गुप्ता के लिए विकास ऑफ़सेट, एफ-74, हीरावाला इण्डस्ट्रीज एरिया, कानोता, जयपुर से मुद्रित तथा पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर से प्रकाशित।
**सम्पादक : एल.सी. गुप्ता**


अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है। इस पत्रिका में प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किए गए हैं। यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया है तो प्रकाशक, सम्पादक या मुद्रक, उससे किसी व्यक्ति-विशेष को पहुँची क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है।

# स्व चिंतन ...

**यूँ ही नहीं मिलती राही को मंजिल ..... एक जुनून सा दिल में जगाना होता है,**
**पूछा चिड़िया से कैसे बनाया आशियाना, बोली भरनी पड़ती है उड़ान बार-बार.......**
**तिनका तिनका उठाना पड़ता है।**

ये पंक्तियाँ उन लोगों के लिए सटीक उत्तर है जो हमेशा यह शिकायत करते हैं कि हमारी किस्मत अच्छी नहीं थी, इसलिए अपनी मंजिल को हासिल नहीं कर सके या अपने कॅरियर में और लोगों से पिछड़ गए। कुछ ऐसे लोग भी होते हैं जो अपनी नाकामियों के लिए अपनी परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराने लगते हैं। ऐसे लोगों को नीचे दिए गए उदाहरण प्रोत्साहित कर सकते हैं।

एप्पल कम्पनी के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स को परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण अपना कॉलेज ड्रॉप-आउट करना पड़ा था। उन्हें उन्हीं की कम्पनी से निकाल दिया गया था, वह दुर्लभ पेंक्रियाटिक कैंसर से ग्रस्त थे। इस सबके बावजूद उन्होंने सफलता की ऊँचाइयों को पाया। उनकी सफलताओं का मूलमंत्र है 'stay hungry, stay foolish'।

महानतम् वैज्ञानिकों में से एक स्टीफन हाकिंग मोटर न्यूरॉन जैसी बीमारी से ग्रस्त थे, जिसके कारण मस्तिष्क के अलावा उनका पूरा शरीर लगभग निष्क्रिय था। समीकरण लिखने या कलम पकड़ने की क्षमता खो देने के बाद भी उन्होंने काम करना जारी रखा। इस दुर्लभ रोगजनित शारीरिक समस्याओं के बावजूद, उन्होंने 'ब्रह्मांड' के रहस्यों का पता लगाया, सैद्धांतिक भौतिकी के क्षेत्र में ऊँची उड़ान भरी, ब्लैक होल के रहस्यों को सुलझाया और ब्रह्मांड की हमारी समझ को नया आयाम दिया। इसके अलावा उन्होंने 'अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम' और 'द यूनिवर्स इन अ नटशेल' जैसी बेस्ट सेलर पुस्तकें भी लिखीं।

इन महान् व्यक्तित्वों की जीवनियों से इतना तो स्पष्ट हो जाता है कि विकट से विकट परिस्थिति भी इंसान के बुलंद हौंसलों के सामने नतमस्तक हो जाती है। बड़ी-से-बड़ी चुनौती भी व्यक्ति के दृढ़-संकल्प और कठिन परिश्रम के समक्ष नहीं टिक सकती। हॉकिंग ने एक बार कहा था, ''जिंदगी कितनी भी कठिन क्यों न लगे, आप हमेशा कुछ न कुछ कर सकते हैं और उसमें सफल हो सकते हैं। यह मायने रखता है कि आप हार न मानें।'' वह संकल्प ही क्या जो चुनौतियों के आगे घुटने टेक दे, वैसे भी संकल्प सरलता से प्राप्त होने वाले लक्ष्यों के लिए नहीं लिए जाते हैं, संकल्प दुष्कर कार्यों की पूर्णता हेतु लिए जाते हैं। दृढ़-संकल्प शक्ति के सामने न तो आपके संसाधनों का अभाव अवरोध बन पाता है और न ही आपकी क्षमताएँ। इस संदर्भ में 'The Monk Who Sold His Ferrari' के लेखक रोबिन शर्मा ने कहा है कि "I CAN is more important than your IQ"।

आशय यह है कि अपनी असफलताओं के लिए अपने भाग्य या परिस्थितियों को दोषी ठहराने से बेहतर यह है कि हम लक्ष्य प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों में हुई त्रुटियों का पता लगाएँ, अपने गुण-दोष का छिद्रान्वेषण करें, अपनी कमियों को दूर करें व अपनी शक्तियों को और सुदृढ़ करें। किसी ने सही ही कहा है 'People who study others are wise but those who study themselves are enlightened'। कई बार ऐसा भी देखने को मिलता है कि कुछ लोग अपनी असफलताओं को अपने से चिपका कर जीने लगते हैं, वे असफलता से उत्पन्न अवसाद से स्वयं को मुक्त ही नहीं कर पाते। ऐसे लोगों को यह समझना चाहिए कि भूतकाल में मिली असफलताओं में गोते लगाना या अवसादग्रस्त रहकर वे क्या हासिल कर सकते हैं? असफलताओं को गले लगाने से बेहतर यह होगा कि हम उनसे सबक लें और जीवन में आगे बढ़ जाएँ। पूर्व राष्ट्रपति मिसाइलमैन ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने अपनी पुस्तक 'माई जर्नी : ट्रांसफॉर्मिंग ड्रीम्स इंटु ऐक्शंस' में जिक्र किया है कि वह पायलट बनना चाहते थे, मगर वह अपने सपने के एकदम करीब पहुँच कर चूक गए थे। इंडियन एयरफोर्स में उस समय 8 सीटें खाली थीं और इंटरव्यू में कलाम का नम्बर 9वाँ आया था। क्या कलाम ने इस असफलता के बाद अपने कॅरियर का इतिश्री मान लिया था? वस्तुतः वह यहीं नहीं रुके, बल्कि भिन्न परिदृश्य में अनेक मुकाम हासिल कर भारत रत्न बन गए।

यहाँ रोबिन शर्मा के विचार उदाहरणीय है "We are all here for some special reason. Stop being a prisoner of your past. Become the architect of your future."।

**खोल दो पंख मेरे, अभी और उड़ान बाकी है......**
**जमीं नहीं है मंजिल मेरी ............अभी तो पूरा आसमान बाकी है।**

## आगामी प्रतियोगी परीक्षाएँ (सम्भावित तिथियाँ)

### राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित आगामी परीक्षाओं का कलेंडर

- **9 सितम्बर, 2023** : सूचना सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **17 सितम्बर, 2023** : कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकर संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **24 सितम्बर, 2023** : संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ANM) सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **24 सितम्बर, 2023** : संविदा नर्स (GNM) सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **14 अक्टूबर, 2023** : संगणक सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **14 अक्टूबर, 2023** : पर्यवेक्षक (महिला आँगनवाड़ी कार्यकर्ता) भर्ती परीक्षा-2023
- **21 अक्टूबर, 2023** : सुपरवाइजर (महिला अधिकारिता) भर्ती परीक्षा-2023
- **21 अक्टूबर, 2023** : कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **दिसम्बर 2023** : उपकारापाल सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **दिसम्बर 2023** : छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-II सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **दिसम्बर 2023** : पर्यवेक्षक महिला सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **जनवरी 2024** : कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **जनवरी 2024** : प्लाटून कमाण्डर सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **फरवरी 2024** : छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-III सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **फरवरी 2024** : कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **फरवरी 2024** : पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **फरवरी 2024** : जिलेदार (सिंचाई) सीधी भर्ती परीक्षा-2023

# करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू
## वन लाइनर

- सेमीकंडक्टर पर 'सेमीकॉन इंडिया 2023' सम्मेलन का आयोजन 28-30 जुलाई, 2023 को कहाँ किया गया? **गांधीनगर, गुजरात**
- एशियाई विकास बैंक और भारत ने किस राज्य में शहरी सेवाओं के विस्तार के लिए 200 मिलियन डॉलर के ऋण-पत्र पर 28 जुलाई, 2023 को हस्ताक्षर किए हैं? **राजस्थान**
- कौनसा शहर 'वर्ल्ड सिटीज कल्चर फोरम' (डब्ल्यूसीसीएफ ) में एक सदस्य के रूप में शामिल होने वाला पहला भारतीय शहर बन गया है? **बेंगलुरू**
- नई दिल्ली के प्रगति मैदान में निर्मित 'अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केन्द्र' (आईईसीसी) परिसर का नाम क्या है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 जुलाई, 2023 को किया? **भारत मंडपम**
- मोहम्मद बजौम किस अफ्रीकी देश के राष्ट्रपति हैं, जिन्हें सैन्य तख्तापलट के बाद 26 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार कर लिया गया? **नाइजर**
- यूनेस्को द्वारा 26 जुलाई, 2023 को जारी ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग की किस शीर्षक वाली रिपोर्ट में स्कूलों में स्मार्टफोन के विश्वव्यापी उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया गया है? **Technology in education : A tool on whose terms**
- खजुराहो (मध्य प्रदेश) में 25 जुलाई, 2023 को आयोजित किस सम्मेलन में 'हेली सेवा-एप' लॉन्च किया गया? **(5वाँ) हेलीकॉप्टर और लघु विमान शिखर सम्मेलन**
- भारत और मंगोलिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'नोमेडिक एलीफेंट' के किस संस्करण का आयोजन 17-31 जुलाई, 2023 को उलानबटोर, मंगोलिया में किया गया? **15वाँ**
- सेना और पुलिस द्वारा जम्मू-कश्मीर में 17 जुलाई, 2023 को शुरू किए गए 'ऑपरेशन त्रिनेत्र-2' का उद्देश्य क्या था? **छिपे हुए आतंकवादियों का पता लगाना**
- दक्षिणी चीन के गुआंग्डोंग प्रांत और वियतनाम के तट पर 17 जुलाई, 2023 को दस्तक देने वाले उष्णकटिबंधीय चक्रवात को क्या नाम दिया गया है? **तालीम**
- किसने तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में 23 जुलाई, 2023 को शपथ ली है? **न्यायमूर्ति आलोक अराध**
- सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने किस प्रतियोगिता का पुरुष युगल खिताब 23 जुलाई, 2023 को पहली बार जीता है? **कोरिया ओपन**
- 'वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक-2023'(11 जुलाई, 2023 को जारी) के अनुसार विगत 15 वर्षों में भारत में कुल कितने लोग गरीबी से बाहर निकले हैं? **41.5 करोड़**
- अवैध तस्करी द्वारा अमेरिका ले जाए गए कितने भारतीय पुरावशेषों को, अमेरिका ने 18 जुलाई, 2023 को भारत को सौंप दिया है? **105 पुरावशेष**
- किस प्रसिद्ध कवि और लेखक को उनके साहित्यिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'पेन पिंटर पुरस्कार, 2023' से सम्मानित किया गया है? **माइकल रोसेन**
- कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2023 (12-17 जुलाई, 2023) में भारतीय सीनियर वेटलिफ्टिंग टीम ने 20 पदकों के साथ पदक तालिका में कौनसा स्थान प्राप्त किया है? **शीर्ष स्थान**
- देश के पहले सहकारी-संचालित सैनिक स्कूल का वर्चुअल शिलान्यास केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 4 जुलाई, 2023 को कहाँ किया गया? **बोरियावी गाँव, मेहसाणा (गुजरात)**
- इसरो द्वारा 14 जुलाई, 2023 को एलवीएम3-एम4 रॉकेट से प्रक्षेपित 'चंद्रयान -3' के साथ भेजे गए लैंडर व रोवर को क्या नाम दिया गया है (क्रमशः)? **विक्रम और प्रज्ञान**
- आईआईटी मद्रास में रसायन विज्ञान विभाग के किस प्रोफेसर को प्रतिष्ठित 'एनी अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा? **थलप्पिल प्रदीप**
- 'एआई फॉर गुड वैश्विक शिखर सम्मेलन' (AI for Good Global Summit ) 6-7 जुलाई, 2023 को कहाँ आयोजित किया गया? **जिनेवा, स्विट्जरलैण्ड**
- फ्रांस दौरे (13-14 जुलाई, 2023) पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फ्रांस के किस सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया गया है? **ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर**
- शिक्षा मंत्रालय द्वारा 9 जुलाई, 2023 को जारी 'पी.जी.आई. 2.0' रिपोर्ट में पंजाब और चंडीगढ़ किस ग्रेड में स्थान पाने में सफल रहे? **प्रचेष्टा-2 (स्कोर 641-700)**
- चीन की निजी कम्पनी 'लैंडस्पेस' द्वारा मीथेन से संचालित विश्व का पहला रॉकेट किस नाम से 12 जुलाई, 2023 को लॉन्च किया गया है? **जुक्यु-2 कैरियर रॉकेट**
- (136वें) विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट (3-16 जुलाई, 2023 को आयोजित) के पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः किसने जीते हैं? **कार्लोस अल्कारेज और मार्केटा वोंड्रुसोवा**
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी 'वाजपेयी : द एसेंट ऑफ द हिंदू राइट 1924-1977 ' के लेखक कौन हैं? **अभिषेक चौधरी**
- 'हरित हाइड्रोजन पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन-2023' का आयोजन 5-7 जुलाई, 2023 को कहाँ किया गया? **नई दिल्ली**
- बेंगलुरू में 21 जून-4 जुलाई, 2023 को सम्पन्न '14वें सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप' का खिताब भारत ने कौनसी बार जीता है? **9वीं बार**
- किस भारतीय युवा शटलर ने चीनी शटलर ली शी फेंग को हराकर 'कनाडा ओपन-2023' के पुरुष एकल का खिताब 9 जुलाई, 2023 को जीता है? **लक्ष्य सेन**
- 'फोर्ब्स' द्वारा वर्ष 2023 के लिए जारी अमेरिका की 100 सबसे सफल महिलाओं की सूची में भारतीय मूल की किन चार महिलाओं को स्थान दिया गया है? **जयश्री उल्लाल, इंदिरा नूई, नेहा नरखेड़े और नीरजा सेठी**



# अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

- भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस-यूएई यात्रा
- श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की भारत यात्रा
- अमेरिका ने भारत को सौंपे 105 प्राचीन कलाकृतियाँ
- सऊदी अरब बना आसियान मैत्री और सहयोग की संधि पर हस्ताक्षर करने वाला 51वाँ देश
- अमेरिका की सबसे अमीर सेल्फ-मेड महिलाओं की सूची में चार भारतीय शामिल
- न्यूजीलैण्ड और यूरोपीय संघ के मध्य हुआ मुक्त व्यापार समझौता
- अमेरिका ने भारत को सौंपे 105 प्राचीन कलाकृतियाँ
- ग्लोबल फायर पॉवर इंडेक्स 2023
- बच्चों पर सशस्त्र संघर्ष के प्रभाव पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट से भारत का नाम पृथक

## भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस-यूएई यात्रा

- भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीन दिवसीय विदेश दौरे में 13-15 जुलाई, 2023 को फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा की।



- इस विदेशी प्रवास की शुरुआत उनके फ्रांस दौरे (13-14 जुलाई, 2023) के साथ हुई जहाँ वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (Emmanuel Macron) के निमंत्रण पर गए थे।
- **बैस्टिल डे परेड :** इस यात्रा प्रवास का मुख्य उद्देश्य पेरिस में 14 जुलाई, 2023 को चैंप्स-एलिसीस (Champs-Élysées) पर आयोजित '**बैस्टिल डे परेड**' (Bastille Day Parade) में सम्मिलित होना था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी मुख्य अतिथि थे।
  - ✓ *एक सैन्य बैंड के नेतृत्व में सेना के तीनों अंगों की 241 सदस्यीय भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने भी इस परेड में भाग लिया।*
  - ✓ *भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व पंजाब रेजिमेंट ने राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट के साथ किया।*
  - ✓ *हाशिमारा के 101 स्क्वाड्रन से भारतीय वायु सेना के राफेल जेट इस परेड के दौरान फ्लाई पास्ट का हिस्सा बने।*

**नोट**- 14 जुलाई को फ्रांसीसी क्रांति के दौरान 14 जुलाई, 1789 को बैस्टिल जेल पर हुए हमले की वर्षगाँठ मनाई जाती है।

- **राजनयिकों से मुलाकात** : भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगाँठ के अवसर पर सम्पन्न इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों से औपचारिक वार्तालाप के साथ ही फ्रांस की प्रधानमंत्री महामहिम एलिजाबेथ बोर्न (Elisabeth Borne) और फ्रांस की सीनेट के अध्यक्ष महामहिम जेरार्ड लार्शर (Gerard Larcher) से भी मुलाकात की।
  - ✓ *इनके अलावा उन्होंने फ्रेंच लक्जरी फैशन हाउस, 'शनैल' की ग्लोबल सीईओ लीना नायर और प्रसिद्ध फ्रांसीसी योग शिक्षिका चार्लोट चोपिन से भी मुलाकात की।*

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दी गई भेंट–**

- प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को एक चंदन सितार प्रतिकृति उपहार में दी।
- राष्ट्रपति की पत्नी ब्रिगिट मैक्रों को- सैंडलवुड बॉक्स में पोचमपल्ली सिल्क इकत कपड़े।
- फ्रांस के प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न को मार्बल इनले वर्क की कला को प्रदर्शित करती संगमरमर की मेज।

- **पुरस्कार से सम्मानित** : इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फ्रांस के राष्ट्रपति महामहिम इमैनुएल मैक्रों द्वारा फ्रांस के सर्वोच्च पुरस्कार **'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' (Grand Cross of the Legion of Honour)** से सम्मानित किया गया।

**नोट** : यह प्रधानमंत्री मोदी को प्रदान किया गया 14वाँ सर्वोच्च राजकीय सम्मान है। इससे पूर्व उन्हें मिस्र के सर्वोच्च सम्मान 'आर्डर ऑफ द नाइल' (Order of the Nile) से 25 जून, 2023 को सम्मानित किया गया था।

- **समझौते** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस यात्रा प्रवास के दौरान भारत और फ्रांस ने विविध क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें से कुछ प्रमुख हस्ताक्षरित विषय निम्नवत् हैं-
  - ✓ *स्कॉर्पीन पनडुब्बी निर्माण कार्यक्रम, पेरिस स्थित दूतावास में डीआरडीओ का एक तकनीकी कार्यालय स्थापित करना, इंडियन ऑयल और फ्रांस की टोटल कम्पनी के बीच एलएनजी के आयात को लेकर दीर्घकालिक समझौता, संयुक्त पृथ्वी अवलोकन उपग्रह '**तृष्णा**' के लिए समझौते (पृथ्वी और महासागरों के तापमान पर नजर रखने और जलवायु परिवर्तन का अध्ययन करने हेतु), 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' एवं 'एरियनस्पेस' के मध्य वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं पर सहयोग।*

Mother's Education Hub®

Your Success Chance is maximum if you are @ Mother's

0141- 2711689

www.motherseudcationhub.org

अब चौंमू में भी

क्या आप 2023-24 में सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं ?

तो सलेक्शन के लिए अभी से करें दमदार तैयारी

SSC

(Pre+Mains)

FOUNDATION BATCH

• नियमित कक्षायें • नियमित टेस्ट सीरिज

Courses Covered : SSC CGL (P+M), CPO(P-I & P-II), CHSL (P+M), Stenographer, MTS, SSC GD, Delhi Police, CDS, Railway & Others State Exams

Combined Graduate Level Examination, 2023
- Advt Date : 01/Apr/2023 (Saturday)
- Exam Date : Jun-Jul, 2023

Tentative

CHSL (10+2) Level Examination, 2023
- Advt Date : 09/May/2023 (Tuesday)
- Exam Date : Jul-Aug, 2023

Best Faculty • Books & Print Notes • Quiz & Offline/Online Test • Problem Solving Section

PO/CLERK BANK
SBI I IBPS I RRB
PRE + MAINS

RAILWAY
FOUNDATION BATCH
New Batch Starts from

SSC GD/दिल्ली पुलिस
कांस्टेबल

DEFENCE FOUNDATION BATCH STARTS EVERY MONDAY
More Information 7300051116

NDA | CDS
NAVY | AIRFORCE (X & Y GROUP)
+ SSB INTERVIEW
Mock Interview + Psychological + GD

राजस्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ अब

T&C Apply


Mother's Education Hub®

Head Office : 201, Himmat Nagar, Gopalpura Mode, Tonk Road, Jaipur
0141-2711689 | 7073909991 | www.motherseducationhub.org
Lalkothi: 9414748428 | Jhotwara : 7073909992 | Ambabari: 7073909996
Chomu : 9116151416 | Alwar (I) : 7073909994, Alwar (II) : 7300051114

**अन्य महत्पूर्ण बिन्दू**

- दोनों देशों के नेताओं ने 'भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगाँठ पर फ्रांसीसी-भारतीय सम्बन्धों की एक सदी की दिशा में क्षितिज 2047 रोडमैप' (हॉरिजन-2047) को अपनाया।
- भारत ने फ्रांस के दक्षिणी शहर मार्सिले में वाणिज्य दूतावास खोलने की भी घोषणा की है।
- भारत के यूपीआई (unified payments interface) को फ्रांस में लॉन्च किया जाएगा।
- रक्षा मंत्रालय ने राफेल जेट के 26 नौसैनिक स्वरूप खरीदने और तीन फ्रांसीसी-डिजाइन वाली स्कॉर्पीन की पनडुब्बियों की खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी है।


### यूएई प्रवास



- फ्रांस की सफल यात्रा के पश्चात् भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, संयुक्त अरब अमीरात प्रवास पर 15 जुलाई, 2023 को अबू धाबी पहुँचे।
  - ✓ *वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी की यह पाँचवीं यूएई यात्रा थी। इससे पहले वह अगस्त 2015, फरवरी 2018, अगस्त 2019 और जून 2022 में यूएई का दौरा कर चुके हैं।*
- यहाँ उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान (Sheikh Mohammed bin Zayed Al Nahyan) के साथ बातचीत की।
- इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 'सीओपी-28' (CoP-28) के मनोनीत अध्यक्ष और अबू धाबी नेशनल ऑयल कम्पनी के ग्रुप सीईओ डॉ. सुल्तान अल जाबेर से भी मुलाकात की।
- इस वार्तालाप के बाद दोनों नेताओं ने 'जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी)' और पेरिस समझौते के तहत् मूलभूत सिद्धांतों तथा दायित्व का सम्मान करते हुए वैश्विक सामूहिक कार्रवाई के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती का समाधान करने की तत्काल आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।
  - ✓ *यूएई वर्ष 2023 में होने वाले यूएनएफसीसीसी कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज के 28वें सत्र 'कॉप-28' (CoP-28) का मेजबान देश है।*
- **समझौते** : दोनों देशों के नेताओं के मध्य वार्ता के बाद दोनों देशों के केन्द्रीय बैंकों के गवर्नरों द्वारा सीमा पार लेन-देन के लिए स्थानीय मुद्राओं (आईएनआर-एईडी) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक फ्रेमवर्क की स्थापना हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। अन्य दो प्रमुख समझौते निम्नवत हैं-
  - ✓ *दोनों देशों के केन्द्रीय बैंकों के गवर्नरों द्वारा भुगतान एवं संदेश प्रणाली को आपस में जोड़ने से सम्बन्धित एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।*
  - ✓ *अबू धाबी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-दिल्ली की स्थापना की योजना से सम्बन्धित एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।*

## श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की भारत यात्रा

- श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे (Ranil Wickremesinghe) भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर 21 जुलाई, 2023 को भारत आए।



- लगभग एक वर्ष पूर्व राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद यह राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की पहली भारत यात्रा थी।
- इस यात्रा के दौरान उन्होंने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।
- प्रधानमंत्री मोदी से वार्ता में 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के तहत् दोनों नेताओं ने दस्तावेजों की एक शृंखला (विजन डॉक्यूमेंट) को अन्तिम रूप दिया, जो आर्थिक सहयोग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर करने वाले महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं।
  - ✓ *श्रीलंका भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी' और विजन सागर में एक महत्वपूर्ण भागीदार है।*
- **समझौते**- श्रीलंकाई राष्ट्रपति की इस यात्रा के दौरान भारत और श्रीलंका ने आर्थिक सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पाँच समझौते किए।
  - ✓ *इन समझौतों में नवीकरणीय ऊर्जा पर एक समझौता ज्ञापन, श्रीलंका के त्रिंकोमाली जिले में आर्थिक विकास परियोजनाओं पर सहयोग तथा श्रीलंका में यू.पी.आई. के जरिए लेन-देन के लिए एन.आई.पी.एल. और लंका पे के बीच समझौता शामिल हैं।*

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

- भारतीय प्रधानमंत्री ने श्रीलंका के भारतीय मूल के तमिल नागरिकों के लिए ₹ 75 करोड़ की लागत से विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन की घोषणा की।
- इसके साथ ही भारत द्वारा श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्र में भी विकास कार्यक्रमों में योगदान देने की घोषणा की गई।
- भारत और श्रीलंका इस वर्ष (2023) राजनयिक सम्बन्धों की स्थापना की 75वीं वर्षगाँठ मना रहे हैं।


Mc Graw Hill
राजस्थान प्रशासनिक एवं अधीनस्थ सेवाओं के लिए उपयोगी पुस्तकें
₹ 765/-
भारतीय अर्थव्यवस्था
ISBN: 9789355324733
₹ 999(T)/-
भारत की राजव्यवस्था
एम. लक्ष्मीकांत
ISBN: 9789355325334
₹ 795/-
भारतीय कला एवं संस्कृति
ISBN: 9789354601842
₹ 640/-
माजिद हुसैन
भारत एवं विश्व का भूगोल
ISBN: 9789355322418
₹ 610/-
आधुनिक भारत का इतिहास
ISBN: 9789355320797
₹ 590/-
प्राचीन और मध्यकालीन भारत
ISBN: 9789390219001
₹ 810/-
भारत का इतिहास
ISBN: 9789353162450
₹ 745/-
भारतीय अर्थव्यवस्था
ISBN: 9789355324368
₹ 675/-
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
ISBN: 9789355322722
₹ 570/-
अन्तर्राष्ट्रीय संबंध
ISBN: 9789355321800
₹ 310/-
21वीं शताब्दी में अंतर्राष्ट्रीय संबंध
ISBN: 9789355323750
SCAN QR CODE TO BUY
सभी पुस्तकें अंग्रेजी माध्यम में भी नजदीकी बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं।
Toll Free Number: 18001035875 | support.india@mheducation.com | www.mheducation.co.in

**Salient Point...**

- भारत और श्रीलंका के बीच तमिलों का मुद्दा अहम है। वस्तुतः श्रीलंका में सिंहला बौद्ध बहुसंख्यक हैं वहीं तमिल अल्पसंख्यक हैं।
- दोनों समुदायों के मध्य लम्बे समय से संघर्ष है। इसे कम करने के लिए वर्ष 1987 में श्रीलंका के संविधान में 13वाँ संशोधन किया गया था इसमें अल्पसंख्यक समुदाय (तमिलों) को सत्ता में भूमिका दी जानी थी, लेकिन ऐसा पूरी तरह से अब तक नहीं हो पाया है।
- इस 13वें संशोधन का कार्यान्वयन और प्रांतीय परिषद् के चुनाव कराने की श्रीलंका की प्रतिबद्धता को पूर्ण करने का आग्रह प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने प्रेस वक्तव्य में किया है।

## अमेरिका ने भारत को सौंपीं 105 प्राचीन कलाकृतियाँ

- भारत के 105 पुरावशेषों को अवैध तस्करी से अमेरिका ले जाया गया था जिन्हें अमेरिका ने भारत को सौंप दिया है।
- अमेरिका की ओर से सौंपे गए 105 तस्करी वाले पुरावशेषों के लिए एक प्रत्यावर्तन समारोह 18 जुलाई, 2023 को न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आयोजित किया गया।
- 105 कलाकृतियाँ भारत में उनकी उत्पत्ति के संदर्भ में व्यापक भौगोलिक विस्तार का प्रतिनिधित्व करती हैं।
- इनमें से लगभग 50 कलाकृतियाँ धार्मिक विषयों (हिंदू धर्म, जैन धर्म और इस्लाम) से सम्बन्धित हैं और बाकी सांस्कृतिक महत्व की हैं।
- इन कलाकृतियों में 47 मूल रूप से पूर्वी भारत से, 27 दक्षिण भारत से, 22 मध्य भारत से, 6 उत्तर भारत से और 3 पश्चिमी भारत से हैं।
- पुरावशेषों की ऐतिहासिकता दूसरी और तीसरी शताब्दी से लेकर 18वीं-19वीं शताब्दी तक की है। कलाकृतियों में टेराकोटा, पत्थर, धातु और लकड़ी से बनी वस्तुएँ शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान, भारत और अमेरिका एक सांस्कृतिक संपत्ति समझौते पर काम करने पर सहमत हुए हैं, जो सांस्कृतिक कलाकृतियों की अवैध तस्करी को रोकने में मदद करेगा।

**Know The Facts** : पहली बार 2016 में अमेरिका की ओर से 16 प्राचीन वस्तुएँ लौटाई गईं थीं। इसके बाद 2021 में 157 प्राचीन वस्तुएँ वापस की गईं। इन 105 पुरावशेषों के साथ, अमेरिकी पक्ष ने 2016 से भारत को कुल 278 सांस्कृतिक कलाकृतियाँ सौंपी हैं।

## अमेरिका की सबसे अमीर सेल्फ-मेड महिलाओं की सूची में चार भारतीय शामिल

☆ **रिपोर्ट का शीर्षक** : अमेरिका की सर्वाधिक अमीर स्वनिर्मित महिलाएँ (2023 America's Richest Self-Made Women)

☆ **जारीकर्ता** : फोर्ब्स (Forbes)

- प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा वर्ष 2023 के लिए अमेरिका की 100 सबसे सफल महिलाओं की सूची जारी की गई है।
- इस प्रतिष्ठित सूची में चार भारतीय मूल की महिलाओं– जयश्री उल्लाल (कम्प्यूटर नेटवर्किंग फर्म अरिस्टा नेटवर्क्स की अध्यक्ष एवं सीईओ), इंदिरा नूई (पेप्सिको की पूर्व चेयरमैन एवं सीईओ), नेहा नरखेड़े (क्लाउड कम्पनी कॉन्फ्लूएंट की को-फाउंडर एवं पूर्व चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर) और नीरजा सेठी (आईटी परामर्श और आउटसोर्सिंग फर्म सिंटेल की को-फाउंडर) ने जगह बनाई है।
- इन चारों महिलाओं की सम्पत्ति सामूहिक रूप से 4.06 अरब डॉलर है।

**भारतीय मूल की महिलाओं का सूची में स्थान**

| नाम | रैंक | कुल सम्पत्ति | व्यवसाय |
|---|---|---|---|
| जयश्री उल्लाल | 15 | 2.2 बिलियन डॉलर | कम्प्यूटर नेटवर्किंग |
| नीरजा सेठी | 25 | 990 मिलियन डॉलर | आईटी कंस्लटिंग, आउटसोर्सिंग |
| नेहा नरखेड़े | 50 | 520 मिलियन डॉलर | सॉफ्टवेयर |
| इंदिरा नूई | 77 | 350 मिलियन डॉलर | पेप्सिको |

- **सूची में शीर्षस्थ स्थान प्राप्त 5 महिलाएँ–**
  1. *डायने हेंड्रिक्स (15 बिलियन),*
  2. *जूडी लव व परिवार (10.2 बिलियन)*
  3. *जूडी फॉकनर (7.4 बिलियन)*
  4. *लिंडा रेसनिक (5.3 बिलियन) तथा*
  5. *थाई ली (4.8 बिलियन)*

## सऊदी अरब बना आसियान मैत्री और सहयोग की संधि पर हस्ताक्षर करने वाला 51वाँ देश

- इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में 56वीं आसियान विदेश मंत्रियों की बैठक (ASEAN Foreign Ministers' Meeting -AMM) के अवसर पर, सऊदी अरब ने 'मैत्री और सहयोग की संधि' (Treaty of Amity and Co-operation–TAC) पर 12 जुलाई, 2023 को हस्ताक्षर किए।
- इसके साथ ही सऊदी अरब आधिकारिक तौर पर मैत्री और सहयोग की संधि (टीएसी) में शामिल होने वाला 51वाँ देश बन गया है।

**टीएसी के बारे में**

- दक्षिण-पूर्व एशिया के राज्यों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और मैत्रीपूर्ण सहयोग के सार्वभौमिक सिद्धांतों का प्रतीक 'मित्रता और सहयोग की संधि' (टीएसी) वर्ष 1976 में स्थापित की गई थी।
- यह क्षेत्र और उसके बाहर अंतर-राज्य सम्बन्धों के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी कोड है।

- इस संधि में क्रमशः वर्ष 1987, 1998 और 2010 में तीन बार संशोधन किया गया है।
- उक्त संशोधनों का उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया के बाहर के राज्यों के साथ-साथ संप्रभु राज्य वाले सदस्यों के क्षेत्रीय संगठनों को भी इसमें शामिल होने की अनुमति देना था।

**Salient Point...**

- सऊदी अरब से पहले यूक्रेन वर्ष 2022 में आसियान के 'टीएसी' में शामिल होने वाला अंतिम देश था।
- पापुआ न्यू गिनी टीएसी में शामिल होने वाला आसियान के बाहर पहला देश था। वह इसमें वर्ष 1989 में शामिल हुआ था।

## न्यूजीलैण्ड और यूरोपीय संघ के मध्य हुआ मुक्त व्यापार समझौता

- यूरोपीय संघ और न्यूजीलैण्ड के मध्य बहुप्रतीक्षित 'मुक्त व्यापार समझौता' (Free Trade Agreement–FTA) सम्पन्न हो गया है।
- न्यूजीलैण्ड-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर न्यूजीलैण्ड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस और यूरोपीय आयोग की अध्यक्षा उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने ब्रुसेल्स में औपचारिक रूप से 9 जुलाई, 2023 को हस्ताक्षर किए।
  - ✓ *इस समझौते को अब सहमति के लिए यूरोपीय संसद को भेजा गया है।*
  - ✓ *इस समझौते के वर्ष 2024 की पहली छमाही में लागू होने की आशा है।*
- इस समझौते से वर्ष 2035 तक न्यूजीलैण्ड का यूरोपीय संघ को निर्यात 1.8 अरब न्यूजीलैण्ड डॉलर प्रति वर्ष पहुँच जाने की आशा है। इसके अतिरिक्त न्यूजीलैण्ड में यूरोपीय संघ का निवेश 80% तक बढ़ने की उम्मीद है।

## ग्लोबल फायर पॉवर इंडेक्स 2023

- दुनियाभर की सैन्य शक्तियों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'ग्लोबल फायर पॉवर' द्वारा विश्व के 145 देशों की सैन्यशक्ति के आंकलन के आधार पर वर्ष 2023 की रैंकिंग जुलाई 2023 में जारी की गई है।
- 'ग्लोबल फायरपॉवर' की इस सूची में वर्तमान मारक क्षमता को मापने वाले 60 कारकों के आधार पर 145 देशों को रेटिंग दी गई है।
- इस सूची में अमेरिका को शीर्ष स्थान दिया गया है, उसके बाद रूस (द्वितीय) को स्थान दिया गया है।
- वर्ष 2023 के लिए, वार्षिक जीएफपी समीक्षा के लिए विचार किए गए 145 देशों में से भारत चौथे स्थान पर है । भारत का सूचकांक में 0.1025 स्कोर दिया गया है (0.0000 का स्कोर परफेक्ट माना जाता है)।

**सूची में शामिल शीर्षस्थ 10 राष्ट्र**

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमेरिका | 0.0712 | 6 | दक्षिण कोरिया | 0.1505 |
| 2 | रूस | 0.0714 | 7 | पाकिस्तान | 0.1694 |
| 3 | चीन | 0.0722 | 8 | जापान | 0.1711 |
| 4 | भारत | 0.1025 | 9 | फ्रांस | 0.1848 |
| 5 | ब्रिटेन | 0.1435 | 10 | इटली | 0.1973 |

## बच्चों पर सशस्त्र संघर्ष के प्रभाव पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट से भारत का नाम पृथक

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बच्चों पर सशस्त्र संघर्ष के प्रभाव पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट (UN's annual report on the impact of armed conflict on children) से भारत को 'उनकी बेहतर सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा उठाए गए उपायों' का हवाला देते हुए हटा दिया है।
- गुटेरेस ने अपनी रिपोर्ट में कहा, भारत ने विशेष प्रतिनिधि के सुझाव पर कई कदम उठाए हैं। इनमें बच्चों की सुरक्षा के लिए सुरक्षाबलों को ट्रेनिंग देना, बच्चों पर बल का प्रयोग न करना, पैलेट गन के इस्तेमाल पर रोक और बच्चों को हिरासत में न लेना या अगर लिया जाए तो कम समय तक हिरासत में रखा जाए, जैसे कदम शामिल हैं।

**Salient Point...**

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव की 'हथियारबंद संघर्ष का बच्चों पर प्रभाव' रिपोर्ट में 2010 से भारत का नाम शामिल किया जा रहा है।
- यूएन की इस रिपोर्ट में सशस्त्र समूहों में लड़कों की भर्ती और उनके इस्तेमाल के लिए बुर्किना फासो, कैमरून, लेक चाड बेसिन, नाइजीरिया, पाकिस्तान और फिलीपींस का नाम भी शामिल था।

# International News InShort

### मीकांग गंगा सहयोग व्यापार परिषद्

- भारत और थाईलैण्ड ने आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए 'मीकांग-गंगा सहयोग कारोबार परिषद्' की स्थापना करने का निर्णय किया है।
- उक्त परिषद् की स्थापना का निर्णय '12वीं मीकांग-गंगा सहयोग बैठक' में 16 जुलाई, 2023 को लिया गया।
- इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और थाईलैण्ड के बैंकॉक में लाओ पीडीआर के विदेश मंत्री सालेमक्से कोमासित ने की।
- इस बैठक के दौरान भारतीय विदेश मंत्री ने भारत-म्यांमार-थाईलैण्ड त्रि-स्तरीय राजमार्ग के निर्माण को प्राथमिकता दी।

**Know The Facts :** इस राजमार्ग की कुल दूरी लगभग 1,360 किमी. (845 मील) है, जो भारत के मणिपुर में मोरेह से शुरू होती है और म्यांमार से होकर थाईलैण्ड के माई सॉट पर समाप्त होती है। इसे पहली बार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रस्तावित किया गया था। इस राजमार्ग का निर्माण कार्य वर्ष 2012 में शुरू हुआ और इसे कई चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है।

***Salient Point...***

- मीकांग-गंगा सहयोग की स्थापना नवम्बर 2000 में की गई थी।
- इसमें 6 सदस्य देश- भारत, थाईलैण्ड, म्यांमार, कम्बोडिया, लाओस और वियतनाम शामिल हैं।

## ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केन्द्र

- ताइवान ने भारत के साथ आर्थिक सम्बन्धों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम के तहत् मुम्बई में नया प्रतिनिधि कार्यालय 'आर्थिक और सांस्कृतिक केन्द्र' (Taipei Economic and Cultural Center-TECC) खोलने की घोषणा 5 जुलाई, 2023 को की।
  - ✓ *ताइवान का यह भारत में तीसरा प्रतिनिधि कार्यालय होगा। नई दिल्ली और चेन्नई में ताइवानी राजनयिक कार्यालय पहले से ही ऑपरेशनल हैं।*
  - ✓ **'टीईसीसी' की स्थापना** *पहली बार वर्ष 1995 में नई दिल्ली में की गई थी। इसके बाद वर्ष 2012 में चेन्नई में एक और* **'टीईसीसी'** *खोला गया था।*
- भारत की वित्तीय राजधानी में 'टीईसीसी' स्थापित करने का ताइवान का निर्णय ऐसे समय में आया है जब प्रमुख ताइवानी कम्पनियाँ अपनी उत्पादन इकाइयाँ चीन से भारत, अमेरिका, यूरोप और उत्तरी अमेरिका के देशों में स्थानांतरित करने पर विचार कर रही हैं।

***Salient Point...***

- ताइवान को एक देश के रूप में मान्यता नहीं है, अतः इनके राजनयिक कार्यालयों को 'आर्थिक और सांस्कृतिक केन्द्र' के तौर पर जाना जाता है, हालांकि, यहाँ सभी काम एक दूतावास के जैसे ही होते हैं।

# करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू
# वन लाइनर

- यूरोपीय संघ ने अफगानिस्तान के छह प्रांतों में खाद्य असुरक्षा और आर्थिक संकट से निपटने और असिंचित भूमि में सिंचाई बहाल करने के लिए कितनी राशि की मानवीय सहायता की घोषणा जुलाई 2023 में की है? **76 लाख यूरो**
- भारत ने किस दूसरे क्वाड देश के साथ (अमेरिका के बाद) सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर 20 जुलाई, 2023 को हस्ताक्षर किए हैं? **जापान**
- पाकिस्तान के प्रमुख सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगी पाँच वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने से कुछ दिन पहले ही किस दिन नेशनल असेम्बली को भंग करने पर सहमत हो गए हैं? **8 अगस्त, 2023**
- काला सागर बंदरगाहों से यूक्रेनी अनाज और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात की अनुमति देने सम्बन्धी संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और तुर्किए की मध्यस्थता में जुलाई 2022 में इस्तांबुल में किए गए किस समझौते को रूस ने जुलाई 2023 में निरस्त कर दिया है? **काला सागर अनाज पहल**
- बोला टिनुबू किस देश के राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने खाद्य पदार्थों की कमी और बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए देश में आपातकाल की घोषणा कर दी है? **नाइजीरिया**
- कौनसा देश सुपरमार्केट में प्लास्टिक उत्पाद बैग पर प्रतिबंध (1 जुलाई, 2023 को लागू) लगाने वाला पहला देश बन गया है? **न्यूजीलैण्ड**
- किस देश की संसद ने मैकमोहन लाइन को अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के रूप में मान्यता प्रदान करते हुए अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए एक प्रस्ताव जुलाई 2023 में पारित किया है? **अमेरिका**
- फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स-स्टाइल रीजनल बॉडी (FSRB) की एशिया/पैसिफिक ग्रुप ऑन मनी लॉन्ड्रिंग (APG) में पर्यवेक्षक का दर्जा पाने वाला पहला अरब देश कौन बन गया है? **यूएई**
- दक्षिण अमेरिकी देश पेरू ने तेजी से फैल रहे किस रोग के कारण 9 जुलाई, 2023 से पूरे देश में 90 दिनों के लिए 'हैल्थ इमरजेंसी' लागू कर दी है? **Guillain-Barre Syndrome (जीबीएस)**
- चार गठबंधन पार्टियों के बीच आव्रजन नीति पर एक समझौता वार्ता में सहमति नहीं बनने के बाद किस यूरोपीय देश की मार्क रूट के नेतृत्व वाली सरकार का पतन जुलाई 2023 में हो गया? **नीदरलैण्ड्स**
- उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन 'नाटो' के विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत् इस संगठन का नया सदस्य (32वाँ) किस देश को बनाया जाएगा? **स्वीडन**
- भारत ने किस देश के साथ रक्षा सहयोग को बढ़ावा देते हुए मिसाइल से लैस अपने युद्धपोत 'आईएनएस कृपाण' को 22 जुलाई 2023 को उसे उपहारस्वरुप दिया? **वियतनाम**
- इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) स्पीशीज़ सर्वाइवल कमीशन और भारतीय वन्यजीव ट्रस्ट ने दक्षिण एशिया में प्रजाति अस्तित्व के लिए पहला क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की है। यह दुनिया में स्पीशीज सर्वाइकल का कौनसा केन्द्र होगा? **10वाँ**



# राष्ट्रीय परिदृश्य

- राज्यसभा अध्यक्ष द्वारा उपाध्यक्ष के पैनल में 4 महिला सांसद नामित
- जेजेएम डिजिटल अकादमी की स्थापना हेतु समझौता
- पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों में टीएमसी का वर्चस्व
- भारत ग्लोबल क्राइसिस रिस्पॉन्स ग्रुप के चैम्पियंस ग्रुप में हुआ शामिल
- डीजीएनएसएस 'सागर संपर्क' का उद्घाटन
- लम्बाणी वस्तुओं के सबसे बड़े प्रदर्शन के लिए बना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड
- देश के पहले सहकारी संचालित सैनिक स्कूल का शिलान्यास
- वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए पीजीआई-डी पर संयुक्त रिपोर्ट जारी
- भारत में 15 वर्षों में 41.5 करोड़ लोग निकले गरीबी से बाहर : संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट

## राज्यसभा अध्यक्ष द्वारा उपाध्यक्ष के पैनल में 4 महिला सांसद नामित

- राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद के उच्च सदन के पैनल का पुनर्गठन 20 जुलाई, 2023 को किया है, जिसमें आधी महिलाएँ शामिल हैं।
- राज्यसभा के सभापति ने चार महिला सांसदों को उपाध्यक्ष के पैनल में नामांकित किया, जिससे राज्यसभा के इतिहास में पहली बार महिलाओं को पैनल में समान प्रतिनिधित्व मिला है।
  - ✓ *विशेष बात यह है कि पैनल में शामिल सभी महिलाएँ पहली बार राज्यसभा की सांसद बनी हैं।*
- राज्यसभा में उपाध्यक्ष के पैनल में शामिल महिलाओं में एस. फांगनोन, पीटी ऊषा, फौजिया खान और सुलता देव शामिल हैं।
- उपर्युक्त महिला सदस्यों के अलावा वी. विजयसाई रेड्डी, घनश्याम तिवारी, डॉ. एल. हनुमंथैया और सुखेंदु शेखर रे को भी उपाध्यक्षों के पैनल में शामिल किया गया है।
- श्रीमती एस. फांगनोन कोन्याक नगालैण्ड से राज्यसभा सदस्य के रूप में चुनी जाने वाली पहली महिला हैं।
- प्रसिद्ध एथलीट पी.टी. ऊषा पद्मश्री से सम्मानित हैं, वहीं डॉ. फौजिया खान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से तथा सुलता देव बीजू जनता दल से राज्यसभा सांसद हैं।
- **एक अन्य उल्लेखनीय विकास में राज्यसभा अध्यक्ष का पद पूरी तरह से डिजिटल हो गया है।**

### नामित महिला सांसदों के बारे में

- **पीटी ऊषा (मनोनीत)** : वह पद्मश्री पुरस्कार विजेता और प्रसिद्ध एथलीट हैं। उन्हें जुलाई 2022 में राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था।
- **एस. फांगनोन कोन्याक (भारतीय जनता पार्टी)** : वह अप्रैल 2022 में नगालैण्ड से राज्यसभा सदस्य के रूप में चुनी गई पहली महिला हैं और संसद या राज्य विधानसभा के किसी भी सदन के लिए चुनी गई राज्य की दूसरी महिला हैं।
- **डॉ. फौजिया खान (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी)** : वह अप्रैल 2020 में राज्यसभा के लिए चुनी गईं।
- **सुलता देव (बीजू जनता दल)** : वह जुलाई 2022 में राज्यसभा के लिए चुनी गईं।

### राज्यसभा के उपाध्यक्ष का पैनल

- संविधान का अनुच्छेद 118(1) संसद के प्रत्येक सदन को अपनी प्रक्रिया और अपने कार्य संचालन को विनियमित करने के लिए नियम बनाने का अधिकार देता है।
- राज्यसभा के नियमों के तहत् सभापति सदस्यों में से उपसभापति का एक पैनल नामित करता है जो तब तक पद पर रहता है जब तक कि उपसभापति का एक नया पैनल नामित नहीं हो जाता।
- सभापति या उपसभापति की अनुपस्थिति में इनमें से कोई भी सदन की अध्यक्षता कर सकता है।
- राज्यसभा की अध्यक्षता करते समय उपसभापति के पास अध्यक्ष के समान शक्तियाँ होती हैं।

### संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की स्थिति

- वर्तमान (जुलाई 2023) में संसद में कुल महिला सदस्यों की संख्या 115 है। जिसमें लोकसभा में 82 और राज्यसभा में 33 महिला सांसद हैं।

## जेजेएम डिजिटल अकादमी की स्थापना हेतु समझौता

- जल-जीवन मिशन (जेजेएम) डिजिटल अकादमी की स्थापना के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और ईसीएचओ इंडिया के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया है।
  - ✓ *ईसीएचओ इंडिया, एक गैर-लाभकारी संगठन है जिसने जेजेएम डिजिटल अकादमी की स्थापना में विभाग की सहायता की है।*
- यह एमओयू रूरल वॉश पार्टनर्स फोरम (Rural WASH Partners' Forum–RWPF) पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन

में 21-22 जुलाई, 2023 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर किया गया।

✓ *इसके साथ ही जेजेएम डिजिटल अकादमी के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारम्भ भी किया गया।*

- **लक्ष्य/उद्देश्य** : अकादमी के माध्यम से, विभाग का लक्ष्य विभिन्न प्रशासकों, इंजीनियरों, पंचायत पदाधिकारियों, तकनीशियनों, स्वच्छता कार्यकर्ताओं और पैदल सैनिकों जैसे जल आपूर्ति कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न हितधारकों की क्षमता का निर्माण करना है।

✓ *अकादमी इन्हें मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने में अपना प्रभावी योगदान देने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सुसज्जित करेगी।*

## पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों में टीएमसी का वर्चस्व

- देश के पूर्वी राज्य पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव हाल ही में सम्पन्न हुए। इसके लिए 9 जुलाई, 2023 को मतदान हुआ जबकि, मतगणना 11 जुलाई, 2023 को की गई।
- इन चुनावों में सत्तारूढ़ पार्टी 'तृणमूल कांग्रेस' (टीएमसी) ने एकतरफा जीत हासिल की।
- बंगाल में कुल 63,229 ग्राम पंचायत सीटें हैं, इनमें से टीएमसी ने 35.5 हजार से अधिक सीटों पर जीत हासिल की है, जबकि दूसरे स्थान पर रही भाजपा 9877 सीटें जीतने में सफल रही।

**चुनाव परिणाम : संक्षेप में**

| ग्राम पंचायत कुल सीटें : 63229 | | पंचायत समिति कुल सीटें : 9730 | | जिला परिषद की कुल सीटें : 928 | |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएमसी | 35550 | टीएमसी | 6651 | टीएमसी | 880 |
| भाजपा | 9877 | भाजपा | 1038 | भाजपा | 31 |

## भारत ग्लोबल क्राइसिस रिस्पॉन्स ग्रुप के चैम्पियंस ग्रुप में हुआ शामिल

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव (यूएनएसजी) एंटोनियो गुटेरेस के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए भारत 'ग्लोबल क्राइसिस रिस्पॉन्स ग्रुप' (Global Crisis Response Group-GCRG) के चैम्पियंस ग्रुप में शामिल हो गया है।
- **स्थापना** : यूएनएसजी द्वारा ग्लोबल क्राइसिस रिस्पॉन्स ग्रुप (जीसीआरजी) की स्थापना मार्च 2022 में की गई थी।
- **उद्देश्य** : इसकी स्थापना खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा और वित्त में परस्पर जुड़े संकटों से सम्बन्धित तत्काल और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों को सम्बोधित करने और वैश्विक प्रतिक्रिया के समन्वय के उद्देश्य से की गई है।
- **चैम्पियंस ग्रुप** : जीसीआरजी की देखरेख चैम्पियंस ग्रुप द्वारा की जाती है। इसमें बांग्लादेश, बारबाडोस, डेनमार्क, जर्मनी, इंडोनेशिया और सेनेगल के एचओएस/एचओजी शामिल हैं।
- **शेरपा** : विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा को जीसीआरजी प्रक्रिया के लिए शेरपा के रूप में नामित किया गया है।
- **प्रभाव** : भारत की भागीदारी से दुनिया, विशेषकर विकासशील देशों को प्रभावित करने वाले विकासात्मक मुद्दों पर परिणामोन्मुख समाधान खोजने में संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों को और बढ़ावा मिलेगा।

## डीजीएनएसएस 'सागर संपर्क' का उद्घाटन

- समुद्री क्षेत्र में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, केन्द्रीय बंदरगाह, शिपिंग और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'स्वदेशी अंतर वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली' (डीजीएनएसएस) 'सागर संपर्क' (Sagar Sampark) का उद्घाटन 12 जुलाई, 2023 को किया।
- 'डीजीएलएल' (Directorate General of Lighthouses And Lightships) के तहत् डीजीएनएनएस 'सागर संपर्क' का शुभारम्भ 6 स्थानों पर किया गया है।

✓ *इससे निश्चित रूप से समुद्री नेविगेशन के लिए रेडियो सहायता के क्षेत्र में डीजीएलएल की क्षमता में वृद्धि होगी।*

- **लाभ**- डीजीएनएसएस सेवा नाविकों को सुरक्षित नेविगेशन में मदद करेगी और बंदरगाह और बंदरगाह क्षेत्रों में टकराव, ग्राउंडिंग और दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करेगी। इससे जहाजों की सुरक्षित और कुशल आवाजाही हो सकेगी।

**डीजीएनएसएस के बारे में**

- 'डीजीएनएसएस' (Differential Global Navigation Satellite System–DGNSS) एक स्थल आधारित संवर्द्धन प्रणाली है जो ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) में त्रुटियों को ठीक करती है जिससे अधिक सटीक स्थिति की जानकारी मिलती है।
- डीजीएनएसएस 'अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन' (आईएमओ), 'एसओएलएएस' (Safety of Life at Sea–SOLAS) और नेविगेशन और 'आईएएलए' (International Association of Marine Aids to Navigation and Lighthouse Authorities) के अन्तर्राष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करने की दिशा में नेविगेशन के लिए एक महत्वपूर्ण रेडियो सहायता तंत्र/प्रणाली है।
- यह नाविकों को 5 मीटर के भीतर अपनी स्थिति में सुधार करने में मदद करता है।

## लम्बाणी वस्तुओं के सबसे बड़े प्रदर्शन के लिए बना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

- भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत् तीसरी संस्कृति कार्य समूह (Culture Working Group–CWG) की बैठक 9-12 जुलाई, 2023 को कर्नाटक के हम्पी में आयोजित की गई।
- इस बैठक के दौरान कुल 1755 लम्बाणी वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया, जिसने **'लम्बाणी वस्तुओं के सबसे बड़े प्रदर्शन'** के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।


VIPM ACADEMY
Go Ahead
Since 2002
Powered by Class24
SSC
PRE + MAINS
All Sub. Foundation (CGL/CHSL/CPO/MTS)
3 Days Free Trial
English Special Batches
(By Ajit Sir)
(SSC/BANK/RAS 4th/ RJS/IAS/ Spoken/General English Improvement )
New Batch Starts Every Tuesday (Offline + Online)
Updated Study Material (Hindi+English)
Weekly Test Series (Offline/Online)
Problem Solving Session upto Selection
Daily Free Newspaper Distribution with Analysis
PYQ Practice
Download VIPM APP Scan this QR Code
Call us : 9649686020, 8955232362
Application - "VIPM Academy"
GET IT ON Google Play
AJITSIRVIPM
www. vipm. in
VIPM ENGLISH WITH AJIT KUMAR RAI
AJITKUMARRAIVIPM
vipmdigimain@gmail.com
H.O.:- K-81, Ashok Vihar Extn. Behind Govt. School, Near Triveni Crossing, Gopalpura Bypass, Jaipur (Raj.)
B-1 :- Ground Floor, Krishna Tower, Near Big Bazaar, Gopalpura Mode, Jaipur, (Raj.)
B-2 :- 30, 1st Floor, Gopalpura Mode, Tonk Road, Near Cake World, Basant Vihar Colony, Jaipur (Raj.)
B-3 :- Shop No. 65B, Anand Vihar, Gopalpura Bypass, Near Mangal Chai Ghar, Ridhi Sidhi, Jaipur (Raj.)

- लम्बाणी कढ़ाई पैच पर इस अनूठी प्रदर्शनी को हम्पी के येदुरु बसवन्ना कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया था, जिसका शीर्षक 'थ्रेड्स ऑफ यूनिटी' (Threads of Unity) था।
- संदुर कुशला कला केन्द्र (Sandur Kushala Kala Kendra–SKKK) से जुड़ी 450 से अधिक लम्बाणी महिला कारीगरों ने 1755 पैचवर्क वाली जीआई-टैग वाली संदुर लम्बाणी कढ़ाई का उपयोग करती वस्तुओं को प्रदर्शित किया।
- लम्बाणी प्रदर्शन का यह प्रयास प्रधानमंत्री के मिशन 'LiFe' (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) और सीडब्ल्यूजी की पहल 'Culture for LiFe', पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली और स्थिरता की दिशा में एक ठोस कार्रवाई के साथ जुड़ा हुआ है।

**लम्बाणी कला**

- लम्बाणी कढ़ाई कपड़ा अलंकरण का एक जीवंत और जटिल रूप है, जो रंगीन धागों, दर्पण के काम और सिलाई पैटर्न की एक समृद्ध श्रृंखला की विशेषता है।
- यह कर्नाटक के कई गाँवों जैसे संदुर, केरी टांडा, मरियम्मनहल्ली, कादिरामपुर, सीताराम टांडा, बीजापुर और कमलापुर में प्रचलित है।
- यह मुख्य रूप से लम्बाणी समुदाय की कुशल महिलाओं की आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी है।

## वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए पीजीआई-डी पर संयुक्त रिपोर्ट जारी

- शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 के लिए जिलों के प्रदर्शन क्रम निर्धारण सूचकांक (पीजीआई-डी) (Performance Grading Index for Districts 'PGI-D') पर संयुक्त रिपोर्ट 9 जुलाई, 2023 को जारी की गई।
- शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2021-22 के लिए राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों हेतु प्रदर्शन क्रम निर्धारण सूचकांक 2.0 (Performance Grading Index 2.0 'PGI 2.0') पर एक रिपोर्ट भी जारी की है।
- 'पीजीआई-डी' जिला-स्तर पर विद्यालयी शिक्षा प्रणाली के प्रदर्शन का आकलन करता है।
- इसके 83 संकेतकों में 600 अंकों की कुल वेटेज शामिल है, जिन्हें 6 श्रेणियों में बाँटा गया है, यथा– परिणाम, प्रभावी कक्षा कार्यसम्पादन, बुनियादी ढाँचा सुविधाएँ व विद्यार्थियों के अधिकार, स्कूल सुरक्षा एवं बाल संरक्षण, डिजिटल लर्निंग तथा प्रशासनिक प्रक्रिया। इन श्रेणियों को 12 डोमेन में विभाजित किया गया है।
- पीजीआई-डी में जिलों को निम्न दस श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है-
  - ✓ ***दक्ष****: उच्चतम (90% से उपर), उत्कर्ष : 81-90%, अति-उत्तम : 71-80%, उत्तम : 61-70%, प्रचेष्टा-1 : 51-60% , प्रचेष्टा-2 : 41-50%, प्रचेष्टा-3 : 31-40% , आकांक्षी-1 : 21-30%, आकांक्षी-2 : 11-20% और आकांक्षी-3 : न्यूनतम (10% से कम)।*

**पीजीआई-डी : प्रमुख परिणाम**

- कोई भी जिला शीर्ष दो ग्रेड (दक्ष और उत्कर्ष) प्राप्त करने में सक्षम नहीं था।
- अति-उत्तम के रूप में वर्गीकृत जिलों की संख्या वर्ष 2020-21 में 121 से घटकर वर्ष 2021-22 में 51 हो गई है।
- 2019-20 की तुलना में 2021-22 में 290 जिलों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### पी.जी.आई 2.0

- 'पी.जी.आई. 2.0' राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश स्तर पर स्कूल शिक्षा प्रणाली के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया एक व्यापक मूल्यांकन उपकरण है।
- इसमें 73 संकेतक शामिल हैं तथा इसकी ग्रेडिंग प्रणाली में प्रदत्त उच्चतम ग्रेड दक्ष (941-1000) है जबकि निम्नतम आकांक्षी-3 (401-460) है।

**परिणाम**

- 'पी.जी.आई. 2.0' में किसी भी राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश ने शीर्ष ग्रेड हासिल नहीं किया है।
- केवल दो राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेश– **पंजाब और चंडीगढ़ ग्रेड प्रचेष्टा-2** (स्कोर 641-700) प्राप्त करने में सफल रहे।

### अन्य ग्रेड में राज्य

- **प्रचेस्टा- 3 (स्कोर 581-640)** : 6 राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश
  - ✓ *गुजरात, केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, पुदुचेरी और तमिलनाडु।*
- **आकांक्षी- 1 (स्कोर 521-580)** : 13 राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश
  - ✓ *अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, दादर नगर हवेली और दमन दीव, राजस्थान, गोवा, सिक्किम, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश।*
- **आकांक्षी- 2 (स्कोर 461-520)** : 12 राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश
  - ✓ *असम, नगालैण्ड, बिहार, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना, झारखण्ड, त्रिपुरा, लद्दाख, उत्तराखण्ड, मणिपुर और उत्तर प्रदेश।*
- **प्रदेश आकांक्षी- 3 (स्कोर 401-460)** : 3 राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश
  - ✓ *अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम।*

## देश के पहले सहकारी संचालित सैनिक स्कूल का शिलान्यास

- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह जनपद मेहसाणा में देश के पहले सहकारी-संचालित सैनिक स्कूल का वर्चुअल शिलान्यास 4 जुलाई, 2023 को किया।

- मेहसाणा में बनाया जाने वाला यह **'श्री मोतीभाई आर. चौधरी सागर सैनिक स्कूल'** दूधसागर रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा संचालित किया जाएगा।
- इस सैनिक स्कूल का निर्माण उत्तर गुजरात की प्रतिष्ठित दूध सहकारी संस्था दूधसागर डेयरी के प्रणेता मोतीभाई चौधरी के जन्म-शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कराया जाएगा।
- यह पी.पी.पी. आधार पर कार्यरत होने वाला देश का 20वाँ तथा सहकारी संस्था द्वारा निर्मित देश का पहला सैनिक स्कूल होगा।
- **अवस्थिति** : बोरियावी गाँव, मेहसाणा
- **स्थापना व्यय** : ₹ 75 करोड़।
- **विस्तार** - 11 एकड़

## भारत में 15 वर्षों में 41.5 करोड़ लोग निकले गरीबी से बाहर : संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट

☆ **रिपोर्ट का शीर्षक** : वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (2023 Global Multidimensional Poverty Index-MPI)
☆ **जारी करने वाले संस्थान** : यूएनडीपी और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय।
☆ **जारी करने की तिथि** : 11 जुलाई, 2023

- यूएनडीपी (United Nations Development Programme) और ओपीएचआई (Oxford Poverty and Human Development Initiative) द्वारा जारी इस रिपोर्ट में भारत की गरीबी समाप्त करने में उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की गई है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में वर्ष 2005-2006 से लेकर वर्ष 2019-2021 तक की 15 वर्षों की अवधि के दौरान कुल 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले।

### रिपोर्ट के प्रमुख तथ्य

- भारत में सभी संकेतकों में गरीबी में गिरावट आई है, वहीं सबसे गरीब राज्यों और समूहों में सबसे तेज पूर्ण प्रगति दर्ज हुई है।
- देश में गरीबों की संख्या 2005-2006 में 55.1 प्रतिशत से गिरकर 2019-2021 में मात्र 16.4 प्रतिशत हो गई।
- वर्ष 2005-2006 में भारत में लगभग 64.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी में थे। वर्ष 2015-2016 में यह संख्या घटकर लगभग 37 करोड़ और 2019-2021 में 23 करोड़ रह गई।
- भारत सहित 25 देशों ने 15 वर्षों के भीतर अपने वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) के मूल्यों को सफलतापूर्वक आधा कर दिया है।
  - ✓ *इन 25 देशों में भारत के अलावा कम्बोडिया, चीन, कांगो, होंडुरास, इण्डोनेशिया, मोरक्को, सर्बिया और वियतनाम शामिल हैं।*

**विभिन्न घटकों में गरीबी उन्मूलन की गति**

| श्रेणी | 2005-06 | 2019-21 |
|---|---|---|
| गरीबों की संख्या | 55.1% | 16.4% |
| कुपोषण पीड़ित | 44.3% | 11.8% |
| बाल मृत्यु दर | 4.5% | 1.5% |
| रसोई ईंधन | 52.9% | 13.9% |
| सैनिटेशन | 50.4% | 11.3% |
| पेयजल | 16.4% | 2.7% |
| बिजली | 29% | 2.1% |
| आवास | 44.9% | 13.6% |

- संयुक्त राष्ट्र के आँकड़ों के अनुसार अप्रैल में भारत 142.86 करोड़ लोगों के साथ चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है।

### वैश्विक स्थिति

- विश्व के 110 देशों के 610 करोड़ लोगों में से 110 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी में रहते हैं।
  - ✓ *इसमें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की संख्या लगभग 56.6 करोड़ है।*
- बच्चों में गरीबी दर 27.7% है, जबकि वयस्कों में यह 13.4% है।
- विश्व में ग्रामीण क्षेत्र शहरी क्षेत्र की अपेक्षा अधिक गरीब है।

# National News InShort

### मंत्रालयम

- मंत्रालयम आन्ध्र प्रदेश के कुरनूल में स्थित एक गाँव है, यहाँ ₹ 500 करोड़ की लागत से बनने वाली भगवान श्री राम की 108 फीट ऊँची भव्य पंचलोहा प्रतिमा का शिलान्यास केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा 23 जुलाई, 2023 को किया गया।
- तुंगभद्रा नदी के किनारे स्थित मंत्रालयम गाँव में 10 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ यह प्रोजेक्ट ढाई साल में पूरा होगा।
- मंत्रालयम गाँव राघवेन्द्र स्वामी के मंदिर के लिए बहुत प्रसिद्ध स्थान है। इसके साथ ही इस स्थान का ऐतिहासिक महत्व भी है, इसी तुंगभद्रा नदी के किनारे महान् विजय नगर साम्राज्य का उद्भव हुआ था।

### सूरत डायमंड बोर्स

- 'सूरत डायमंड बोर्स' गुजरात के शहर सूरत में निर्मित इमारत है, जो अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन को पीछे छोड़कर अब दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय भवन होगा।
- विश्व की रत्न राजधानी के रूप में विख्यात सूरत की यह इमारत हीरा व्यापार केन्द्र होगा, जहाँ 65,000 से अधिक हीरा पेशेवर एक साथ काम कर सकेंगे।

- इस इमारत का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नवम्बर 2023 में किया जाएगा।

**सूरत डायमंड बोर्स : महत्वपूर्ण तथ्य**

- 'सूरत डायमंड बोर्स' 15 मंजिला इमारत है जो, 35 एकड़ भूमि में फैली हुई है।
- इसमें नौ आयताकार स्ट्रक्चर हैं, वे सभी एक सेंट्रल स्पाइन के माध्यम से आपस में जुड़े हुए हैं।
- कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में एक मनोरंजन क्षेत्र और पार्किंग क्षेत्र है, जो 20 लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है।
- 7.1 मिलियन वर्ग फुट से अधिक फ्लोर स्पेस वाली इस इमारत को बनने में 4 वर्ष का समय लगा। इसकी परियोजनाओं की लागत करीब ₹ 32 अरब है।
- इसे भारतीय वास्तुकला फर्म **मॉर्फोजेनेसिस द्वारा डिजाइन** किया गया है।
- एसडीबी अर्थात् सूरत डायमंड एक्सचेंज एक गैर-लाभकारी एक्सचेंज है, जो कम्पनी अधिनियम-2013 की धारा 8 के तहत् पंजीकृत कम्पनी है।

## तंजानिया में आईआईटी कैम्पस

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (Indian Institute of Technology-IIT) का भारत के बाहर पहला कैम्पस तंजानिया के जांजीबार में स्थापित किया जाएगा।
- इसके लिए भारत सरकार, आईआईटी मद्रास और तंजानिया के शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्रालय (एमओईवीटी) ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 5 जुलाई, 2023 को हस्ताक्षर किए हैं।
- इस प्रकार देश के बाहर पहला भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) परिसर एक महिला निदेशक के नेतृत्व में शुरू होगा। प्रोफेसर प्रीति अघलायम को जंजीबार परिसर के प्रभारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।
- आईआईटी, मद्रास द्वारा देश के इस प्रथम विदेशी परिसर में दो पाठ्यक्रमों को अक्टूबर-2023 से शुरू किया जाएगा।

# करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू
# वन लाइनर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 44 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में कितने नियुक्ति पत्र 22 जुलाई, 2023 को वर्चुअल माध्यम से वितरित किए? **70 हजार से अधिक**
- केन्द्र सरकार ने मार्च 2024 तक कितने 'प्रधानमंत्री भारतीय जन-औषधि केन्द्र' (पीएमबीजेके) खोलने का लक्ष्य रखा है? **10 हजार**
- किस वैश्विक संस्थान ने 1 बिलियन यूरो तक की ऋण सुविधा की पेशकश करके भारत के राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के लिए अपने समर्थन की घोषणा की है? **यूरोपीय निवेश बैंक**
- फिल्म सामग्री की पायरेसी से निपटने और सृजनात्मक उद्योग की सुरक्षा करने के उद्देश्य से राज्यसभा में 20 जुलाई, 2023 को पेश किया गया 'सिनेमैटोग्राफ संशोधन विधेयक, 2023' किस विधेयक में संशोधन करेगा? **सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952**
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा 20 जुलाई, 2023 को संसद को प्रदत्त जानकारी के अनुसार देश के कितने राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने भूजल कानून को लागू किया है, इस कानून में वर्षा जल संचयन का प्रावधान शामिल है? **21**
- केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख में पहला महिला पुलिस स्टेशन कहाँ स्थापित किया गया है? **कारगिल**
- उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में ऐतिहासिक गीता प्रेस के शताब्दी समारोह (स्थापना-1923) के समापन समारोह में प्रधानमंत्री द्वारा किस ग्रंथ का विमोचन 7 जुलाई, 2023 को किया गया? **चित्रमय शिव पुराण**
- वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को चुनौती देने के लिए देश के 26 विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा बनाए गए गठबंधन 'भारत' (INDIA) का पूरा नाम क्या है? **Indian National Developmental, Inclusive Alliance**
- 'वीर सावरकर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा' कहाँ है, जिसके नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 18 जुलाई, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा किया गया? **पोर्ट ब्लेयर**
- मलेशिया की दो दिवसीय यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कुआलालम्पुर में रक्षा क्षेत्र की किस इकाई के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन 11 जुलाई, 2023 को किया? **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'साईं हीरा ग्लोबल कन्वेंशन सेंटर' का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा 4 जुलाई, 2023 को कहाँ किया गया? **पुट्टपर्थी, आन्ध्र प्रदेश**
- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली के अन्तर्राष्ट्रीय छात्रावास का नाम क्या है, जिसका शुभारम्भ केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने 3 जुलाई, 2023 को किया? **मधुमास**
- भारत सरकार की विभिन्न हरित ऊर्जा नीतियों के एकीकृत प्रभाव का आकलन करने के लिए एक संशोधित भारत ऊर्जा सुरक्षा परिदृश्य-2047 (India Energy Security Scenarios 2047–IESS 2047 V3.0) किसके द्वारा 20 जुलाई, 2023 को जारी किया गया? **नीति आयोग**
- इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (CERT-In) ने किस इंटरनेट रैनसमवेयर वायरस के सम्बन्ध में एक एडवाइजरी जारी की है? **अकीरा**




# अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

## अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी

### इसरो ने किया चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा बहुप्रतीक्षित 'चंद्रयान -3' (Chandrayaan-3) को आन्ध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के स्पेस सेंटर से 14 जुलाई, 2023 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया।
- एलवीएम3-एम4 (LVM3-M4) रॉकेट से प्रक्षेपित चंद्रयान-3 को पृथ्वी के चारों ओर सटीक रूप से स्थापित कर दिया गया है।




- इस मिशन के तहत् चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास 23 अगस्त को किया जाएगा।

**मिशन का उद्देश्य**

- चंद्र सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग प्रदर्शित करना
- रोवर को चंद्रमा पर भ्रमण का प्रदर्शन करना और
- यथास्थित वैज्ञानिक प्रयोग करना।

**चंद्रयान-3 : महत्वपूर्ण तथ्य**

- 'चंद्रयान-3' में एक लैंडर, एक रोवर और एक प्रॉपल्सन मॉड्यूल लगा हुआ है. इसका कुल भार 3,900 किलोग्राम है। इस मिशन में ऑर्बिटर शामिल नहीं है।
- 'चंद्रयान 2' के समान ही इसके लैंडर को **'विक्रम' (Vikram)** तथा रोवर को **'प्रज्ञान' (Pragyan)** नाम दिया गया है।
- यह 5 अगस्त, 2023 को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा।
- चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा।
  - ✓ चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग हो जाने पर भारत ऐसा करने वाला विश्व का चौथा देश बन जाएगा। अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही यह उपलब्धि हासिल की है।

**नोट-** प्रणोदन मॉड्यूल लैंडर और रोवर कॉन्फिगरेशन को 100 किमी. चंद्र कक्षा में ले जाएगा। एक बार चंद्र की कक्षा में पहुँचने के बाद, लैंडर और रोवर प्रणोदन मॉड्यूल से अलग हो जाएँगे और चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करेंगे।

- मिशन 'चंद्रयान-3' वर्ष 2019 में लॉन्च किए गए चंद्रयान-2 का ही अगला चरण है। चंद्रयान-1 वर्ष 2008 में लॉन्च किया गया था।

**चंद्रयान-3 : तथ्यात्मक दृष्टि**

- **मिशन लाइफ** : एक चंद्र दिवस (लगभग 14 पृथ्वी दिवस)
- **रॉकेट** : एलवीएम3-एम4
- **पेलोड द्रव्यमान** : 3900 किग्रा.
  - ✓ *प्रोपल्सन मॉड्युल : 2148 किग्रा.*
  - ✓ *लैंडर मॉड्यूल (विक्रम) : 1752 किग्रा.*
  - ✓ *रोवर प्रज्ञान : 26 किग्रा.*
- **लैंडिंग साइट** : मैंजिनस सी और सिम्पेलियस एन क्रेटर (Manzinus C and Simpelius N craters) के बीच
- **परियोजना निदेशक** : पी वीरमुथुवेल
- **मिशन निदेशक** : मोहना कुमार
- **इसरो प्रमुख** : सोमनाथ

**इसरो की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ**

- 1983- इनसैट-1 बी का प्रक्षेपण (दूरसंचार व मौसम पूर्वानुमान में क्रांति)।
- 2008- चंद्रयान-1 का प्रक्षेपण (चाँद पर पानी की खोज)।
- 2014- मंगल मिशन (ऐसा करने वाला चौथा देश)।
- 2017- पीएसएलवी-सी 37 द्वारा एक साथ 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण।
- 2018- स्वेदेशी नेवीगेशन उपग्रह आईआरएनएसएस लॉन्च।
- 2019- एंटी सैटेलाइट से एक पुराने सैटेलाइट को नष्ट किया।

### इसरो ने किया गगनयान की सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन प्रणाली का सफल परीक्षण

- चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो ने भारत के पहले अंतरिक्ष मानव मिशन 'गगनयान-1' के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (Service Module Propulsion System 'SMPS') का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

- यह परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (ISRO Propulsion Complex-IPRC) में 19 जुलाई, 2023 को आयोजित किया गया।
- 250 सेकण्ड तक चले इस परीक्षण में 440 न्यूटन थ्रस्ट वाले पाँच लिक्विड अपोजी मोटर (Liquid Apogee Motor–LAM)(सामान्य रॉकेट इंजन) और 100 न्यूटन थ्रस्ट वाले 16 रिएक्शन नियंत्रण प्रणाली (Reaction Control System–RCS) थ्रस्टर्स शामिल थे।

**प्रणाली के बारे में**

- सर्विस मॉड्यूल (एसएम) एक बाई-प्रोपेलेंट आधारित प्रोपल्शन प्रणाली है। यह प्रणाली यान को अंतरिक्ष में भेजते समय पृथ्वी के परिक्रमा पथ की कक्षा इकाई, कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया, यान के कक्षा में प्रवेश का क्षण, परिक्रमा के दौरान नियंत्रण, डी-बूस्ट मनूवर (गति कम करना) और जरूरत में काम आने वाली एसएम आधारित अबोर्ट प्रणाली (खतरे के वक्त अंतरिक्ष यात्रियों का जीवन बचाने की प्रणाली) के लिए सबसे अहम है।
- उल्लेखनीय है कि देश का पहला मानव मिशन 'गगनयान-1' इसी वर्ष 2023 में लॉन्च किए जाने की सम्भावना है।

# रक्षा प्रौद्योगिकी

## हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों के लिए अर्जेंटीना का एचएएल से समझौता

- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और अर्जेंटीना के रक्षा मंत्रालय ने अर्जेंटीना के सशस्त्र बलों के लिए हल्के और मध्यम उपयोगिता वाले हेलीकाप्टरों के उत्पादक सहयोग और अधिग्रहण के एक आशय-पत्र (एलओआई) पर 20 जुलाई, 2023 को हस्ताक्षर किए।
- उक्त एलओआई (Letter of Intent) अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज एनरिक तायाना (Jorge Taiana) की चार दिवसीय (17-20 जुलाई, 2023 को) भारत यात्रा के अवसर पर किया गया।
- तायाना ने इस भारत दौरे पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय बैठक की और शांति स्थापना के लिए अकादमिक सहयोग पर एक विशिष्ट समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।
- इस अवसर पर तायाना ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को 12 सितम्बर, 2023 को अर्जेंटीना में होने वाले संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान संचालन के द्वितीय लैटिन अमेरिकी सम्मेलन (II Latin American Conference of United Nations Peacekeeping Operations) में आमंत्रित किया।

## उत्तर कोरिया ने किया आईसीबीएम 'ह्वासोंग-18' का परीक्षण

- उत्तर कोरिया ने अपने नवीनतम हथियार अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल 'ह्वासोंग-18' (Hwasong-18) का परीक्षण 12 जुलाई, 2023 को किया। इससे पहले इस मिसाइल का परीक्षण अप्रैल 2023 में किया गया था।
- 'ह्वासोंग-18' अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (Inter-continental Ballistic Missile–ICBM) इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ठोस प्रणोदक का उपयोग करने वाली उत्तर कोरिया की पहली मिसाइल है।
    - ✓ *ठोस ईंधन आधारित मिसाइल का पता लगाना और रोकना अन्य तरल-ईंधन आईसीबीएम की तुलना में कठिन होता है।*
- 'ह्वासोंग-18' मिसाइल की परीक्षण उड़ान 74 मिनट तक चली, जो उत्तर कोरियाई मिसाइल परीक्षण का अब तक का सबसे लम्बा रिकॉर्ड है।
- उत्तर कोरिया के अनुसार इस मिसाइल ने पूर्वी सागर में पूर्व निर्धारित क्षेत्र में गिरने से पूर्व 6648.4 किमी. की अधिकतम ऊँचाई पर लगभग 1000 किमी. की उडान भरी।
- उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने ह्वासोंग-18 को अपना सबसे शक्तिशाली परमाणु हथियार कहा था।

## चीन ने लॉन्च किया विश्व का पहला मीथेन-ईंधन वाला रॉकेट

- चीन की निजी स्पेस कम्पनी ने विश्व का पहला ऐसा रॉकेट लॉन्च किया है, जो मीथेन से संचालित है।
- वस्तुतः चीन की एक निजी कम्पनी 'लैंडस्पेस' ने गोबी रेगिस्तान में स्थित जियुकुआन सैटेलाइट सेंटर से मीथेन-लिक्विड ऑक्सीजन रॉकेट 12 जुलाई, 2023 को लॉन्च किया है।
- इस रॉकेट को **जुक्यु-2 कैरियर रॉकेट** (Zhuque-2 Carrier Rocket) नाम दिया गया है।
- बीजिंग में स्थित निजी स्पेस कम्पनी 'लैंडस्पेस' का यह रॉकेट लॉन्च का दूसरा प्रयास था। इसका पहला प्रयास दिसम्बर 2022 में किया था, जो असफल रहा।

**रॉकेट के बारे में**

- 'जुक्यु-2' एक दो चरणों वाला तरल-प्रणोदक वाहक रॉकेट है, जिसमें सभी स्वतंत्र रूप से विकसित इंजन हैं।
    - ✓ 3.35 मीटर (10.9 फीट) व्यास वाले 49.5 मीटर (162 फीट) लम्बे रॉकेट की पृथ्वी की निचली कक्षा के लिए 6 टन और एसएसओ के लिए 4 टन की क्षमता है।
- मीथेन संचालित रॉकेट में मीथेन को ईंधन के रूप में और तरल ऑक्सीजन (एलओएक्स) को ऑक्सीडाइजर के रूप में उपयोग किया जाता है।
- मीथेन एक हाइड्रोकार्बन ईंधन है, जिसे प्राकृतिक गैस सहित विभिन्न स्रोतों से उत्पादित किया जा सकता है।



# आर्थिक परिदृश्य

- भारत ने गैर-बासमती सफेद चावल निर्यात पर प्रतिबंध लगाया
- बांग्लादेश और भारत द्वारा रुपये में व्यापार लेन-देन शुरू
- पशुधन क्षेत्र के लिए अब तक की पहली 'ऋण गारंटी स्कीम' लॉन्च
- भारत 6जी अलायंस का शुभारम्भ

## भारत ने गैर-बासमती सफेद चावल निर्यात पर प्रतिबंध लगाया

- भारत सरकार ने अस्थिर खुदरा मूल्यों को स्थिर करने के लिए गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर 20 जुलाई, 2023 को प्रतिबंध लगा दिया है।
- यह निर्णय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने लिया।
- प्रतिबंध का प्राथमिक उद्देश्य भारत के भीतर खुदरा कीमतों में उतार-चढ़ाव को स्थिर करना है।
- भारत विश्वभर में चावल का सबसे बड़ा निर्यातक देश है।
- देश से निर्यात होने वाले कुल चावल में गैर-बासमती सफेद चावल की हिस्सेदारी लगभग 25 प्रतिशत है।
- भारत प्रमुख रूप से थाईलैण्ड, इटली, स्पेन, श्रीलंका और अमेरिका को गैर-बासमती चावल निर्यात करता है।

## बांग्लादेश और भारत द्वारा रुपये में व्यापार लेन-देन शुरू

- बांग्लादेश और भारत ने रुपये में बहुप्रतीक्षित व्यापार लेन-देन 11 जुलाई, 2023 से शुरू कर दिया है।
- यह पहली बार है जब बांग्लादेश ने अमेरिकी डॉलर के अलावा किसी विदेशी देश के साथ इस प्रकार का द्विपक्षीय व्यापार शुरू किया है।
- **उद्देश्य** : दोनों देशों द्वारा उठाए गए इस कदम का उद्देश्य अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करना और क्षेत्रीय मुद्रा और व्यापार को मजबूत करना है।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- इसके तहत् बांग्लादेश और भारत के बैंकों को विदेशी मुद्रा लेन-देन के उद्देश्य से एक-दूसरे देश के बैंक में नोस्ट्रो खाता (nostro accounts) खोलने की अनुमति दी गई है।
- टका-रुपया दोहरी मुद्रा कार्ड की शुरुआत से भारत के साथ व्यापार के दौरान लेन-देन लागत कम हो जाएगी।
- औपचारिक व्यवस्था के तहत् अब से दोनों देशों के बीच व्यापार अंतर कम होने पर शुरुआत में व्यापार रुपये में और फिर धीरे-धीरे बांग्लादेशी मुद्रा टका में किया जाएगा।
- रुपया-टका दोहरा मुद्रा कार्ड (Taka-Rupee dual currency card) सितम्बर 2023 तक लॉन्च किए जाने की सम्भावना है।
  - ✓ यह कार्ड भारत के साथ व्यापार के दौरान लेन-देन में बांग्लादेश के व्यापारियों के लिए अनेक सुविधाएँ प्रदान करेगा।
  - ✓ इस पहल से अर्द्ध-औपचारिक तरीके से सीमावर्ती इलाकों में हो रहा 'बॉर्डर हाट व्यापार' भी तेजी से बढ़ेगा।

## पशुधन क्षेत्र के लिए अब तक की पहली 'ऋण गारंटी स्कीम' लॉन्च

- मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने पशुधन क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का लाभ उठाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए पशुपालन बुनियादी ढाँचा विकास निधि (एएचआईडीएफ) के तहत् 'क्रेडिट गारंटी योजना' (एमएसएमई) लॉन्च की है।
- **क्रेडिट गारंटी फंड** : स्कीम को प्रचालनगत करने के लिए, पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) ने ₹ 750 करोड़ के एक क्रेडिट गारंटी फंड (Credit Guarantee fund) की स्थापना की है।
- यह फंड पात्र ऋणदाता संस्थानों द्वारा एमएसएमई को दी जाने वाली ऋण सुविधाओं के 25% तक का क्रेडिट गारंटी कवरेज प्रदान करेगा।
- **उद्देश्य** : क्रेडिट गारंटी स्कीम मुख्य रूप से पहली पीढ़ी के उद्यमियों तथा समाज के वंचित वर्ग के लोगों, जिनके पास अपने उद्यमों की सहायता के लिए विपणन योग्य धन का अभाव होता है, को समर्थ करने पर केन्द्रित है।
- डीएएचडी (Department of Animal Husbandry And Dairying) द्वारा आरम्भ की गई क्रेडिट गारंटी स्कीम की पहल से पशुधन क्षेत्र से जुड़े एमएसएमई की भागीदारी में अत्यधिक वृद्धि होने की उम्मीद है।
- एएचआईडीएफ (Animal Husbandry Infrastructure Development Fund) स्कीम की मुख्य विशेषताएँ–
  - ✓ *3 प्रतिशत की ब्याज छूट।*
  - ✓ *किसी भी अनुसूचित बैंक और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) से कुल परियोजना लागत के 90 प्रतिशत तक का ऋण।*

## भारत 6जी अलायंस का शुभारम्भ

- दूरसंचार विभाग ने अगली जनरेशन की वायरलेस तकनीक में नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 'भारत 6जी एलायंस' (Bharat 6G Alliance) को लॉन्च कर दिया है।
- 'भारत 6जी अलायन्स' के शुभारम्भ की घोषणा संचार और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा 3 जुलाई, 2023 को की गई।
- **क्या है बी6जीए?** : 'भारत 6जी अलायन्स' (बी6जीए) एक सहयोगी प्लेटफॉर्म है जिसमें सार्वजनिक और निजी कम्पनियाँ, शिक्षाविद, अनुसंधान संस्थान और मानक विकास संगठन शामिल हैं।
- **उद्देश्य** : इसका प्राथमिक उद्देश्य 6जी प्रौद्योगिकी की व्यावसायिक और सामाजिक जरूरतों को समझना, आम सहमति को बढ़ावा देना तथा उच्च प्रभाव वाले अनुसंधान एवं विकास योजना को आगे बढ़ाना है।
- **लक्ष्य** : 'बी6जीए' (Bharat 6G Alliance-B6GA) का एक प्रमुख लक्ष्य भारतीय दूरसंचार प्रौद्योगिकी उत्पादों और सेवाओं के लिए बाजार तक पहुँच को सुविधाजनक बनाना है, जिससे देश 6जी प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर सके।

### 6 जी : प्रौद्योगिकी व महत्व

- 6जी प्रौद्योगिकी, 5जी प्रौद्योगिकी की उत्तराधिकारी है, जिसे वर्तमान में भारत सहित विभिन्न देशों में शुरू किया जा रहा है।
- होलोग्राफिक संचार, मस्तिष्क-कम्प्यूटर इंटरफेस, क्वांटम इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नए अनुप्रयोगों तथा सेवाओं को सक्षम बनाने के लिए 6जी प्रौद्योगिकी की कल्पना की गई है।
- 5जी प्रौद्योगिकी की तुलना में 6जी प्रौद्योगिकी 100 गुना तेज गति, अत्यंत कम विलम्बता, उच्च विश्वसनीयता और व्यापक कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।
- इससे भारत को 6जी प्रौद्योगिकी का विकास करने और उसे अपनाने में सहायता मिलेगी, जिसका अर्थव्यवस्था, समाज तथा पर्यावरण पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

# Economic News InShort

### गोड्डा विद्युत संयन्त्र


- अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने ढाका (बांग्लादेश) में प्रधानमंत्री शेख हसीना को 1600 मेगावॉट क्षमता का 'गोड्डा विद्युत संयन्त्र' 15 जुलाई, 2023 को सौंपा।
  - ✓ *यह अडाणी ग्रुप का पहला अन्तर्राष्ट्रीय पॉवर प्लांट है।*
- अदाणी पॉवर ने झारखण्ड स्थित गोड्डा पॉवर प्लांट से उत्पादित 1600 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति के लिए बांग्लादेश पॉवर डेवलपमेंट बोर्ड के साथ वर्ष 2016 में एक समझौता किया था।
  - ✓ *एग्रीमेंट के तहत् 25 वर्षों तक गोड्डा पॉवर प्लांट से बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति की जाएगी।*
- उल्लेखनीय है कि यह प्रोजेक्ट देश की पहली चालू अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत परियोजना है, जहाँ उत्पादित विद्युत की शत-प्रतिशत आपूर्ति दूसरे देश को की जा रही है।

### केएपीपी

- केएपीपी अर्थात् 'काकरापार परमाणु ऊर्जा परियोजना' गुजरात में स्थित भारत की पहली स्वदेशी परमाणु ऊर्जा परियोजना है।
- भारत के इस पहले स्वदेशी रूप से विकसित 700 मेगावॉट के परमाणु ऊर्जा रिएक्टर ने 30 जून, 2023 को वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है।
  - ✓ *'न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड' (NPCIL) द्वारा संचालित केएपीपी-3 वर्तमान में, अपनी कुल बिजली क्षमता के 90 प्रतिशत पर काम कर रही है।*

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू
## वन लाइनर

- भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की किस कम्पनी द्वारा श्रीलंका के उत्तरी क्षेत्र में माहो से ओमनथाई तक पुनर्निर्मित महत्वपूर्ण रेल लाइन का लोकार्पण 13 जुलाई, 2023 को किया गया? **इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड**
- केन्द्र सरकार ने जैविक उर्वरक को बढ़ावा देने के लिए प्रति मीट्रिक टन उर्वरक पर कितनी राशि की बाजार विकास सहायता-एमडीए को मंजूरी दी है? **₹ 1500**
- मानव रहित विमान प्रणालियों और अभिनव वायु गतिशीलता में सहयोग के लिए 'नागरिक उड्डयन महानिदेशक' (डीजीसीए) ने किस एजेंसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर जुलाई 2023 में हस्ताक्षर किए हैं? **यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए)**
- उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के अन्तर्गत 'एक जिला एक उत्पाद '(ओडीओपी) कार्यक्रम ने नई दिल्ली में किस राज्य सरकार के साथ अपने पहले सहयोग का शुभारम्भ जुलाई 2023 में किया? **गुजरात**
- सहारा समूह जमाकर्ताओं को रिफंड पाने में मदद के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कौनसा पोर्टल 18 जुलाई, 203 को लॉन्च किया है? **सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल**
- कौनसी कम्पनी 'एशिया ट्रांजिशन फाइनेंस स्टडी ग्रुप' (ATFSG) में भागीदारी करने वाली पहली भारतीय कम्पनी बन गई है? **पॉवर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी)**
- केन्द्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला द्वारा कौनसा एप 28 जून, 2023 को लॉन्च किया गया जिसके माध्यम से किसान और हितधारक अपने खेतों पर फिनफिश, झींगा और मोलस्क की बीमारियों की स्वयं-रिपोर्टिंग कर सकेंगे तथा उन्हें वैज्ञानिक तकनीकी सहायता प्रदान की जा सकेगी? **रिपोर्ट फिश डिजीज**




# प्रादेशिक परिदृश्य

## राजस्थान/Rajasthan

### प्रधानमंत्री ने किया सीकर से विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने राजस्थान प्रवास के दौरान 27 जुलाई, 2023 को सीकर से विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- प्रधानमंत्री ने यहाँ चित्तौड़गढ़, धौलपुर, सिरोही, सीकर और श्री गंगानगर में पाँच नए चिकित्सा महाविद्यालयों का उद्घाटन किया तथा सात चिकित्सा महाविद्यालयों का शिलान्यास भी किया।
  - ✓ *जहाँ सात मेडिकल कॉलेजों की आधारशिला रखी गई, उनमें बाराँ, बूँदी, करौली, झुँझुनूँ, सवाई माधोपुर, जैसलमेर और टोंक शामिल हैं।*
- इसके अलावा प्रधानमंत्री ने उदयपुर (2), बाँसवाड़ा (2), प्रतापगढ़ (1), डूँगरपुर (1) जिलों में छह एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री द्वारा जोधपुर में केन्द्रीय विद्यालय, तिवरी का भी उद्घाटन किया गया।
- सल्फर-युक्त यूरिया की एक नई किस्म **यूरिया गोल्ड** का शुभारम्भ।
- प्रधानमंत्री द्वारा **अमृतसर-जामनगर आर्थिक गलियारे** (Amritsar-Jamnagar Economic Corridor) का छह-लेन वाला ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे खंड का लोकार्पण किया गया।
  - ✓ *500 किमी से अधिक लम्बा यह खण्ड, राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के जाखड़ावाली गाँव से जालौर जिले के खेतलावास गाँव तक फैला हुआ है, जिसे लगभग ₹ 11,125 करोड़ की लागत से निर्मित किया गया है।*

### प्रसव वॉच को मिला 'नेशनल पब्लिक हैल्थ एक्सीलैंस अवॉर्ड'

- नई दिल्ली में आयोजित 'नेशनल हैल्थ टेक इनोवेशन कॉन्क्लेव' में राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग की 'प्रसव वॉच' एप्लीकेशन को 'नेशनल पब्लिक हैल्थ एक्सीलैंस अवॉर्ड' से 27 जुलाई, 2023 को सम्मानित किया गया।
- 'प्रसव वॉच' एप्लीकेशन को राष्ट्रीय स्तर का यह पुरस्कार चिकित्सा के क्षेत्र में **अभिनव इनोवेशन** के लिए प्रदान किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि राजस्थान देश का ऐसा पहला राज्य है जिसमें 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन' के अन्तर्गत मातृ स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा राज्य की प्रमुख उच्च प्रसवभार वाले 360 मेडिकल इंस्टीट्यूट पर करवाए जा रहे संस्थागत प्रसवों की डिजिटलाइज क्लिनिकल केयर और मॉनिटरिंग के लिए 'प्रसव वॉच' एप्लीकेशन संचालित की जा रही है।

### राजस्थान औद्योगिक सुरक्षा बल के गठन को मंजूरी

- प्रदेश की औद्योगिक इकाइयों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तर्ज पर 'राजस्थान औद्योगिक सुरक्षा बल' (Rajasthan Industrial Security Force-RISF) का गठन किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को जुलाई 2023 में मंजूरी दे दी है।
- **बटालियन**- राजस्थान औद्योगिक सुरक्षा बल (RISF) में तीन बटालियन गठित की जाएँगी।
  - ✓ *इन बटालियन का मुख्यालय* **भिवाड़ी, चित्तौड़गढ़ एवं बालोतरा** *में होगा।*

### नॉर्थ डेहली फोल्ड बेल्ट अलवर में लेड, जिंक, सिल्वर खनिज की खोज

- नॉर्थ डेहली फोल्ड बेल्ट अलवर की रैणी तहसील के बिलेटा के पास लेड, जिंक और सिल्वर डिपोजिट के स्पष्ट संकेत मिलने के बाद राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य खनिज अन्वेषण ट्रस्ट से विस्तृत एक्सप्लोरेशन कराने का निर्णय लिया है।
- अलवर के रैणी के बिलेटा के पास के लगभग 20 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में डिपोजिट मिलने की सम्भावना है।
- इस क्षेत्र से एकत्रित किए गए सेंपल्स में लेड, जिंक, सिल्वर, सल्फाइड मिनरल्स, कॉपर, पायराइट मिनरल्स के डिपोजिट की संभावना व्यक्त की गई है।
- यह पहला अवसर है जब नॉर्थ डेहली फोल्ड बेल्ट में लेड, जिंक, सिल्वर के डिपोजिट के स्पष्ट संकेत मिले हैं।
  - ✓ *अभी तक साउथ डेहली फोल्ड बेल्ट में उदयपुर, भीलवाड़ा, राजसमंद और अजमेर में लेड, जिंक, सिल्वर के डिपोजिट्स मिले हैं और इन क्षेत्रों में हिन्दुस्तान जिंक द्वारा माइनिंग की जा रही है।*

## नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के इको सेंसिटिव जोन का प्रारूप तैयार

- नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र (Eco Sensitive Zone) के लिए जोनल मास्टर प्लान का प्रारूप तैयार कर लिया गया है।
- जोनल मास्टर प्लान जयपुर स्थित 'मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' के द्वारा तैयार किया गया है।

**इको-सेंसिटिव जोन के बारे में**

- वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा के लिए आस-पास के क्षेत्र को इको-सेंसिटिव क्षेत्र घोषित किया जाता है।
- ऐसे क्षेत्र वनों की कमी और मानव-पशु संघर्ष को कम करने में भी अहम भूमिका अदा करते हैं।
- इको-सेंसिटिव क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र प्रबंधन के कोर और बफर मॉडल पर आधारित हैं, जिसके माध्यम से स्थानीय क्षेत्र समुदायों को भी संरक्षित और लाभान्वित किया जाता है।

## राजस्थान में कुल 44 अधिसूचित वेटलैंड

- पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वेटलैंड्स के संरक्षण एवं एकीकृत प्रबंधन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राज्य के 19 जिलों में कुल 44 अधिसूचित आर्द्रभूमि (Wetlands) की सूची जारी की गई है।
  - ✓ *इसके अन्तर्गत बारां जिले में सर्वाधिक 12 वेटलैंड्स होंगे।*

### राजस्थान के अधिसूचित आर्द्रभूमि क्षेत्र (जिलेवार)

| जिला | आर्द्रभूमि |
|---|---|
| बाराँ | एकलेरा सागर, कोटरापार तालाब, बेथाली डैम, हिंगलोत डैम, उतावली डैम, सेहरोल डैम, गरड़ा तालाब, नियाना तलाई, नाहरगढ़, तेजा जी की तलाई, पुष्कर तालाब, ल्हासी डैम। |
| बीकानेर | देवी कुंड सागर एवं सूरसागर। |
| बूँदी | नवल सागर लेक। |
| चित्तौड़गढ़ | मंगलवाड़ तालाब, किशन कारेरी, बड़वई लेक, गम्भीरी डैम। |
| डूँगरपुर | साबेला तालाब। |
| जोधपुर | कायलाना व सूरपुरा। |
| कोटा | पक्षी विहार केनवास, किशोर सागर, हनोतिया। |
| नागौर | डीडवाना (खाल्दा)। |
| पाली | लखोटिया तालाब एवं लोरडिया तालाब। |
| राजसमंद | राज्यावास एवं राघव सागर। |
| सीकर | रेवासा। |
| टोंक | बुद्धसागर, बीसलपुर, चंदलाई, मोतीसागर, गलवानिया, टोरडी सागर। |
| उदयपुर | मेनार तालाब वेटलैंड काम्प्लेक्स। |
| भीलवाड़ा | चावण्डिया। |
| प्रतापगढ़ | केसरियावाड़। |
| सिरोही | लाखेराव तालाब। |
| अजमेर | बड़ा तालाब। |
| जालौर | रनखार। |
| झालावाड़ | बड़बेला तालाब। |

**आर्द्रभूमि के बारे में**

- इन्हें 'किडनी ऑफ द लैंडस्केप' (Kidneys of the Landscape) एवं 'बायोलॉजिकल सुपरमार्केट' के नाम से भी जाना जाता है।
- ये ऐसी नम एवं दलदली भूमि हैं, जो वर्ष-भर आंशिक रूप से या पूर्णतः जल से भरी रहती हैं।
- वेटलैंड्स वह पारिस्थितिकीय तंत्र हैं, जो बाढ़ के दौरान जल के आधिक्य का अवशोषण कर लेते हैं जिससे कि मानवीय आवास वाले क्षेत्र जलमग्न होने से बच जाते हैं।
- ये 'कार्बन अवशोषण' व 'भू-जल स्तर' में वृद्धि जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाओं का निर्वहन कर वेटलैंड्स पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

## राइट-टू-हेल्थ के नियम व उपनियमों के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित

- विधानसभा द्वारा पारित स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम-2022 के सम्बन्ध में बनाए जा रहे नियम व उपनियमों के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है।
- **समिति के अध्यक्ष**- इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एण्ड बिलियरी साइंसेज नई दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर डॉ. एस. के. सरीन को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।
- **समिति का कार्य**- उक्त समिति स्वास्थ्य का अधिकार कानून से जुड़े सभी हितधारकों से गहन विचार-विमर्श करके, उनके द्वारा दिए गए उपयोगी सुझावों को शामिल करते हुए अपनी अनुशंसा राज्य सरकार को भेजेगी।

## राजस्थान राज्य तेली घाणी विकास बोर्ड का गठन

- राज्य सरकार द्वारा तेली समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए 'राजस्थान राज्य तेली घाणी विकास बोर्ड' का गठन किया गया है।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंजूरी के बाद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने इसके गठन सम्बन्धी आदेश जुलाई 2023 में जारी कर दिए।
- **बोर्ड की संरचना** : बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 3 सदस्यों सहित कुल 5 गैर-सरकारी सदस्य होंगे, इसमें सरकारी सदस्यों की संख्या 7 होगी।

## राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा विगत तीन वर्ष के पुरस्कार घोषित

- राज्य के साहित्य को प्रोत्साहित, सम्मानित और संवर्धित करने के लिए स्थापित स्वायत्तशासी संस्थान 'राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर' द्वारा वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 के शेष पुरस्कारों की घोषणा 24 जुलाई, 2023 को की गई।

**वर्षवार घोषित पुरस्कार : एक नजर में**

| पुरस्कार | वर्ष 2021-22 | वर्ष 2020-21 | वर्ष 2019-20 |
|---|---|---|---|
| **मीरां पुरस्कार** (अकादमी का सर्वोच्च पुरस्कार) | **प्राप्तकर्ता :** डॉ. पद्मजा शर्मा (जोधपुर)<br>**कृति :** मोबाइल, पिक और हॉस्टल तथा अन्य कहानियाँ | **प्राप्तकर्ता :** डॉ. आर.डी. सैनी (पिलानी मूल के जयपुर निवासी)<br>**कृति :** प्रिय ओलिव | **प्राप्तकर्ता :** गोविंद माथुर (जयपुर)<br>**कृति :** मुड़ कर देखता है जीवन |
| **रांगेय राघव पुरस्कार** (गद्य विधा) | **प्राप्तकर्ता :** दिनेश पंचाल (डूँगरपुर)<br>**कृति :** खेत | **प्राप्तकर्ता :** रीना मेनारिया (उदयपुर)<br>**कृति :** बनास पार | **प्राप्तकर्ता :** संदीप मील (पोसानी-सीकर)<br>**कृति :** कोकिलाशास्त्र |
| **सुधींद्र पुरस्कार** (पद्य विधा) | **प्राप्तकर्ता :** जितेंद्र कुमार सोनी (हनुमानगढ़)<br>**कृति :** रेगमाल | **प्राप्तकर्ता :** गुलाम मोहियुद्दीन माहिर (बीकानेर)<br>**कृति :** आतशे-कल्बो-जिगर | **प्राप्तकर्ता :** भानु भारवि (जयपुर)<br>**कृति :** रंग अब वो रंग नहीं |
| **कन्हैयालाल सहल पुरस्कार** (विविध) | **प्राप्तकर्ता :** विमला भंडारी (सलंबूर)<br>**कृति :** अध्यात्म का वह दिन (यात्रा-संस्मरण) | **प्राप्तकर्ता :** उमा (जयपुर)<br>**कृति :** किस्सागोई | **प्राप्तकर्ता :** ओम नागर (अंता-बारां)<br>**कृति :** निब के चीरे से (डायरी) |
| **देवराज उपाध्याय पुरस्कार** (आलोचना) | **प्राप्तकर्ता :** दिनेश कुमार माली (सिरोही निवासी, ओड़िसा प्रवासी)<br>**कृति :** त्रेतारू एक सम्यक मूल्यांकन | **प्राप्तकर्ता :** माधव नागदा (नाथद्वारा)<br>**कृति :** समकालीन हिंदी लघुकथा और आज का यथार्थ | **प्राप्तकर्ता :** सदाशिव श्रोत्रिय (उदयपुर)<br>**कृति :** कविता का पार्श्व |
| **देवीलाल सामर पुरस्कार** (एकांकी-नाटक) | **प्राप्तकर्ता :** प्रबोध कुमार गोविल (जयपुर)<br>**कृति :** बता मेरा मौतनामा | **प्राप्तकर्ता :** राजकुमार बुनकर इंद्रेश (जयपुर)<br>– | **प्राप्तकर्ता :** अशोक राही (जयपुर)<br>**कृति :** विष्णुगुप्त चाणक्य ...और रावण मिल गया |
| **शंभूदयाल सक्सेना पुरस्कार** (बाल साहित्य) | **प्राप्तकर्ता :** सत्यनारायण व्यास (रायपुर-भीलवाड़ा)<br>**कृति :** रोचक बाल कहानियाँ | **प्राप्तकर्ता :** पूरन सरमा (जयपुर)<br>**कृति :** सद्भाव का उजाला | **प्राप्तकर्ता :** पंकज वीरवाल किशोर (सलंबूर)<br>– |
| **सुमनेश जोशी पुरस्कार** (प्रथम कृति) | **प्राप्तकर्ता :** अश्विनी त्रिपाठी (बाराँ)<br>**कृति :** हाशिये पर आदमी | **प्राप्तकर्ता :** ब्रिजेश माथुर (अजमेर)<br>– | **प्राप्तकर्ता :** माधव राठौड़ (जोधपुर)<br>**कृति :** मार्क्स में मनु ढूँढ़ती |

**पुरस्कार राशि**

- **मीरां पुरस्कार**- ₹ 75 हजार
- **सुमनेश जोशी पुरस्कार**- ₹ 21 हजार
- **सुधींद्र पुरस्कार, रांगेय राघव पुरस्कार, देवराज उपाध्याय पुरस्कार, कन्हैयालाल सहल पुरस्कार, देवीलाल सामर पुरस्कार, शंभूदयाल सक्सेना पुरस्कार** : ₹ 31 हजार

- **प्रशासनिक विभाग** : कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग बोर्ड का प्रशासनिक विभाग होगा।
- **कार्य** : बोर्ड तेली समुदाय के लोगों के उत्थान हेतु नवीन योजनाएँ बनाकर तथा समस्याओं की पहचान कर राज्य सरकार को सुझाव प्रस्तुत करेगा।
  - ✓ *बोर्ड तेली घाणी के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण, उद्यमिता संवर्धन, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने सहित अन्य कार्य करेगा।*

## ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आधारित गिग वर्कर्स के कल्याण के लिए विधेयक पारित

- ओला, स्विगी, उबर, जोमेटो जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से गिग वर्कर्स के रूप में जुड़े लाखों युवाओं के हितों का संरक्षण करने के उद्देश्य से राज्य विधानसभा द्वारा 24 जुलाई, 2023 को **'राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित गिग कर्मकार (रजिस्ट्रीकरण और कल्याण) विधेयक- 2023'** पारित किया गया है।
- इसके साथ ही गिग (GIG) वर्कर्स के कल्याण के लिए विधेयक पारित करने वाला **राजस्थान देश का पहला राज्य** बन गया है।

- विधेयक के तहत् राज्य में राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित गिग कर्मकार सामाजिक सुरक्षा और कल्याण निधि का गठन किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-24 के राज्य बजट में गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए गिग वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की स्थापना और ₹ 200 करोड़ की राशि से गिग वर्कर्स वेलफेयर एण्ड डवलपमेंट फण्ड के गठन की घोषणा की थी।

## राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (जोबनेर) जयपुर विधेयक-2023 विधानसभा में पारित

- राजस्थान विधानसभा में राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (जोबनेर) जयपुर विधेयक-2023 को 20 जुलाई, 2023 को पारित कर दिया गया।
- इस विधेयक के पारित हो जाने से अब राज्य में दो पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हो जाएँगे।
  - ✓ *बीकानेर में 'पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय' पहले से ही स्थित है।*
- इस विधेयक के पारित होने से जोबनेर में स्थापित होने वाले नवीन विश्वविद्यालय का अधिकार क्षेत्र 17 जिलों का होगा।
  - ✓ *बीकानेर में स्थित 'पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्व-विद्यालय' के अधिकार क्षेत्र में 16 जिले होंगे।*

### मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय विधेयक-2023

- **जोधपुर** में '**मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय**' स्थापित करने के उद्देश्य से राजस्थान विधानसभा में 20 जुलाई, 2023 को 'मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय विधेयक-2023' पारित किया गया।
  - ✓ *इस विश्वविद्यालय को खोलने के लिए ₹500 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है।*

### राजस्थान मृत शरीर का सम्मान विधेयक -2023

- राजस्थान विधानसभा द्वारा 20 जुलाई, 2023 को पारित 'राजस्थान मृत शरीर का सम्मान विधेयक -2023' मृत शरीरों की गरिमा को सुनिश्चित करते हुए इनके धरना-प्रदर्शन में किए जाने वाले दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगाएगा।
  - ✓ *इस विधेयक से लावारिस शवों की डीएनए एवं जेनेटिक प्रोफाइलिंग कर डाटा संरक्षित भी किया जाएगा ताकि भविष्य में उनकी पहचान हो सके।*

**विधेयक के प्रावधान :**

- परिजन द्वारा मृत व्यक्ति का शव नहीं लेने की स्थिति में विधेयक में एक वर्ष तक की सजा व जुर्माने का प्रावधान किया गया है।
- परिजन द्वारा धरना-प्रदर्शन में शव का उपयोग करने पर भी 2 वर्ष तक की सजा व जुर्माने का प्रावधान किया गया है।
- परिजन से भिन्न अन्य व्यक्ति द्वारा शव नहीं लेने का विरोध करने पर 6 माह से 5 वर्ष तक की सजा एवं जुर्माने से दण्डित करने का प्रावधान किया गया है।
- कार्यपालक मजिस्ट्रेट को मृतक का अंतिम संस्कार 24 घंटे में कराने की शक्ति प्रदान की गई है।
- परिजन द्वारा शव का अंतिम संस्कार नहीं करने की स्थिति में लोक प्राधिकारी द्वारा अंतिम संस्कार किया जा सकेगा।

### राजस्थान संगठित अपराध का नियंत्रण विधेयक - 2023

- राजस्थान विधानसभा द्वारा 20 जुलाई, 2023 को पारित 'राजस्थान संगठित अपराध का नियंत्रण विधेयक- 2023' में अपराधियों द्वारा अर्जित सम्पत्ति को जब्त करने के साथ ही विशेष न्यायालयों की स्थापना एवं विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति करने के प्रावधान किए गए हैं, ताकि मुकदमों का शीघ्र निस्तारण हो सके।
  - ✓ *इस तरह का कानून बनाने वाला राजस्थान देश का चौथा राज्य है। पूर्व में महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं गुजरात में इस तरह के कानून लागू किए जा चुके हैं।*
- उल्लेखनीय है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-5 के अन्तर्गत राज्य सरकार विशेष प्रक्रिया के कानून बना सकती है, जिसके अन्तर्गत यह विधेयक लाया गया है।

### राज्य विधानसभा में पारित अन्य प्रमुख विधेयक

- **कोटा विकास प्राधिकरण विधेयक-2023**
  - ✓ *इस रीजन में कोटा शहर, कैथून (जिला कोटा), तालेड़ा व केशवरायपाटन (जिला बूँदी) सहित 292 गाँवों को शामिल किया गया है।*
- **राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर (नाम परिवर्तन और संशोधन) विधेयक-2023**
  - ✓ *अधिनियम के प्रभावी होने पर राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर का नाम **विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर** होगा।*
  - ✓ *इसके माध्यम से इस विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम एवं प्रशिक्षण के स्तर की समय-समय पर जाँच सुनिश्चित हो सकेगी।*
- **राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक-2023**
  - ✓ *प्राधिकरण का बिल पास होकर एक्ट बन जाने से प्रदेश में आयोजित होने वाले मेले व पदयात्राएँ अधिक सुरक्षित व सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित हो सकेंगे।*
  - ✓ *राज्य मेला प्राधिकरण का गठन वर्ष 2011 में किया गया था।*
- **राजस्थान सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक-2023**
  - ✓ *राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम-2001 में संशोधन*
  - ✓ *नए प्रावधानों के अन्तर्गत अब रजिस्ट्रार बिना न्यायालय की अनुमति के सोसायटी के अभिलेखों एवं सम्पत्ति की तलाशी ले सकेंगे तथा इनका अधिग्रहण कर सकेंगे।*
  - ✓ *विधेयक के माध्यम से अधिनियम की धारा-63 की उप धारा 3 को भी हटाया जाएगा।*
- **राजस्थान विधियाँ निरसन विधेयक-2023**

- ✓ *प्रशासन एवं प्रबंधन कारागार अधिनियम-1894 एवं राजस्थान बंदी अधिनियम-1960 में समय-समय पर किए गए विभिन्न संशोधनों को एकजाई कर यह विधेयक लाया गया है।*
- ✓ *खुले शिविर के मामले में राजस्थान पूरे देश में पहले स्थान पर है। देश के लगभग 40 प्रतिशत खुले बंदी शिविर राजस्थान में हैं।*
- ✓ *प्रदेश की 96 प्रतिशत जेलों में वीसी के माध्यम से पेशी की सुविधा उपलब्ध है।*

- **महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एण्ड सोशियल साइंसेज विधेयक-2023**
  - ✓ *'महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एण्ड सोशियल साइंसेज' की स्थापना टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशियल साइंसेज की तर्ज पर की जाएगी।*
  - ✓ *इस सम्बन्ध में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशियल साइंसेज व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साथ एमओयू किया गया है।*
- **राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान विधेयक-2023**
  - ✓ *'राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान' जोधपुर में स्थापित किया जा रहा है। यहाँ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञ तैयार होंगे।*

## न्यूनतम आय गारंटी विधेयक 2023 विधानसभा में पारित

- राजस्थान विधानसभा द्वारा 21 जुलाई, 2023 को 'राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी विधेयक-2023' को पारित कर दिया गया।
- राजस्थान इस विधेयक को पेश करने वाला देश का पहला राज्य है।

### विधेयक के प्रावधान

- इस विधेयक के कानून बनने के बाद राजस्थान में अब सभी ग्रामीण और शहरी परिवारों को एक वर्ष में 125 दिन सुनिश्चित रोजगार मिलेगा।
- विधेयक के तहत् राज्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत् वृद्ध, विशेष योग्यजन, विधवा या एकल महिला लाभार्थियों को हर महीने न्यूनतम ₹ 1,000 पेंशन मिलेगी।
  - ✓ *इसमें 15 प्रतिशत स्वतः वृद्धि का प्रावधान किया गया है, जो जुलाई में 5 प्रतिशत एवं माह जनवरी में 10 प्रतिशत की दर से होगी। इस वृद्धि की आधार राशि ₹ 1000 होगी।*

### अन्य पारित विधेयक

- **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) (संशोधन) विधेयक, 2023-** सार्वजनिक भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक एवं नकल रोकने के उद्देश्य से पूर्व में लागू 'राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम-2022' विधेयक में अधिक सख्त सजा का प्रावधान करते हुए यह संशोधन विधेयक लाया गया है।
  - ✓ *अब इसके अन्तर्गत कारावास की न्यूनतम अवधि 5 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष तथा अधिकतम अवधि 10 वर्ष से बढ़ाकर आजीवन तक करने का प्रावधान किया गया है।*

## विश्व जनसंख्या दिवस पर राज्य-स्तरीय सम्मान समारोह

- विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राज्य-स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन जयपुर में 11 जुलाई, 2023 को किया गया।
- इस समारोह में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए, जिनमें से प्रमुख निम्नवत हैं–

### श्रेणीवार पुरस्कार

- **संस्थागत पुरस्कारों की श्रेणी** : झालावाड़ जिला (I), हनुमानगढ़ जिला (II) एवं प्रतापगढ जिला (III), बूँदी जिला (IV)।
- **पीपीआईयूसीडी निवेशन** : झालावाड़ जिला प्रथम।
- **सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाली पंचायत समिति** : शाहपुरा पंचायत समिति, भीलवाड़ा (I), राजसमंद पंचायत समिति (II), पीसांगन पंचायत समिति, अजमेर (III)।
- **सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाली ग्राम पंचायत** : सलोदा ग्राम

READ
Dr. L.R. Bhalla Books
For Sure Success in Merit List
For RAS & All Forthcoming Competitive Exams
RPSC
Latest Editions
मेधांश राजस्थान
राजस्थान का भूगोल
Contemporary Rajasthan
Geography of Rajasthan
G.K. of Rajasthan
Objective Type Study
राजस्थान का सामान्य ज्ञान
वस्तुनिष्ठ अध्ययन

पूर्णतः परिवर्द्धित एवं संशोधित नव संस्करण
R.A.S.(Pre.), Teacher Grade-I, II, एवं III और राज्य स्तरीय सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु
Released on 20 July, 2023
Dr. Bhalla's
सामयिक राजस्थान
₹ 920
भूगोल, अर्थव्यवस्था, इतिहास, कला एवं संस्कृति, राजव्यवस्था, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
डॉ. एल.आर. भल्ला

एनसीईआरटी किताबों से महत्वपूर्ण तथ्यों का कवरेज (कक्षा 6 - 10)
पाठ्यक्रम का विषयवार कवरेज और पिछले वर्षों के प्रश्नों के साथ

कुलदीप पब्लिकेशन्स्
1731, ठठेरों का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-302001
Mob. : 9829436442
kuldeeppublicationjaipur@gmail.com

पंचायत, राजसमंद (I), मोयणा ग्राम पंचायत, अजमेर (II), ग्राम पंचायत छापली, राजसमंद (III)।

- **सरकारी चिकित्सालय की श्रेणी** : जिला अस्पताल नीमकाथाना, सवाई माधोपुर जिले की सीएचसी बौंली और अजमेर जिले की सिंघावल पीएचसी सर्वश्रेष्ठ रही।
- **निजी चिकित्सालय** : श्यामा देवी मेमोरियल हॉस्पिटल, दौसा (I), सीटी अस्पताल, भीलवाड़ा (II)
- **एनजीओ की श्रेणी** में एफआरएचएस इंडिया जयपुर तथा कोटा जिले का परिवार सेवा संस्थान सम्मान पाने में सफल रहा।

## आवासन मंडल को 'एक्सीलेंस इन पीएसयू' पुरस्कार

- मुम्बई के ताज होटल में 13 जुलाई, 2023 को आयोजित समारोह में 'राजस्थान आवासन मंडल' को 'एक्सीलेंस इन पीएसयू' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- इसके साथ ही आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को 'एग्जमप्लरी लीडर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- उक्त दोनों राष्ट्रीय पुरस्कार 'वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस' की ओर से प्रदान किए गए हैं।
- उल्लेखनीय है कि आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा के नेतृत्व में विगत चार वर्षों में मण्डल को कुल 31 अवॉर्ड मिल चुके हैं।

## पी.जी.आई 2.0 में राजस्थान को मिला आकांक्षी-1 ग्रेड

- शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों हेतु प्रदर्शन क्रम निर्धारण सूचकांक 2.0 (Performance Grading Index 2.0 'PGI 2.0') पर एक रिपोर्ट तथा वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 के लिए जिलों के प्रदर्शन क्रम निर्धारण सूचकांक (पीजीआई-डी) (Performance Grading Index for Districts 'PGI-D') पर संयुक्त रिपोर्ट 9 जुलाई, 2023 को जारी की गई।
  - ✓ *पीजीआई को पहली बार वर्ष 2017-18 के लिए जारी किया गया था।*
- पीजीआई 2.0 को निम्न 6 डोमेन में बाँटा गया है–
  - ✓ *अधिगम परिणाम (Learning Outcomes and Quality–LO), पहुँच (Access-A), बुनियादी ढाँचे और सुविधाएँ (Infrastructure & Facilities–I&F), इक्विटी (Equity-E), शासन प्रक्रिया (Governance Processes–GP) और शिक्षक शिक्षा तथा प्रशिक्षण (Teacher, Education & Training–TE&T)।*

### पीजीआई 2.0 में राजस्थान का प्रदर्शन

- राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों हेतु प्रदर्शन क्रम निर्धारण सूचकांक 2.0 (Performance Grading Index 2.0 'PGI 2.0') में राजस्थान को 577.5 के स्कोर के साथ आंकाक्षी-1 ग्रेड प्रदान की गई है।

**विभिन्न डोमेन में राजस्थान की स्थिति**

| डोमेन | डोमेन-1 (240) | डोमेन-2 (80) | डोमेन-3 (190) |
|---|---|---|---|
| स्कोर | 98.8 | 54.7 | 66.0 |
| ग्रेड | प्रचेस्टा-2 | उत्तम | प्रचेस्टा-3 |
| **डोमेन** | **डोमेन-4 (260)** | **डोमेन-5 (130)** | **डोमेन-6 (100)** |
| स्कोर | 223.9 | 66.6 | 67.5 |
| ग्रेड | उत्कर्ष | प्रचेस्टा-1 | उत्तम |

### पीजीआई-डी में राजस्थान का प्रदर्शन

- 'पीजीआई-डी' द्वारा एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली प्लस (UDISE+), नेशनल अचीवमेंट सर्वे (NAS), 2017 और सम्बन्धित जिलों द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा सहित विभिन्न स्रोतों से एकत्र किए गए आँकड़ों के आधार पर स्कूली शिक्षा में जिला-स्तरीय प्रदर्शन का आकलन किया गया है।

## मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम

- प्रदेश में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन 9-15 अगस्त, 2023 को किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम में बनाई जाने वाली अमृत वाटिका में देशज प्रकार के 75 या अधिक पौधों को लगाया जाएगा।
- आजादी का अमृत महोत्सव के समापन पर आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में हर ग्राम से माटी का कलश ग्राम पंचायत तक एवं ग्राम पंचायतों से माटी का कलश ब्लॉक स्तर तक लाया जाएगा।
- ब्लॉक से नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवकों द्वारा यह माटी कलश ब्लॉक से देश की राजधानी तक लाया जाएगा जहाँ राष्ट्रीय स्तर का समारोह होगा।
- **शैलपलक्कम**- गाँव, ब्लॉक, स्थानीय निकायों के स्तर पर अमृत सरोवर के पास, वाटर बॉडी, पंचायत बिल्डिंग, स्कूल के पास स्थानीय वीरों को श्रद्धांजली देने के लिए एक समर्पित श्रद्धांजली स्थल 'शैलपलक्कम' बनाया जाएगा।
- इसी स्थल पर 15 अगस्त, 2023 को स्वतंत्रता सैनानियों एवं उनके परिवारों, शहीदों का सम्मान, ध्वजारोहण, राष्ट्रगान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे एवं पाँच प्रण लिए जाएँगे।
  - ✓ *शहरी निकायों में भी इसी प्रकार के आयोजन होंगे।*

# Rajasthan News InShort

### सीनियर नेशनल वुशू चैम्पियनशिप में राजस्थान ने जीते 17 पदक

- 32वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला व पुरुष वुशू चैम्पियनशिप 26 जून-1 जुलाई, 2023 को महाराष्ट्र में आयोजित की गई।

- इस चैम्पियनशिप में राजस्थान की टीम कुल 17 पदक (7 स्वर्ण व 10 कांस्य पदक) हासिल करने में सफल रही।
- इसमें तीन स्वर्ण पदक व तीन कांस्य पदक के साथ संशोऊ वर्ग में राजस्थान को तीसरे स्थान के लिए ट्राफी प्रदान की गई।

## राजस्थान राज्य स्थापत्य कला बोर्ड

- कुमावत जाति वर्ग की समस्याओं के समाधान तथा परम्परागत स्थापत्य कला को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 'राजस्थान स्थापत्य कला बोर्ड' का गठन किया जाएगा।
- इससे सम्बन्धित प्रस्ताव को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 27 जुलाई, 2023 को मंजूरी दे दी है।
- बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 3 अन्य गैर-सरकारी सदस्य होंगे।
- **उद्देश्य** : कुमावत जाति वर्ग के लोगों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएँ प्रस्तावित करना, कुमावत जाति वर्ग की सामाजिक बुराइयों/कुरीतियों के विरुद्ध ठोस उपाय करने हेतु राज्य सरकार को अभिशंषा के साथ सुझाव देना आदि।

## मिशन वात्सल्य योजना

- राज्य सरकार द्वारा 'मिशन वात्सल्य योजना' का अनुमोदन कर दिया गया है।
- मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत बाल संरक्षण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा बाल संरक्षण से जुड़े कानूनों एवं कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य एवं प्रत्येक जिला स्तर पर '**बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति**' का गठन किया जाएगा।
- योजना के तहत् उपेक्षित बालक-बालिकाओं को संस्थागत देख-रेख की जगह अब पारिवारिक देख-रेख के अन्तर्गत पालन-पोषण देख-रेख उपलब्ध हो सकेगी।

## वर्ल्ड पुलिस एण्ड फायर गेम्स

- 'वर्ल्ड पुलिस एण्ड फायर गेम्स-2023' का आयोजन कनाडा के विन्निपेग में 28 जुलाई-8 अगस्त, 2023 को किया जा रहा है।
- इस प्रतियोगिता में राजस्थान पुलिस के निम्न 11 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं–
  - ✓ *शेर सिंह (एथलेटिक्स), प्रवीण कुमार (एथलेटिक्स), सुश्री मीनू (एथलेटिक्स), सुश्री चतरू ( एथलेटिक्स), सुश्री किरण बालियान (एथलेटिक्स), बंटी नीलगर (बॉडी बिल्डिंग), संजू कुमारी (बॉडी बिल्डिंग), रजत चौहान (आर्चरी), बृजेश यादव (बॉक्सिंग), अजय सिंह (स्वीमिंग), देशराज (रेसलिंग ग्रीको रोमन)।*

## राजस्थान युवा महोत्सव-2023

- राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा 'राजस्थान युवा महोत्सव-2023' का आयोजन 22-31 जुलाई, 2023 को किया गया।
- महोत्सव के प्रथम चरण में ब्लॉक-स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं ने भाग लिया।
- महोत्सव के अन्तर्गत 1-10 अगस्त, 2023 को जिला-स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद राज्य-स्तर की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी।
- **उद्देश्य** : प्रदेश की प्रतिभाओं का चयन कर तथा उन्हें प्रशिक्षण व सुविधाएँ उपलब्ध करवाकर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करना एवं स्वावलम्बी बनाना।

## स्वीप

- स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) कार्यक्रम निर्वाचन आयोग का फ्लैगशिप कार्यक्रम है।
  - ✓ ***स्वीप (SVEEP) का पूर्णरूप** : Systematic Voters' Education and Electoral Participation*
- स्वीप कार्यक्रम प्रत्येक मतदाता से जुड़ने का एक माध्यम है तथा चुनाव को समावेशी बनाने में इसकी अहम भूमिका है।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए 'मिशन-75' संचालित किया जा रहा है, जिसमें कम प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है।

## राजस्थान राज्य अहिल्या बाई होल्कर बोर्ड

- राज्य सरकार द्वारा 'राजस्थान राज्य अहिल्या बाई होल्कर बोर्ड' का गठन किया गया है।
- **उद्देश्य** : यह बोर्ड गडरिया (गाडरी), गायरी, घोसी (गवाला), पूर्बिया (धनगर, गाडरी) जाति वर्ग की स्थिति की प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव राज्य सरकार को देगा।
- **संरचना** : इस बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 5 गैर-सरकारी सदस्य होंगे।
- **बोर्ड का प्रशासनिक विभाग** : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

## राजस्थान राज्य अवन्ति बाई लोधी बोर्ड

- लोधी (लोधा) समाज की स्थिति का सर्वेक्षण करने, मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध करवाने तथा पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव देने के लिए 'राजस्थान राज्य अवन्ति बाई लोधी बोर्ड' का गठन किया गया है।
- बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 3 गैर-सरकारी सदस्य होंगे।
- इस आशय के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने जुलाई 2023 में मंजूरी दे दी है।

## गौरांशी

- कोटा (राजस्थान) के रामगंज मंडी कस्बे की गौरांशी ने ब्राज़ील में आयोजित 'वर्ल्ड यूथ डेफ बैडमिंटन चैम्पियनशिप' के टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीता है।
- इससे पहले वर्ष 2021 में डेफलम्पियाड में गौरांशी ने स्वर्ण पदक जीता था।
- गौरांशी के माता-पिता भी मूक-बधिर हैं और वह ओलम्पिक्स में भी पदक जीतने की इच्छा जता चुकी हैं।

## राखी गौतम

- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राखी गौतम को राजस्थान महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट की समर्थक मानी जाने वाली राखी इससे पहले राजस्थान कांग्रेस की महासचिव थीं।
- राखी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के टिकट पर कोटा दक्षिण सीट से राजस्थान विधानसभा चुनाव लड़ा था और वह दूसरे नंबर पर रही थीं।

## टीचर इंटरफेस फॉर एक्सीलेंस कार्यक्रम

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'टीचर इंटरफेस फॉर एक्सीलेंस' (Teacher Interface for Excellence-TIE) कार्यक्रम के प्रस्ताव का अनुमोदन जुलाई 2023 में कर दिया।
- यह 1-6 माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसके तहत् प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों, राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के 500 शिक्षक देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्यापन सम्बन्धित प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।
  - ✓ *शिक्षक विदेशों के 1-100 क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यू.एस) रैंक और भारत के 1-100 नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंक वाले प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण ले सकेंगे।*
- **योजना का संचालन** : राजस्थान स्टेट फैकल्टी डवलपमेंट एकेडमी
- **नोडल विभाग** : कॉलेज शिक्षा विभाग

## इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो

- राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद् की भागीदारी में तीन दिवसीय 'इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो' (Indo East Africa Trade Expo) का आयोजन पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या की राजधानी नैरोबी में 5-7 जुलाई, 2023 को किया गया।

## दिव्य कला मेला

- 'दिव्य कला मेला' जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में 29 जून-5 जुलाई, 2023 को आयोजित किया गया।
- इस मेले का आयोजन केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा देशभर के दिव्यांगों/उद्यमियों कारीगरों के उत्पादन और शिल्प कला को प्रदर्शित करने के लिए एक अनूठे कार्यक्रम के रूप में किया गया।
- जयपुर, में आयोजित यह दिव्य कला मेला वर्ष 2022 से शुरू होने वाली दिव्य कला मेला की श्रृंखला में छठवाँ था।
  - ✓ *यह मेला इससे पहले दिल्ली (दिसम्बर 2022), मुम्बई (फरवरी 2023), भोपाल (मार्च 2023), गुवाहाटी (मई 2023) और इंदौर (जून 2023) में आयोजित किया जा चुका है।*
  - ✓ *वर्ष 2023-24 के दौरान यह कार्यक्रम भारत के 12 शहरों में आयोजित किया जाएगा।*

## सत्यव्रत रावत चूण्डा पेनोरमा

- 'सत्यव्रत रावत चूण्डा पेनोरमा' का निर्माण चित्तौड़गढ़ जिले में किया जाएगा, जिसके वित्तीय प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने 30 जून, 2023 को मंजूरी प्रदान की है।

**रावत चूण्डा के बारे में**

- ⌖ रावत चूण्डा मेवाड के महाराणा लाखा के ज्येष्ठ पुत्र थे।
- ⌖ उन्होंने पिता के आदेश को मानकर अपनी वरिष्ठता, राजगद्दी और यहाँ तक कि राज्य की सीमाओं का भी त्याग कर दिया था।
- ⌖ रावत चूण्डा 'कलयुग के भीष्म पितामह' के नाम से प्रसिद्ध हैं।

## राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट–2023

- घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 2023' 14-16 जुलाई, 2023 को आयोजित किया गया।
- **संस्करण**- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, झालाना (जयपुर) में आयोजित यह आरटीडीएम (Rajasthan Domestic Travel Mart) का तीसरा संस्करण था।
- **आयोजक**- राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूअर ऑपरेटर्स, फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटलिटी एण्ड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर), इंडियन हैरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स।
- **आरटीडीएम 2023 की थीम**- सस्टेनेबल टूरिज्म
- **उद्देश्य**- संसाधनों की रक्षा और पोषण करते हुए और उन्हें नकारात्मक प्रभावों से बचाते हुए राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना।

## शिवदास मीना

- बेगमपुरा, टोंक निवासी 1989 बैच के आईएएस अधिकारी शिवदास मीना को तमिलनाडु का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है।
- उन्होंने इरै अंबू के स्थान पर तमिलनाडु राज्य के 49वें मुख्य सचिव के रूप में 30 जून, 2023 को कार्यभार ग्रहण किया।

## रुद्रांश खंडेलवाल


- भरतपुर के पैरा-शूटर रुद्रांश खंडेलवाल ने क्रोएशिया के ओसिजेक में जुलाई 2023 में आयोजित विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट (डब्ल्यूएसपीएस) विश्व कप में दो स्वर्ण पदक हासिल किए।
- उन्होंने यह पदक P1 पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल SH1 वर्ग में तथा P4 मिश्रित 50 मीटर पिस्टल SH1 वर्ग में हासिल किए।
- रुद्रांश ने P1 पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल SH1 वर्ग के फाइनल में 240.6 अंक के साथ जूनियर विश्व रिकॉर्ड भी बनाया।

## खुशी पूनिया

- 6वीं यूथ महिला नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 26 जून-2 जुलाई, 2023 को भोपाल (मध्य प्रदेश) किया गया।
- इस प्रतियोगिता में भरतपुर की खुशी पूनिया 81 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं।
- इस प्रतियोगिता में राजस्थान की यूथ महिला बॉक्सिंग टीम ने कुल तीन पदक प्राप्त किए।
- प्रतियोगिता में निर्जरा वाना ने 81 किग्रा. भार वर्ग में रजत पदक तथा निकिता ने 75 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।
- राजस्थान की यूथ महिला बॉक्सिंग टीम की कोच मनीषा चाहर थीं।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- 'इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट गारंटी कार्ड योजना' के तहत् कितनी राशि तक का ब्याज मुक्त लोन प्रदान किया जाता है? **₹ 50 हजार**
- जयपुर के किन बाँधों को ईको एडवेंचर टूरिज्म साइट के रूप में विकसित किया जाएगा? **नेवटा और कानोता बाँध**
- जल जीवन मिशन (जेजेएम) में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 5.40 लाख जल कनेक्शन जारी कर राजस्थान देश में चौथे स्थान पर पहुँच गया है। जेजेएम में ₹ 17,578 करोड़ खर्च कर प्रदेश का देश में कौनसा स्थान है? **दूसरा**
- प्रदेश में राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों का आयोजन कब किया जाना प्रस्तावित है? **5-18 अगस्त, 2023**
- इण्डियन एपिलेप्सी एसोसिएशन और इण्डियन एपिलेप्सी सोसायटी द्वारा संयुक्त रूप से मिर्गी रोग पर कौनसा सम्मेलन 21 जुलाई, 2023 को जयपुर में आयोजित किया गया? **इकोन-2023**
- राज्य सरकार के विरुद्ध बयानों के लिए चर्चा में रहे किस राज्य मंत्री को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंत्रिपरिषद् से 21 जुलाई, 2023 को बर्खास्त कर दिया? **राजेन्द्र सिंह गुढ़ा**
- नेशनल हैण्डलूम वीक का आयोजन 3-7 अगस्त, 2023 को कहाँ किया जाएगा? **जवाहर कला केन्द्र**
- प्रदेश में 'इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंसेज एण्ड ऑप्थेलमोलॉजी' की स्थापना कहाँ की जाएगी, जिसके लिए मुख्यमंत्री ने ₹ 293.79 करोड़ के प्रस्ताव को स्वीकृति जुलाई 2023 में दी है? **सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय**
- मुख्यमंत्री ने राजस्थान पुलिस अकादमी में किस बैंड के गठन करने के प्रस्ताव को मंजूरी जुलाई 2023 में दी है? **महिला सेंट्रल पाइप बैंड**
- एक अभिनव पहल के तहत् केन्द्रीय कारागार अलवर के परिसर में किस नाम से लगाए गए पेट्रोल पम्प का उद्घाटन 15 जुलाई, 2023 को किया गया? **दा आशाएँ फिलिंग स्टेशन**
- प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में 'नो बैग डे' पर स्कूल शिक्षा विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग मिलकर छात्र-छात्राओं की अवेयरनेस के लिए 60 दिन का कौनसा अभियान चलाएँगे? **टोबेको एण्ड ड्रग फ्री यूथ कैम्पेन**
- नागौर जिले की नागौर व डेह तहसील के 14.71 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में किस खनिज के नए भण्डार मिले हैं? **लाइमस्टोन**
- राज्य सरकार ने 'प्रशासन गाँव के संग अभियान 2023' की अवधि को कब तक के लिए बढ़ा दिया है, पहले इसकी अवधि 30 जून, 2023 तक थी? **31 जुलाई, 2023**
- 'पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट एण्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट' के नवीन भवन का निर्माण कहाँ किया जाएगा? **जयपुर**
- प्रदेश में पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए कितने पक्षीघर (लवकुश वाटिकाओं तथा अन्य स्थानों पर) बनाए जाएँगे? **50**
- 15वीं राजस्थान विधानसभा के 8वें सत्र में 14 जुलाई, 2023 को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विधानसभा को सम्बोधित किया। राजस्थान विधानसभा में राष्ट्रपति का सम्बोधन कौनसी बार हुआ है? **पहली बार**
- आगामी विधानसभा चुनावों में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जयपुर जिला प्रशासन ने किस थीम पर मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन को 7 जुलाई, 2023 को हरी झण्डी दिखाई? **म्हारो वोट, म्हारी पहचान**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की किस दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को 7 जुलाई, 2023 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया? **जोधपुर-अहमदाबाद (साबरमती)**
- मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में 'सेंटर ऑफ साइबर सिक्योरिटी, काउण्टर टेररिज्म एण्ड एंटी इंसर्जेन्सी' स्थापित करने की घोषणा के अनुक्रम में राज्य स्तर पर साइबर सुरक्षा लैब कहाँ स्थापित की जाएगी? **राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर**
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर की विरासत नगरी आमेर को किस रूप में विकसित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन 30 जून, 2023 को किया है? **आईकॉनिक डेस्टिनेशन**
- ग्रेटर नगर निगम जयपुर द्वारा प्रदेश का पहला ट्रांसजेंडर जन्म प्रमाण-पत्र 20 जुलाई, 2023 को किसके नाम से जारी किया गया है? **नूर शेखावत**
- महिलाओं को आत्म-निर्भर बनाने की दिशा में श्रीगंगानगर जिला प्रशासन द्वारा किए गए नवाचार के तहत् पहली सैनेटरी नैपकिन फैक्टरी कहाँ स्थापित की गई है? **गाँव मिर्जेवाला**
- देवस्थान विभाग की 'वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2023' के तहत् देवस्थान विभाग ने भारतीय रेलवे की किस सहायक कम्पनी के साथ एमओयू हस्ताक्षर पर 27 जुलाई, 2023 को किए हैं? **भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (IRCTC)**
- अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए राज्य में कितने स्थानों पर राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय संचालित होंगे? **15**



# पुरस्कार एवं सम्मान

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान मिला

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों (Emmanuel Macron) द्वारा फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक और सैन्य सम्मान **'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर'** (Grand Cross of the Legion of Honour) से 13 जुलाई, 2023 को सम्मानित किया गया है।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं।
  - ✓ *इससे पहले जून 2023 में मिस्र ने प्रधानमंत्री मोदी को ऑर्डर ऑफ द नाइल से सम्मानित किया था।*
- विगत् 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिला यह 14वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान है।

***Salient Point...***

- ⌖ लीजन ऑफ ऑनर सर्वोच्च फ्रांसीसी अलंकरण है, जो गतिविधि के सभी क्षेत्रों में सबसे योग्य नागरिकों को दिया जाता है। यह दो शताब्दियों के लिए प्रमुख हस्तियों को प्रदान किया गया है।
- ⌖ यह सम्मान विश्वभर में केवल कुछ ही नेताओं को मिला है, इनमें दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला, किंग चार्ल्स, पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल, संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बुट्रोस-घाली और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल हैं।

## प्रो. थलप्पिल प्रदीप को 'एनी अवॉर्ड'

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) में रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर थलप्पिल प्रदीप को प्रतिष्ठित 'एनी अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है।



**एनी अवॉर्ड से सम्मानित प्रो. थलप्पिल प्रदीप**


- उन्हें यह पुरस्कार उन्नत नैनोस्केल सामग्रियों का उपयोग करके किफायती और स्वच्छ जल उपलब्ध कराने में उनके अभूतपूर्व कार्य के लिए दिया गया है।
- वर्ष 2007 में स्थापित, यह एनी पुरस्कार का 15वाँ संस्करण है।
- इटली के राष्ट्रपति द्वारा निकट भविष्य में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किए जाने की उम्मीद है।
- एनी पुरस्कार तीन अलग-अलग श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं– *ऊर्जा संक्रमण, ऊर्जा सीमाएँ और उन्नत पर्यावरण समाधान।*
  - ✓ ***एनर्जी ट्रांजिशन श्रेणी*** *(Energy Transition Award) में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (लॉस एंजिल्स, अमेरिका) के यू हुआंग और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (बर्कले, अमेरिका) के जेफरी आर. लोंग को सम्मानित किया गया।*
  - ✓ ***एनर्जी फ्रंटियर्स श्रेणी*** *(Energy Frontiers Award) का पुरस्कार लिवरपूल विश्वविद्यालय (यूके) के मैथ्यू रोसेन्स्की को मिला।*
  - ✓ *प्रदीप को* ***उन्नत पर्यावरण समाधान*** *(Advanced Environmental Solutions) के लिए पुरस्कार मिला।*
- प्रतिष्ठित पुरस्कार में एक स्वर्ण पदक, एक प्रशस्ति-पत्र और एक मौद्रिक घटक शामिल है।

## लालियानजुआला चांग्ते वर्ष 2022-23 के सर्वश्रेष्ठ भारतीय फुटबॉलर

- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने वर्ष 2022-23 के **सर्वश्रेष्ठ भारतीय फुटबॉलर का पुरस्कार** भारतीय फुटबॉल टीम के मिडफील्डर **लालियानजुआला चांग्ते** को प्रदान करने की घोषणा 4 जुलाई, 2023 को की है।
  - ✓ *मिजोरम के 26 वर्षीय लालियानजुआला चांग्ते ने ईस्ट बंगाल के नंदकुमार सेकर और नाओरेम महेश सिंह को पीछे छोड़ते हुए यह ख़िताब हासिल किया।*
  - ✓ *जेजे लालपेखलुआ (2016) के बाद लालियानजुआला चांग्ते AIFF मेंस प्लेयर ऑफ़ द ईयर का पुरस्कार जीतने वाले मिज़ोरम के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं।*



**लालियानजुआला चांग्ते**



**मनीषा कल्याण**

- वहीं मनीषा कल्याण ने लगातार दूसरी बार **AIFF वूमेंस फुटबॉलर ऑफ द ईयर** का खिताब अपने नाम किया।

- ✓ *वर्तमान में साइप्रस के प्रथम श्रेणी फुटबॉल क्लब अपोलोन के लिए फ़ॉरवर्ड के रूप में खेलने वाली 21 वर्षीय मनीषा कल्याण ने 2020-21 सीज़न में **AIFF महिला इमर्जिंग फुटबॉलर ऑफ़ द ईयर** का पुरस्कार भी जीता था।*
- ✓ *बाला देवी (तीन) और बेमबेम देवी (दो) के बाद मनीषा कल्याण दो या अधिक बार व्यक्तिगत पुरस्कार जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला फ़ुटबॉलर बन गईं हैं।*

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के वर्ष 2022-23 के इन पुरस्कारों के तहत् घोषित पुरस्कारों की सूची निम्नलिखित है–

- **AIFF मेंस प्लेयर ऑफ़ द ईयर 2022-23** : लालियानजुआला चांग्ते
- **AIFF वूमेंस प्लेयर ऑफ़ द ईयर 2022-23** : मनीषा कल्याण
- **AIFF मेंस इमर्जिंग प्लेयर ऑफ़ द ईयर 2022-23 :** आकाश मिश्रा।
  - ✓ *संदेश झिंगन और प्रीतम कोटाल के बाद आकाश मिश्रा यह पुरस्कार जीतने वाले तीसरे डिफ़ेंडर बन गए हैं।*
- **AIFF वूमेंस इमर्जिंग प्लेयर ऑफ़ द ईयर 2022-23 :** शिलजी शाजी।
- **AIFF मेंस कोच ऑफ़ द ईयर 2022-23 :** क्लिफोर्ड मिरांडा।
- **AIFF वूमेंस कोच ऑफ़ द ईयर 2022-23 :** प्रिया परथी विलप्पिल।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने वर्ष 2022-23 के लिए बेस्ट रैफरी और बेस्ट सहायक रैफरी अवॉर्ड की घोषणा बाद में 25 जुलाई को की।

- **वर्ष के सर्वश्रेष्ठ रैफरी** : राहुल गुप्ता।
- **वर्ष के सर्वश्रेष्ठ सहायक रैफरी** : किशन चंद जोशी।

## पेन पिंटर पुरस्कार-2023

- प्रसिद्ध कवि और लेखक माइकल रोसेन (Michael Rosen) को उनके साहित्यिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित पेन पिंटर पुरस्कार, 2023 (PEN Pinter Prize-2023) से सम्मानित किया गया।
- रोसेन को अपने कार्य और प्रदर्शन के माध्यम से बच्चों के लिए कविता को सुलभ बनाने के लिए जाना जाता है। उनके विषय प्रायः सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक होते हैं।
- यह सम्मान यूके, आयरलैण्ड और राष्ट्रमण्डल के लेखक को दिया जाता है, जिनका काम निडर होकर समकालीन जीवन के बारे में सच्चाई को उजागर करना है।
- पिछले पुरस्कार विजेता लेखकों में मालोरी ब्लैकमैन (2022), सिट्सी डांगरेम्बा (2021), हनीफ कुरैशी (2010), सलमान रुश्दी (2014) और लेमन सिस्से (2019) आदि शामिल हैं।

**Know The Facts** : PEN पिंटर पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2009 में इंग्लिश PEN संस्था द्वारा की गई थी, जो एक वैश्विक साहित्यिक नेटवर्क का संस्थापक केन्द्र है, यह संस्था साहित्य और मानवाधिकारों को बढ़ावा देती है।

## यूके-इंडिया अवॉर्ड्स

- खेल जगत की दिग्गज खिलाड़ी एवं महिला मुक्केबाजी में भारत की पहली ओलम्पिक पदक विजेता एम.सी. मैरीकॉम को दक्षिण-पूर्वी इंग्लैण्ड के विंडसर में वार्षिक 'यूके-इंडिया अवार्ड्स' में 'ग्लोबल इंडियन आइकन ऑफ द ईयर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है।
  - ✓ *राज्यसभा की पूर्व सदस्य 40 वर्षीय मैरीकॉम को 29 जून, 2023 की रात्रि में आयोजित इस भव्य समारोह में ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने यह पुरस्कार दिया।*
- ऑस्कर-नामांकित 'एलिजाबेथ : द गोल्डन एज' के निर्माता **शेखर कपूर** को यूके-इंडिया वीक के हिस्से के रूप में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) द्वारा आयोजित पुरस्कारों में दोनों देशों में सिनेमा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' दिया गया।
- भारतीय उच्चायोग की सांस्कृतिक शाखा **'नेहरू सेंटर'** (लंदन में) को ब्रिटेन और भारत के सम्बन्धों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए **'यूके-भारत अवॉर्ड'** दिया गया।

**Know The Facts** : यह पुरस्कार व्यापार, पेशेवर सेवाओं, सरकार, संस्कृति और सामाजिक प्रभाव में लोगों के उत्कृष्ट योगदान और दोनों देशों के द्विपक्षीय सम्बन्धों को मजबूत करने में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए दिए जाते हैं।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- किस बॉलीवुड अभिनेता को 11 अगस्त, 2023 को मेलबर्न के 14वें भारतीय फिल्म महोत्सव के वार्षिक पुरस्कार समारोह में **भारतीय सिनेमा के राइजिंग ग्लोबल सुपरस्टार पुरस्कार** से सम्मानित किया जाएगा? **कार्तिक आर्यन**
- यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा हाल ही में यूके-भारत सप्ताह समारोह के दौरान किस अनुभवी सैनिक को प्रतिष्ठित 'पॉइंट ऑफ लाइट पुरस्कार' प्रदान किया गया? **राजिंदर सिंह धट्ट**
- हाल ही में किस भारतीय फिल्म निर्देशक को 'व्हॉट्स लव गॉट टु डू विद इट' फिल्म के लिए बेस्ट डायरेक्टर का ब्रिटिश नेशनल अवॉर्ड प्रदान किया गया है? **शेखर कपूर**
- 55वीं युवा संसद प्रतियोगिता 2022-23 के पुरस्कार वितरण समारोह (21 जुलाई, 2023) में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, कालकाजी, दिल्ली को प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के लिए कौनसी ट्रॉफी प्रदान की गई? **रनिंग पार्लियामेंट्री शील्ड और ट्रॉफी**
- किस भारतीय कम्पनी को 'पॉवर ट्रांसमिशन सेक्टर' में 'इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स' की ओर से **'गोल्डन पीकॉक एन्वायर्नमेंट मैनेजमेंट अवॉर्ड'** दिया गया है? **अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड (एटीएल)**



# खेल परिदृश्य

## बैडमिंटन / Badminton

### सात्विक-चिराग की भारतीय जोड़ी ने कोरिया ओपन जीतकर वर्ष का चौथा खिताब जीता

- सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने जुलाई 2023 में कोरिया ओपन का पुरुष युगल खिताब जीतकर इस वर्ष की चौथी चैम्पियनशिप अपने नाम की।
- 23 जुलाई, 2023 को येओसू (कोरिया) में खेले गए फाइनल में सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान की जोड़ी को सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में 17-21, 21-13, 21-14 से पराजित किया।
- सात्विक और चिराग की जोड़ी ने पहली बार कोरिया ओपन जीता है। इस भारतीय जोड़ी ने इस वर्ष इससे पहले स्विस ओपन (सुपर 300), एशियाई चैम्पियनशिप और इंडोनेशिया ओपन (सुपर 1000) जीता था।

#### कोरिया ओपन-2023 के विजेता

- **पुरुष एकल** : एंडरसन एंटोनसेन (डेनमार्क)
- **महिला एकल** : आन से-युंग (द. कोरिया)
- **पुरुष युगल** : सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी
- **महिला युगल** : चेन क्विचेंग और जिया यिफान (चीन)
- **मिश्रित युगल** : फेंग यांझे और हुआंग डोंगपिंग (चीन)

#### सात्विक और चिराग की जोड़ी BWF रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

- सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी 25 जुलाई, 2023 को जारी BWF बैडमिंटन रैंकिंग में एक पायदान की छलांग लगाकर अपने कॅरियर की **सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में दूसरे स्थान पर** पहुँच गई है। इस जोड़ी के BWF रैंकिंग में 87,211 अंक हैं, जबकि फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान की इंडोनेशियाई जोड़ी 91,629 अंक के साथ पहले स्थान पर है।

#### BWF बैडमिंटन रैंकिंग में अन्य भारतीय खिलाड़ी

- **पी.वी. सिन्धु** : महिला एकल रैंकिंग में 17वें स्थान पर।
- **साइना नेहवाल** : महिला एकल रैंकिंग में 37वें स्थान पर।
- **एचएस प्रणॉय** : पुरुष एकल रैंकिंग में 10वें स्थान पर।
- **लक्ष्य सेन** : पुरुष एकल रैंकिंग में 13वें स्थान पर।
- **एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला** : पुरुष युगल रैंकिंग में 27वें स्थान पर।
- **गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली** : महिला युगल रैंकिंग में 19वें स्थान पर।

### लक्ष्य सेन ने जीती कनाडा ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप-2023

- भारतीय युवा शटलर लक्ष्य सेन ने 9 जुलाई, 2023 को कैलगरी में खेले गए कनाडा ओपन 2023 के पुरुष एकल फाइनल में ऑल इंग्लैण्ड चैम्पियन ली शी फेंग को हराकर चैम्पियनशिप जीत ली।
  - ✓ *लक्ष्य सेन ने चीन के शटलर को 21-18, 22-20 से पराजित किया।*
- यह लक्ष्य सेन का इस वर्ष का पहला और उनके कॅरियर का दूसरा BWF वर्ल्ड टूर टाइटल है। लक्ष्य सेन ने इससे पहले इंडिया ओपन का ख़िताब अपने नाम किया था।

#### कनाडा ओपन 2023 बैडमिंटन विजेता

- **पुरुष एकल** : लक्ष्य सेन (भारत)।
- **महिला एकल** : अकाने यामागुची (जापान)।
- **पुरुष युगल** : किम एस्ट्रुप और एण्डर्स स्कारुप रासमुसेन (डेनमार्क)।
- **महिला युगल** : नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा (जापान)।
- **मिश्रित युगल** : हिरोकी मिडोरिकावा और नात्सु सैतो (जापान)।

## क्रिकेट / Cricket

### पुरुष इमर्जिंग टीम्स एशिया कप 2023

- **संस्करण** : 5वाँ
- **आयोजन तिथि** : 13-23 जुलाई, 2023
- **प्रतिभागी टीमें** : 8 (अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, भारत ए, नेपाल ए, ओमान ए, पाकिस्तान ए, श्रीलंका ए, यूएई ए)
- **मैच खेले गए** : 15
- **विजेता** : पाकिस्तान ए क्रिकेट टीम

- पाकिस्तान ए क्रिकेट टीम ने 23 जुलाई, 2023 को आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, श्रीलंका में खेले गए फाइनल में भारत ए को हराकर एशियाई क्रिकेट परिषद् (एसीसी) पुरुष इमर्जिंग टीम्स एशिया कप-2023 का खिताब जीत लिया।
- पाकिस्तान ने यह चैम्पियनशिप लगातार दूसरी बार जीती है, इससे पहले उसने ढाका (बांग्लादेश) में बांग्लादेश के खिलाफ 2019 के फाइनल में एशिया कप जीता था।
- यह चैम्पियनशिप भारत ने 2013 में, श्रीलंका ने 2017 व 2018 में तथा पाकिस्तान ने 2019 और 2023 में जीती है।




### टूर्नामेंट के अवॉर्ड

- **प्लेयर ऑफ द सीरीज** : निशांत सिन्धु (भारत)
- **प्लेयर ऑफ द फाइनल** : तैयब ताहिर (पाकिस्तान)

**Know The Facts** : भारत ए क्रिकेट टीम भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का दूसरा स्तर है, जिसमें ऐसे खिलाड़ी शामिल होते हैं जो आमतौर पर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के रास्ते पर होते हैं।

## दलीप ट्रॉफी 2023-24

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के घरेलू क्रिकेट के प्रथम श्रेणी क्रिकेट की दलीप ट्रॉफी के 60वें संस्करण के लिए मैच 28 जून-16 जुलाई, 2023 को खेले गए।
- इस अन्तर्क्षेत्रीय टूर्नामेंट में 6 टीमें (मध्य क्षेत्र, पूर्व क्षेत्र, उत्तर क्षेत्र, उत्तर-पूर्व क्षेत्र, दक्षिण क्षेत्र व पश्चिम क्षेत्र) शामिल थीं।
- फाइनल मुकाबला दक्षिण क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र के मध्य 12-16 जुलाई, 2023 को बेंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया, जिसमें हनुमा विहारी के नेतृत्व वाली दक्षिण क्षेत्र टीम 75 रनों से विजयी रही।
- चैम्पियन टीम के स्टार तेज गेंदबाज विदवथ कावेरप्पा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- दक्षिण क्षेत्र ने **14वीं बार** इस ट्रॉफी पर कब्जा किया है।

# टेनिस / Tennis

## विम्बलडन चैम्पियनशिप-2023

- टेनिस के वर्ष 2023 के तीसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट (136वें) विम्बलडन टूर्नामेंट का आयोजन 3-16 जुलाई, 2023 को हुआ।
- इसमें पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः कार्लोस अल्कारेज और मार्केटा वोंड्रुसोवा ने जीते।
- पुरुषों के एकल खिताब के लिए टेनिस के महान खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic) को 20 वर्षीय स्पेन के कार्लोस अल्कारेज (Carlos Alcaraz) ने 4:42 घंटे तक चले विम्बलडन फाइनल में 1-6, 7-6, 6-1, 3-6, 6-4 से हराया। यह अल्कारेज का दूसरा ग्रैंड स्लैम है।
  - ✓ *अल्कारेज तीसरे सबसे युवा विम्बलडन चैम्पियन बने हैं। अल्कारेज वर्ष 2022 में यूएस ओपन जीतकर पहले टीएनएजर वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी बने थे। तब उनकी उम्र 19 वर्ष 130 दिन थी।*
- महिलाओं के एकल खिताब के लिए चेक गणराज्य की टेनिस खिलाड़ी मार्केटा वोंड्रुसोवा (Markéta Vondroušová) ने लंदन में फाइनल मुकाबले में पिछले वर्ष की रनर-अप ट्यूनीशिया की ओंस जेबुर (Ons Jabeur) को 6-4, 6-4 से पराजित किया।
  - ✓ *24 वर्षीय मार्केटा विम्बलडन महिला एकल खिताब जीतने वाली ओपन एरा में पहली गैर-वरीय खिलाड़ी हैं।*

**विम्बलडन टेनिस 2023 : विजेता एवं उपविजेता**
**3-16 जुलाई, 2023 (लंदन)**

| | | |
|---|---|---|
| **पुरुष एकल** | **विजेता** | कार्लोस अल्कारेज (स्पेन) |
| | **उपविजेता** | नोवाक जोकोविच (सर्बिया) |
| **महिला एकल** | **विजेता** | मार्केटा वोंड्रुसोवा (चेक गणराज्य) |
| | **उपविजेता** | ओंस जेबुर (ट्यूनीशिया) |
| **पुरुष युगल** | **विजेता** | वेस्ले कूलहॉफ (नीदरलैण्ड्स) और नील स्कूप्स्की (यूके) |
| | **उपविजेता** | मर्केल ग्रानोल्लर्स (स्पेन) और होरासिओ ज़ेवल्लोस (अर्जेंटीना) |
| **महिला युगल** | **विजेता** | हसिह सू-वेई (ताइवान) और बारबोरा स्ट्राइकोवा (चेक गणराज्य) |
| | **उपविजेता** | स्टॉर्म हंटर (ऑस्ट्रेलिया) और एलिसे मर्टेंस (बेल्जियम) |
| **मिश्रित युगल** | **विजेता** | मेट पेविक (क्रोएशिया) और ल्यूडमाइला किचनोक (यूक्रेन) |
| | **उपविजेता** | जोरान व्लीजेन (बेल्जियम) और झू यिफान (चीन) |

# फुटबॉल / Football

## भारत पुरुष फुटबॉल टीम फीफा रैंकिंग में 99वें स्थान पर

- भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम 20 जुलाई, 2023 को जारी की गई फीफा रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 99वें स्थान पर पहुँच गई।
  - ✓ *भारत ने पिछले पाँच वर्षों में फीफा रैंकिंग में अपना सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया है।*
- महीने की शुरुआत में 100वें स्थान पर रहे भारत का फुटबॉल में वर्ष 2023 शानदार रहा है। भारत ने मार्च में ट्राई-नेशन सीरीज़, जून में इंटरकांटिनेंटल कप और इस माह की शुरुआत में SAFF चैम्पियनशिप जीती है। इसके साथ ही इस वर्ष टीम ने 8 मुकाबलों में एक भी गोल नहीं खाया।

✓ *उल्लेखनीय है कि भारत की सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग 94 है, जो उसने 1996 में हासिल की थी। आख़िरी बार भारत वर्ष 2018 में 96वें स्थान पर था।*

- एशियाई फुटबॉल परिदृश्य में, भारत 18वें स्थान पर है।
- भारतीय महिला फ़ुटबॉल टीम ताजा फीफा विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर है।

## सैफ फुटबॉल : भारत नौंवी बार विजेता

- 'साउथ एशियन फुटबॉल फैडरेशन' (SAFF) के तत्वावधान में भारत के बेंगलुरू में 21 जून-4 जुलाई, 2023 को सम्पन्न 14वें सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब भारत ने फाइनल में कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर अपने नाम किया।
- भारत ने इस द्विवार्षिक टूर्नामेंट का खिताब 9वीं बार जीतने में सफलता प्राप्त की।
- इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के कप्तान सुनील छेत्री थे, जिन्होंने सर्वाधिक 5 गोल टूर्नामेंट में किए। उन्हें ही **टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** घोषित किया गया।

### टूर्नामेंट के अवॉर्ड

- **मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर ऑफ द कम्पीटिशन** : सुनील छेत्री
- **फेयर प्ले अवॉर्ड** : नेपाल
- **बेस्ट गोलकीपर ऑफ द कम्पीटिशन** : अन्सूर रहमान ज़ीको (बांग्लादेश)
- **सर्वाधिक गोल स्कोरर अवॉर्ड** : सुनील छेत्री
- **पुरस्कार राशि : विजेता टीम भारत** : 50,000 अमेरिकी डॉलर; **उपविजेता टीम कुवैत** : 25,000 अमेरिकी डॉलर।

# निशानेबाजी / Shooting

## ISSF जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2023

- ISSF जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2023 का आयोजन 16-24 जुलाई, 2023 को रिपब्लिक ऑफ़ कोरिया के चांगवोन शूटिंग रेंज में किया गया।
- यह जूनियर शूटिंग वर्ल्ड चैम्पियनशिप का तीसरा संस्करण था, जहाँ 21 वर्ष से कम आयु वर्ग में पिस्टल, राइफ़ल और शॉटगन प्रतियोगिताओं में 90 भारतीय निशानेबाज़ों ने पदकों के लिए प्रतिस्पर्द्धा की।
- इस प्रतियोगिता में भारतीय निशानेबाज 6 स्वर्ण, 6 रजत व 5 कांस्य सहित कुल 17 पदक जीतकर पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहे, जबकि 12 स्वर्ण, 9 रजत व 7 कांस्य सहित कुल 28 पदक जीतकर चीन का पदक तालिका में शीर्ष स्थान रहा।
- इस प्रतियोगिता में 44 देशों के 550 से अधिक निशानेबाजों ने भाग लिया।

**Know The Facts** : दो वर्ष पहले पेरू के लीमा में आयोजित जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भारत 17 स्वर्ण सहित 43 पदक जीतकर शीर्ष स्थान पर रहा था।

# भारोत्तोलन / Weightlifting

## कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2023

- ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 12-17 जुलाई, 2023 को आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2023 में भारतीय सीनियर वेटलिफ्टिंग टीम ने 20 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- भारत के पदक तालिका में 9 स्वर्ण, 9 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं।

✓ *वर्ष 2021 में उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप के पिछले संस्करण में भारतीय भारोत्तोलकों ने 16 पदक हासिल किए थे। जिसमें 4 स्वर्ण, 7 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल थे।*

### भारत के पदक विजेता

| | | |
|---|---|---|
| एन अजित | पुरुष-73 किग्रा. भार वर्ग में | स्वर्ण पदक |
| अजय सिंह | पुरुष-81 किग्रा. भार वर्ग में | स्वर्ण पदक |
| शुभम टोडकर | पुरुष-61 किग्रा. भार वर्ग में | स्वर्ण पदक |
| मुकुंद अहीर | पुरुष-55 किग्रा. भार वर्ग में | स्वर्ण पदक |
| पोपी हजारिका | महिला-59 किग्रा. भार वर्ग में | स्वर्ण पदक |
| कोमल कोहर | महिला-45 किग्रा. भार वर्ग में | स्वर्ण पदक |
| ज्ञानेश्वरी यादव | महिला-49 किग्रा. भार वर्ग में | स्वर्ण पदक |
| एस निरुपमा देवी | महिला-64 किग्रा. भार वर्ग में | स्वर्ण पदक |
| वंशिता वर्मा | महिला-81 किग्रा. भार वर्ग में | स्वर्ण पदक |
| टी माधवन | पुरुष-67 किग्रा. भार वर्ग में | रजत पदक |
| अमरजीत गुरु | पुरुष-89 किग्रा. भार वर्ग में | रजत पदक |
| हर्षद वाडेकर | पुरुष-96 किग्रा. भार वर्ग में | रजत पदक |
| हरचरण सिंह | पुरुष-102 किग्रा. भार वर्ग में | रजत पदक |
| लवप्रीत सिंह | पुरुष-109 किग्रा. भार वर्ग में | रजत पदक |
| झिल्ली डालाबेहेरा | महिला-49 किग्रा. भार वर्ग में | रजत पदक |
| श्राबनी दास | महिला-55 किग्रा. भार वर्ग में | रजत पदक |
| हरजिंदर कौर | महिला-71 किग्रा. भार वर्ग में | रजत पदक |
| पल्लवी एस | महिला-64 किग्रा. भार वर्ग में | रजत पदक |
| जगदीश विश्वकर्मा | पुरुष-96 किग्रा. भार वर्ग में | कांस्य पदक |
| पूर्णिमा पांडे | महिला-+87 किग्रा. भार वर्ग में | कांस्य पदक |

- इस प्रतियोगिता में सीनियर कैटेगरी के अलावा, भारतीय भारोत्तोलकों ने जूनियर और युवा स्पर्द्धाओं में भी प्रतिस्पर्द्धा की थी।
- भारत की ओर से एशियाई खेल 2023 में भाग लेने वाली भारोत्तोलक मीराबाई चानू, अचिंता शेउली और बिंदियारानी देवी ने इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था।

# एथलेटिक्स / Athletics

## अन्नू रानी और किशोर जेना ने लेबनान एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 में भाला फेंक में जीते स्वर्ण पदक

- भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी और किशोर जेना ने 21 जुलाई, 2023 को बेरूत में लेबनान एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों के मुक़ाबले में स्वर्ण पदक जीते।
- अन्नू रानी ने 55.32 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं, किशोर जेना ने पुरुषों के इवेंट में 78.96 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- टोक्यो 2020 ओलम्पियन शिवपाल सिंह ने 73.34 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

## एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 : भारत का पदक तालिका में तीसरा स्थान

- 'एशियाई एथलेटिक्स संघ' (AAA) की 25वीं एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन बैंकॉक (थाइलैण्ड) स्थित सुफाचलासाई नेशनल स्टेडियम में 12-16 जुलाई, 2023 को हुआ।




- इस पाँच दिवसीय आयोजन में भारतीय एथलीटों ने 27 पदक (6 स्वर्ण, 12 रजत और 9 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया।
  - ✓ *उल्लेखनीय है कि एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन चार साल के अंतराल के बाद हुआ था। प्रतियोगिता का पिछला संस्करण चीन के हांगझोऊ में साल 2021 में होना था जिसे कोरोना महामारी के कारण रद्द कर दिया गया था।*
  - ✓ *एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के दोहा 2019 संस्करण में भारत ने कुल 16 पदक अपने नाम किए थे जिसमें 2 स्वर्ण, 7 रजत और 7 कांस्य पदक शामिल थे।*
- एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 की पदक तालिका में, भारत, जापान और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रहा।
  - ✓ *जापान 16 स्वर्ण, 11 रजत व 10 कांस्य सहित कुल 37 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा, जबकि चीन ने 8 स्वर्ण, 8 रजत व 6 कांस्य सहित 22 पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया।*

**एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 में पदक विजेता भारतीय एथलीट**

| एथलीट | स्पर्धा | पदक |
|---|---|---|
| अब्दुल्ला अबूबकर | पुरुष-ट्रिपल जंप | स्वर्ण पदक |
| अजय कुमार सरोज | पुरुष-1500 मी. | स्वर्ण पदक |
| तजिंदरपाल सिंह तूर | पुरुष-शॉट पुट | स्वर्ण पदक |
| ज्योति याराजी | महिला-100 मी. बाधा | स्वर्ण पदक |
| पारूल चौधरी | महिला-3000 मी. स्टीपलचेज़ | स्वर्ण पदक |
| राजेश रमेश, ऐश्वर्या कैलाश मिश्रा, अमोज जैकब, सुभा वेंकटेशन | मिश्रित 4×400 मी. रिले टीम | स्वर्ण पदक |
| कृष्ण कुमार | पुरुष-800 मी. | रजत पदक |
| अमोज जैकब, मुहम्मद, मिजो कुरियन, राजेश रमेश, राहुल कदम, निहाल विलियम | पुरुष-4×400 मी. रिले टीम | रजत पदक |
| मनु डी. प्रकाशा | पुरुष-जेवेलिन थ्रो | रजत पदक |
| अनिल सर्वेश कुशारे | पुरुष-हाई जंप | रजत पदक |
| मुरली श्रीशंकर | पुरुष-लॉन्ग जंप | रजत पदक |
| ज्योति याराजी | महिला-200 मी. | रजत पदक |
| चंदा | महिला-800 मी. | रजत पदक |
| पारुल चौधरी | महिला-5000 मी. | रजत पदक |
| शैली सिंह | महिला-लॉन्ग जंप | रजत पदक |
| आभा खातुआ | महिला-शॉटपुट | रजत पदक |
| स्वप्ना बर्मन | महिला-हेप्टाथलॉन | रजत पदक |
| प्रियंका गोस्वामी | महिला-20 किमी. रेस वॉक | रजत पदक |
| अभिषेक पाल | पुरुष-10000 मी. | कांस्य पदक |
| ऐश्वर्या कैलाश मिश्रा | महिला-400 मी. | कांस्य पदक |
| तेजस्विन शंकर | पुरुष-डेकाथलॉन | कांस्य पदक |
| टी. संतोष कुमार | पुरुष-400 मी. हर्डल | कांस्य पदक |
| विकास सिंह | पुरुष-20 मी. रेस वॉक | कांस्य पदक |
| अंकिता | महिला-5000 मी. | कांस्य पदक |
| मनप्रीत कौर | महिला-शॉट पुट | कांस्य पदक |
| गुलवीर सिंह | पुरुष-5000 मी. | कांस्य पदक |
| रेज़ोआना मलिक हीना, ऐश्वर्या कैलाश मिश्रा, ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन | महिला-4×400 मीटर रिले | कांस्य पदक |

***Salient Point...***

- एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए **थाई हनुमान** को **शुभंकर** घोषित किया गया। रामायण के थाई संस्करण 'रामकियेन' में थाई हनुमान की भूमिका है। थाई हनुमान को साहस, कौशल और ताकत का प्रतीक माना जाता है।
- वर्ष 1973 के बाद पहली बार थाईलैण्ड में एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया।

- 25वीं एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप-2023 का लोगो खेल में भाग लेने वाले एथलीटों के कौशल, टीम वर्क, समर्पण, खेल भावना और प्रदर्शन को दर्शाता है।

## चर्चित खिलाड़ी / Players In News


### अंशुमन झिंगरन

- नवी मुंबई के 18 वर्षीय ओपन वॉटर तैराक अंशुमन झिंगरन ने नॉर्थ चैनल पार करने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बनकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।
- अंशुमन ने इस अविश्वसनीय उपलब्धि को केवल 125 दिनों में पूरा किया, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में स्थान मिला।
- वह 1947 के बाद से चैनल पार करने वाले केवल 114वें व्यक्ति हैं।
- स्कॉटलैण्ड और उत्तरी आयरलैण्ड के बीच स्थित नॉर्थ चैनल को अपने ठंडे तापमान, बेहद खतरनाक जेलीफ़िश की उपस्थिति और सभी तरह से प्रतिस्पर्द्धात्मक ज्वार व धाराओं के कारण ओशन सेवन स्विम्स में सबसे कठिन माना जाता है।

**Know The Facts** : इंग्लिश चैनल पार करने वाले प्रथम भारतीय मिहिर सेन हैं। वह एक कैलेंडर वर्ष (1966) में पाँच महाद्वीपों के महासागरों में तैरने वाले एकमात्र प्रथम पुरुष भी थे।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- हाल ही में चर्चा में श्रीहरि नटराजन और ऋचा मिश्रा का सम्बन्ध किस खेल से है? **तैराकी**
- जुलाई 2023 में किस देश के क्रिकेटर लाहिरू थिरिसाने ने अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की? **श्रीलंका**
- 23 जुलाई, 2023 को हंगरी में सम्पन्न हंगेरियन ग्रांड प्रिक्स फॉर्मूला वन रेस-2023 किसने जीती? **मैक्स वेरस्टाप्पेन (रेड बुल रेसिंग टीम); नीदरलैण्ड्स**
- भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने जुलाई 2023 में अपना 500वाँ अन्तर्राष्ट्रीय मैच किस देश के विरुद्ध खेला, जिसमें उन्होंने 29वाँ टेस्ट शतक लगाकर सर डॉन ब्रेडमैन के टेस्ट शतकों की बराबरी की? **वेस्टइंडीज**
- 20 जुलाई, 2023 को जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम किस स्थान पर पहुँच गई है? **99वें**
- सबसे प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 'फीफा महिला विश्व कप' के 9वें संस्करण का आयोजन 20 जुलाई से 20 अगस्त, 2023 के दौरान कहाँ किया जा रहा है? **ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैण्ड**
- 19 जुलाई, 2023 को किस युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर ने 6.5 अंक के साथ वी गेज़ा हेटन्यी मेमोरियल सुपर जीएम ग्रैंड मास्टर चेस-2023 टूर्नामेंट जीता? **आर. प्रागनानंदा**
- अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने भारत में अक्टूबर-नवम्बर, 2023 में खेले जाने वाले आईसीसी विश्व कप 2023 का ब्रांड एम्बेसडर किस बॉलीवुड अभिनेता को नियुक्त किया है? **शाहरुख खान**
- ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य ने किस वर्ष के राष्ट्रमण्डल खेलों की मेजबानी से अपना नाम वापस ले लिया? **2026**
- भारत की ज्योति याराजी ने एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप-2023 में कितने समय में दूरी तय करके 100 मी. बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीता? **13.09 सैकण्ड**
- 10 जुलाई, 2023 को अहमदाबाद में सम्पन्न 49वीं राष्ट्रीय महिला शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब किसने जीता? **पद्मिनी राउत**
- 16 जुलाई, 2023 को इटली में सम्पन्न ISSF शॉटगन विश्व कप लोनाटो 2023 में भारत के लिए एकमात्र कांस्य पदक किसने जीता? **पृथ्वीराज टोंडिमन (पुरुषों की ट्रैप स्पर्द्धा में)**
- हाल ही में लिमस्कि (आयरलैंड) में सम्पन्न विश्व युवा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में किस तीरंदाज ने रिकर्व अंडर-21 पुरुष एकल का खिताब जीता। इस जीत के साथ वह पहले पुरुष रिकर्व भारतीय तीरंदाज बने हैं? **पार्थ सांलुखे**
- हाल ही में लिमस्कि (आयरलैण्ड) में सम्पन्न विश्व युवा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारत ने कुल कितने पदक जीते? **11 पदक (6 स्वर्ण, 1 रजत व 4 कांस्य)**
- 9 जुलाई, 2023 को सिल्वरस्टोन सर्किट में सम्पन्न ब्रिटिश ग्रांड प्रिक्स फॉर्मूला वन रेस-2023 किसने जीती? **मैक्स वेरस्टाप्पेन (रेड बुल रेसिंग टीम); नीदरलैण्ड्स**
- पुरुषों के आईसीसी वर्ल्ड कप क्रिकेट 2023 के लिए खेले गए वर्ल्ड कप क्वालीफायर में किन दो टीमों ने क्वालीफाई किया? **नीदरलैण्ड्स और श्रीलंका**
- हाल ही में सम्पन्न हुए एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 का खिताब किसने जीता? **नीदरलैण्ड्स**
- महिला एशिया कप बास्केटबॉल का खिताब जापान को 73-71 से हराकर किस देश ने जीता? **चीन**
- भारत की किस डिस्कस थ्रोअर महिला एथलीट ने कजाखस्तान के अलमाटी में आयोजित कोसानोव मेमोरियल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 57.35 मीटर थ्रो कर रजत पदक जीता? **सीमा पूनिया**
- 2 जुलाई, 2023 को स्पीलबर्ग स्टीरिया में सम्पन्न ऑस्ट्रियन ग्रांड प्रिक्स फॉर्मूला वन रेस-2023 किसने जीती? **मैक्स वेरस्टाप्पेन (रेड बुल रेसिंग टीम); नीदरलैण्ड्स**
- हाल ही में स्विट्जरलैण्ड में सम्पन्न लुसाने डायमंड लीग में भारतीय जैवेलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने कितने मीटर थ्रो कर दूसरी बार खिताब जीता? **87.66 मीटर**
- भारत के हाई जंपर प्रवीण कुमार ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की किस इवेंट में 2.01 मीटर की जंप कर कांस्य पदक जीता? **टी64**




# अद्यतन सामान्य ज्ञान

## निर्वाचन/नियुक्तियाँ/मनोनयन

### राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

### न्यायमूर्ति आलोक अराधे : तेलंगाना उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

- न्यायमूर्ति आलोक अराधे ने 23 जुलाई, 2023 को हैदराबाद में राजभवन में आयोजित एक समारोह में तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।
- उन्हें राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने इस पद की शपथ दिलाई।
- न्यायमूर्ति आलोक अराधे ने इस पद पर न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां का स्थान लिया है, जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया है।
- न्यायमूर्ति अराधे जुलाई से अक्टूबर 2022 तक कर्नाटक उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रहे हैं।
- उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल अप्रैल 2026 तक है।

### मनोज यादव : आरपीएफ के नए महानिदेशक


मनोज यादव

- वरिष्ठ आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी मनोज यादव को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का महानिदेशक जुलाई 2023 में नियुक्त किया गया है।
- हरियाणा कैडर के 1988 बैच के अधिकारी मनोज यादव ने इस पद पर संजय चंदर का स्थान लिया है, जो 31 जुलाई, 2023 को सेवानिवृत्त हुए हैं।
- मनोज यादव इस पद पर 31 जुलाई, 2025 तक रहेंगे।

### राकेश पाल : भारतीय तटरक्षक बल के नए महानिदेशक

- भारतीय तटरक्षक बल के निदेशक राकेश पाल को बल का 25वाँ महानिदेशक 19 जुलाई, 2023 को नियुक्त किया गया है।
- भारतीय नौसेना अकादमी के छात्र रहे राकेश पाल जनवरी 1989 में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हुए थे।
- उन्होंने भारतीय नौसेना स्कूल द्रोणाचार्य, कोच्चि में गनरी और हथियार प्रणाली में पेशेवर विशेषज्ञता हासिल की है।
- राकेश पाल को आईसीजी का पहला गनर होने का गौरव प्राप्त है। उन्हें उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए 2013 में तटरक्षक पदक और 2018 में राष्ट्रपति तटरक्षक पदक मिला।

***Salient Point...***

- **भारतीय तटरक्षक बल की स्थापना** : 1 फरवरी, 1977
- **मुख्यालय** : भारतीय तट रक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली

### सर्वोच्च न्यायालय में दो न्यायाधीशों की नियुक्ति

- तेलंगाना के मुख्य न्यायाधीश **उज्जल भुइयां** और केरल के मुख्य न्यायाधीश **एस. वेंकटनारायण भट्टी** को राष्ट्रपति द्वारा **सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश** के रूप में जुलाई 2023 में नियुक्त किया गया है।
- यह नियुक्तियाँ सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा सरकार को उनके नामों की सिफारिश करने के तुरंत बाद की गईं।
- इन दो नई नियुक्तियों से शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 33 (मुख्य न्यायाधीश सहित) हो गई है और केवल एक पद रिक्त है।

**Know The Facts** : भारत के उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के स्वीकृत पदों की संख्या मुख्य न्यायाधीश (एक) सहित अधिकतम 34 (1+33) है। [उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2019 द्वारा]

### अजीत अगरकर : सीनियर पुरुष क्रिकेट चयन समिति के अध्यक्ष नियुक्त


अजीत अगरकर

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अजीत अगरकर को सीनियर पुरुष क्रिकेट चयन समिति का अध्यक्ष जुलाई 2023 में नियुक्त किया है।
- यह निर्णय क्रिकेट सलाहकार समिति (CAC) ने किया, जिसमें सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे शामिल थे।
  - ✓ *इस पद के लिए कई आवेदकों का साक्षात्कार लेने के बाद सीएसी ने सर्वसम्मति से अजीत अगरकर को अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया।*

- **सीनियर पुरुष चयन समिति** : अजीत अगरकर (अध्यक्ष), शिव सुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी, सलिल अंकोला और श्रीधरन शरत।

## शेओ कुमार सिंह : एनजीटी के कार्यकारी अध्यक्ष

- केन्द्र सरकार ने 6 जुलाई, 2023 को 'राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी)' के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति शेओ कुमार सिंह को नए अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष के तौर पर कार्य करने के लिए अधिकृत किया है।
- उनकी नियुक्ति 6 जुलाई, 2023 को अध्यक्ष पद से **आदर्श कुमार गोयल** की सेवानिवृत्ति के स्थान पर की गई है।
- न्यायमूर्ति शेओ कुमार सिंह को 11 मार्च, 2020 को एनजीटी के न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था।

**Know The Facts** : 'विशेष पर्यावरण न्यायाधिकरण' स्थापित करने वाला ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैण्ड के बाद भारत विश्व का तीसरा देश है।

***Salient Point...***

- राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की स्थापना पर्यावरणीय मुद्दों का तेज़ी से निपटान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 के तहत् की गई थी।
- एनजीटी के पाँच क्षेत्रीय कार्यालय (दिल्ली, भोपाल, पुणे, कोलकाता और चेन्नई) हैं। प्रमुख कार्यालय दिल्ली में स्थित है।

## तुषार मेहता : भारत के सॉलिसिटर जनरल के रूप में पुनर्नियुक्त

- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (ACC) ने भारत के वर्तमान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए पुनः नियुक्त किया है।
  - ✓ *उन्हें 10 अक्टूबर, 2018 को सॉलिसिटर जनरल के पद पर नियुक्त किया गया था। तब से उन्हें दो बार विस्तार दिया जा चुका है।*
- कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की ओर से जारी एक आदेश के अनुसार, मेहता के अलावा छह अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) को भी सर्वोच्च न्यायालय के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए फिर से नियुक्त किया गया है।
  - ✓ *इनमें विक्रमजीत बनर्जी, केएम नटराज, बलबीर सिंह, एसवी राजू, एन वेंकटरमन और ऐश्वर्या भाटी शामिल हैं।*

**Know The Facts** : संविधान के अनुसार सॉलिसिटर जनरल का कार्य केन्द्र सरकार को देश के सभी मुद्दों पर कानूनी राय देना होता है।

## के. राजारमन : अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र प्राधिकरण के अध्यक्ष नियुक्त

- केन्द्र सरकार ने दूरसंचार सचिव के. राजारमन को 'अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र प्राधिकरण' (IFSCA) का अध्यक्ष जुलाई 2023 में नियुक्त किया है।
- इन्होंने इस पद पर वर्ष 2020 में नियुक्त नियामक प्राधिकरण के **पहले अध्यक्ष इंजेती श्रीनिवास** का स्थान लिया है।
- राजारमन की नियुक्ति कार्यभार सँभालने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए, या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए की गई है।

***Salient Point...***

- IFSCA की स्थापना अप्रैल 2020 में अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 के तहत् की गई थी।
- इसका मुख्यालय गिफ्ट सिटी **गांधीनगर** में है।
- IFSCA भारत में अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र (IFSC) में वित्तीय उत्पादों, वित्तीय सेवाओं और वित्तीय संस्थानों के विकास और विनियमन के लिए एकीकृत प्राधिकरण है।
- वर्तमान में यह भारत में पहला अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र है।

## लेफ्टिनेंट जनरल एम. उन्नीकृष्णन नायर

- केन्द्र सरकार ने 3 जुलाई, 2023 को अगले 'राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक' (National Cyber Security Co-ordinator—NCSC) के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल एम. उन्नीकृष्णन नायर के नाम को मंजूरी दे दी।
- नायर, जिन्हें पिछले वर्ष सेना मुख्यालय में सिग्नल-ऑफिसर-इन-चीफ के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था, ने लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. राजेश पंत का स्थान लिया है।
- 'नेशनल साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर' में नया कार्यभार सँभालने वाले नायर लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. राजेश पंत और गुलशन राय के बाद भारत के तीसरे साइबर सुरक्षा प्रमुख होंगे।
- इससे पूर्व नायर ने अतिरिक्त महानिदेशक, सिग्नल इंटेलिजेंस, एक कोर और कमांड के चीफ ऑफ स्टाफ सहित प्रमुख पदों पर कार्य किया है।

## अन्य प्रमुख राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

- **दीपक मिगलानी** : लोकतांत्रिक गणराज्य साओ टोम एण्ड प्रिंसपे में भारत के राजदूत नियुक्त (नियुक्ति घोषणा : 25 जुलाई, 2023)।
- **सुश्री नामग्या सी. खम्पा** : संघीय गणराज्य सोमालिया में भारत की राजदूत नियुक्त (नियुक्ति घोषणा : 21 जुलाई, 2023)।
- **संदीप चक्रवर्ती** : इंडोनेशिया गणराज्य में भारत के राजदूत नियुक्त (नियुक्ति घोषणा : 21 जुलाई, 2023)।
- **देवेश उत्तम** : लिथुआनिया गणराज्य में भारत के राजदूत नियुक्त (नियुक्ति घोषणा : 11 जुलाई, 2023)।
- **मनीष** : साइप्रस गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त (नियुक्ति घोषणा : 11 जुलाई, 2023)।
- **मनीष गुप्ता** : घाना गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त (नियुक्ति घोषणा : 11 जुलाई, 2023)।
- **प्रशांत कुमार दास** : इक्वेटोरियल गिनी गणराज्य में भारत के राजदूत नियुक्त (नियुक्ति घोषणा : 10 जुलाई, 2023)।

- **सतपाल भानु** : प्रबन्ध निदेशक, भारतीय जीवन बीमा निगम (नियुक्ति : जुलाई 2023)।
  - ✓ *FSIB ने एलआईसी के प्रबंध निदेशक पद के लिए सतपाल भानु के नाम का प्रस्ताव रखा।*

**Know The Facts : वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (FSIB):** यह राज्य के स्वामित्व वाले बैंकों और वित्तीय संस्थानों में निदेशकों की नियुक्ति की देख-रेख करता है।

- **बी. नीरज प्रभाकर** : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) की अनुसंधान सलाहकार परिषद् की अध्यक्ष नियुक्त (नियुक्ति : जुलाई, 2023)
- **पीएम प्रसाद** : अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक, कोल इंडिया लिमिटेड (नियुक्ति : जुलाई 2023)
- **बृजेन्द्र नवनीत** : विश्व व्यापार संगठन में भारत के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि के रूप में उनके कार्यकाल के रूप में 9 माह की वृद्धि। (नियुक्ति : जुलाई 2023)
  - ✓ *बृजेन्द्र नवनीत ने जून 2020 में डब्ल्यूटीओ में भारत के राजदूत के रूप में पद्भार ग्रहण किया, उनका प्रारम्भिक कार्यकाल 28 जून, 2023 को समाप्त हो गया।*

## जुलाई 2023 में पद ग्रहण करने वाले राष्ट्राध्यक्ष/प्रधानमंत्री

- **ज़ानाना गुस्माओ (Xanana Gusmão)** : प्रधानमंत्री, ईस्ट तिमोर (पद ग्रहण : 1 जुलाई, 2023)।
- **एडगर्स रिंकेविक्स (Edgars Rinkēvičs)** : राष्ट्रपति, लातविया (पद ग्रहण : 10 जुलाई, 2023)।

## भारतीय/भारतीय मूल के व्यक्तियों की अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

### एस विंसेट राजकुमार

- प्रसिद्ध वैज्ञानिक, चिकित्सक और शोधकर्ता एस विंसेट राजकुमार को 'अन्तर्राष्ट्रीय मायलोमा फाउंडेशन' (International Myeloma Foundation—IMF) के निदेशक मंडल के निर्वाचित अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।
- डॉ. राजकुमार ने वर्तमान अध्यक्ष ब्रायन जी.एम. ड्यूरी (Brian G.M. Durie) से पद्भार ग्रहण किया, जो इस पद के लिए फिर से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

***Salient Point...***

- मल्टीपल मायलोमा अस्थि मज्जा प्लाज्मा कोशिकाओं का कैंसर है- सफेद रक्त कोशिकाएँ जो एंटीबॉडी बनाती हैं।
- कैंसरग्रस्त या घातक प्लाज्मा कोशिका को मायलोमा कोशिका कहा जाता है।
- मायलोमा को 'मल्टीपल' कहा जाता है, क्योंकि हड्डी में जहाँ यह बढ़ता है, वहाँ अक्सर कई पैच या क्षेत्र होते हैं, जहाँ यह बढ़ता है।
- **आईएमएफ की स्थापना** 1999 में हुई थी और यह पहला, सबसे बड़ा वैश्विक फाउंडेशन है जो विशेष रूप से मल्टीपल मायलोमा पर ध्यान केन्द्रित करता है।

### प्रीति अघलायम : आईआईटी मद्रास के पहले विदेशी कैंपस की निदेशक

- आईआईटी मद्रास की पूर्व छात्रा प्रीति अघलायम को आईआईटी मद्रास के पहले विदेशी कैंपस (आईआईटी जंजीबार कैंपस तंजानिया) की निदेशक जुलाई 2023 में नियुक्त किया गया है।
  - ✓ *अघलायम आईआईटी परिसर के निदेशक के रूप में नियुक्त होने वाली पहली महिला हैं।*
- 6 जुलाई, 2023 को जंजीबार में आईआईटी मद्रास कैंपस की स्थापना के लिए भारत और तंजानिया में एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए थे।

## अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

### क्यू डांग्यू : यूएनएफएओ के महानिदेशक पद पर पुनर्निर्वाचन

- संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (UNFAO) के महानिदेशक क्यू डांग्यू (Qu-Dongyu) को पुनः इस संस्था का महानिदेशक जुलाई 2023 में नियुक्त किया गया है।
- इससे पूर्व वह वर्ष 2019 में इस पद पर नियुक्त हुए थे।

**संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन : एक नजर में**

- **स्थापना** : 16 अक्टूबर, 1945
- **मुख्यालय** : रोम (इटली)
- **सदस्य** : 195 (194 + यूरोपियन यूनियन)

### शेख तलाल फहद अल सबाह : एशिया ओलम्पिक परिषद् के अध्यक्ष नियुक्त

- शेख तलाल फहद अल सबाह एशियाई ओलम्पिक परिषद् (ओसीए) के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।
- शेख तलाल फहद अल सबाह ने ओसीए के अध्यक्ष के रूप में अपने निलंबित भाई शेख अहमद अल-सबाह का स्थान लिया है।
  - ✓ *शेख अहमद अल-सबाह 1991-2021 तक 45 देशों के ओसीए के अध्यक्ष रहे थे।*
  - ✓ *ओसीए के पूर्व महासचिव रणधीर सिंह ने 2021 से अंतरिम आधार पर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सँभाली थी।*
- शेख तलाल ने हाल ही में चार वोट से ओसीए अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया।

**एशिया ओलंपिक परिषद् (ओसीए)**

- एशिया ओलम्पिक परिषद् एशिया में खेलों की सर्वोच्च संस्था है।
- एशिया के 45 देशों की राष्ट्रीय ओलम्पिक समितियाँ इसकी सदस्य हैं।
- **स्थापना** : 16 नवम्बर, 1982
- **मुख्यालय** : कुवैत सिटी

## इस्तीफा/पदत्याग/सेवानिवृत्ति

### हर्ष चौहान : राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा

- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष हर्ष चौहान ने अपने इस पद से इस्तीफा दे दिया है।
- वह इस पद पर फरवरी 2021 में नियुक्त हुए थे।
- इस पद पर उनकी नियुक्ति 27 फरवरी, 2020 को नंद सहाय साई का कार्यकाल समाप्त होने के एक वर्ष बाद हुई थी।
- इस आयोग में अब एकमात्र सदस्य अनंत नायक हैं।

**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST)**

- एनसीएसटी की स्थापना वर्ष 2004 में अनुच्छेद 338 में संशोधन कर और 89वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के माध्यम से संविधान में एक नया अनुच्छेद 338A सम्मिलित कर की गई थी, इसलिए यह एक संवैधानिक निकाय है।
- यह आयोग अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों, हितों और कल्याण की सुरक्षा करने और उन्हें बढ़ावा देने पर काम करता है।
- इसमें एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और 3 अन्य सदस्य होते हैं जिन्हें राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुहर के तहत् अधिपत्र द्वारा नियुक्त करता है तथा इनका कार्यकाल पद्भार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों का होता है।
- जहाँ अध्यक्ष के पास केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री का पद होता है, तो वहीं उपाध्यक्ष के पास राज्य मंत्री और तीन सदस्यों के पास भारत सरकार के सचिव का पद होता है।

## चर्चित व्यक्ति

### नवीन पटनायक

- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक देश में दूसरे सबसे लम्बे समय तक मुख्यमंत्री के पद पर रहने वाले मुख्यमंत्री बन गए हैं।
- नवीन पटनायक ने 22 जुलाई, 2023 को मुख्यमंत्री पद पर अपने कार्यकाल के 23 वर्ष और 138 दिन पूरे कर उन्होंने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु के कार्यकाल की बराबरी की।
- देश में सबसे लम्बे समय तक मुख्यमंत्री रहने का रेकॉर्ड अब भी सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के नाम है।
  - ✓ *पवन चामलिंग 12 दिसम्बर, 1994 से 27 मई, 2019 तक 24 वर्षों से अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहे थे।*
- ओडिशा के पाँच बार मुख्यमंत्री रहे पटनायक ने 5 मार्च, 2000 को पद्भार सँभाला था और वह (22 जुलाई, 2023 तक) 23 वर्ष और 138 दिनों से इस पद पर हैं।
- ज्योति बसु ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में 21 जून, 1977 से 5 नवम्बर 2000 तक अपनी सेवाएँ दी थीं और उनका कार्यकाल 23 वर्ष और 138 दिन का था।
- नवीन पटनायक, पवन चामलिंग और ज्योति बसु के बाद किसी भारतीय राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में लगातार 5 बार जीत हासिल करने वाले तीसरे भारतीय नेता भी हैं।

**भारत में सबसे लम्बे समय तक सीएम पद पर रहने वाले नेता**

| रैंक | नाम | कार्यकाल | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1 | पवन कुमार चामलिंग | 24 वर्ष, 166 दिन | सिक्किम |
| 2 | नवीन पटनायक | 23 वर्ष, 139 दिन (निरन्तर.....) | ओडिशा |
| 3 | ज्योति बसु | 23 वर्ष, 138 दिन | पश्चिम बंगाल |
| 4 | गेगोंग अपांग | 22 वर्ष, 250 दिन | अरुणाचल प्रदेश |
| 5 | लाल थनहावला | 22 वर्ष, 60 दिन | मिजोरम |
| 6 | वीरभद्र सिंह | 21 साल, 13 दिन | हिमाचल प्रदेश |
| 7 | माणिक सरकार | 19 साल, 363 दिन | त्रिपुरा |
| 8 | एम करुणानिधि | 18 साल, 362 दिन | तमिलनाडु |
| 9 | प्रकाश सिंह बादल | 18 साल, 350 दिन | पंजाब |
| 10 | यशवंत सिंह परमार | 18 साल 83 दिन | हिमाचल प्रदेश |


### अमित कुमार नेगी

- हिमाचल प्रदेश के रहने वाले पर्वतारोही अमित कुमार नेगी ने ईरान की सबसे ऊँची चोटी 'दामावंद' पर चढ़ाई करने में सफलता प्राप्त की है।
- यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले भारतीय बन गए हैं। इससे पूर्व वह माउंट अन्नपूर्णा, कंचनजंघा पर भी तिरंगा फहरा चुके हैं।

## निधन

### ओमान चांडी : केरल के पूर्व मुख्यमंत्री

- केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता ओमान चांडी का 18 जुलाई, 2023 को निधन हो गया।
- ओमान चांडी के पार्थिव शरीर को कोट्टायम के पुथुपल्ली में उनके चर्च में ईसाई रीतियों के साथ दफनाया गया।



ओमान चांडी

- सामान्य तौर पर पूर्व मुख्यमंत्रियों का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाता है, जिसमें बंदूकों की सलामी दी जाती है, लेकिन ओमान चांडी की इच्छानुसार उनका अंतिम संस्कार आम आदमी की तरह ही किया गया।
- चांडी ने 2004-06 और 2011-16 तक दो बार केरल के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।
- चांडी पुथुपल्ली विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए 12 बार विधानसभा चुनाव जीते।

## अन्य प्रमुख हस्तियों का देहावसान : संक्षिप्त में

- **नंबूथिरी** : केरल के प्रसिद्ध चित्रकार एवं मूर्तिकार (निधनः 7 जुलाई, 2023); आयु : 97 वर्ष।
  - ✓ *अपनी रेखा कला के लिए प्रसिद्ध नंबूथिरी ने थकाजी शिवशंकर पिल्लई, एमटी वासुदेव नायर, उरूब और इसके पोट्टकड़ सहित कई अग्रणी मलयालम लेखकों का चित्रण किया।*
- **केविन मिटनिक** : पूर्व कुख्यात कम्प्यूटर हैकर (निधनः 16 जुलाई, 2023; लॉस बेगास, अमेरिका); आयु : 59 वर्ष।
- **डॉ. मंगला नार्लीकर** : प्रख्यात गणितज्ञ और वैज्ञानिक (निधनः 17 जुलाई, 2023; पुणे, महाराष्ट्र); आयु : 80 वर्ष।
  - ✓ *डॉ. मंगला नार्लीकर प्रसिद्ध खगोल भौतिकीविद् डॉ. जयंत नार्लीकर की पत्नी थीं।*
- **निक्की मैकक्रे-पेनसन** : प्रसिद्ध अमेरिकन बास्केटबॉल खिलाड़ी और कोच (निधनः 7 जुलाई, 2023); आयु : 51 वर्ष।
  - ✓ *मैकक्रे-पेनसन ने वर्ष 1996 और 2000 के ओलम्पिक में अमेरिकी महिला बास्केटबॉल टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतकर अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर सफलता हासिल की।*

# दिवस/सप्ताह/वर्ष

- **अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस** : 1 जुलाई
  - ✓ *यह दिवस जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है।*
  - ✓ *वर्ष 2023 में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस की थीम– **"Cooperatives for Sustainable Development"** ।*
  - ✓ *1 जुलाई, 2023 को 101 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया।*
- **जीएसटी दिवस** : 1 जुलाई
  - ✓ *1 जुलाई, 2023 को नई दिल्ली में **जीएसटी@6 सरलीकृत कर, समग्र विकास के विजन** के साथ छठा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दिवस मनाया गया।*
- **नेशनल चार्टर्ड एकाउंटेंट दिवस** : 1 जुलाई
  - ✓ *1 जुलाई, 2023 को नई दिल्ली में भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) का 75 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया।*
- **राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस** : 1 जुलाई
  - ✓ *वर्ष 2023 की थीम **"Celebrating Resilience and Healing Hands"**।*
- **भारतीय स्टेट बैंक का स्थापना दिवस** : 1 जुलाई
- **विश्व यूएफओ (Unidentified flying object) दिवस** : 2 जुलाई
  - ✓ *विश्व यूएफओ दिवस एक वार्षिक जागरूकता दिवस है, जो अज्ञात उड़ती वस्तुओं और अलौकिक जीवन के निःसंदेह अस्तित्व की खोज के प्रति उत्सुकता बढ़ाता है।*
- **विश्व खेल पत्रकारिता दिवस** : 2 जुलाई
- **अन्तर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस** : 3 जुलाई
- **गुरु पूर्णिमा** : 3 जुलाई
  - ✓ *गुरु पूर्णिमा प्रति वर्ष आषाढ़ माह में पूर्णिमा के दिन (जुलाई से अगस्त तक) मनाई जाती है और इस वर्ष गुरु पूर्णिमा 3 जुलाई, 2023 को मनाई गई।*
  - ✓ *गुरु पूर्णिमा भारत, नेपाल और भूटान में गुरु-शिष्य सम्बन्धों को व्यक्त करती है।*
- **संयुक्त राज्य अमेरिका का स्वतंत्रता दिवस** : 4 जुलाई
  - ✓ *संयुक्त राज्य अमेरिका का 247 वाँ स्वतंत्रता दिवस 4 जुलाई, 2023 को मनाया गया।*
- **विश्व जूनासेस डे** (World Zoonoses Day) : 6 जुलाई
  - ✓ *विश्व जूनोज़ दिवस 2023 का विषय **'एक विश्व, एक स्वास्थ्यः ज़ूनोज़ को रोकें, प्रसार को रोकें'** है।*
- **विश्व चॉकलेट दिवस** (World Chocolate Day) : 7 जुलाई
- **विश्व स्वाहिली भाषा दिवस** : 7 जुलाई
- **राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस** : 10 जुलाई
  - ✓ *आईसीएआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रेश वाटर एक्वाकल्चर (ICAR-Central Institute of Freshwater Aquaculture) ने 10 जुलाई, 2023 को 23 वाँ राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस (National Fish Farmers Day) मनाया।*
- **विश्व जनसंख्या दिवस** (World Population Day) : 11 जुलाई
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व जनसंख्या दिवस की थीम– **'लैंगिक समानता की शक्ति को उजागर करना। दुनिया की अनंत संभावनाओं को अनलॉक करने के लिए महिलाओं और लड़कियों की आवाज को ऊपर उठाना है।'** (Unleashing The Power Of Gender Equality : Uplifting the Voices Of Women and Girls To Unlock our World's Infinite Possibilities)।*
  - ✓ *'यूएनएफपीए की द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत की जनसंख्या 1,428.6 मिलियन (142.86 करोड़) पहुँच गई है, वहीं चीन की जनसंख्या 1,425.7 मिलियन (142.57 करोड़) है। आँकड़ों के आधार पर भारत 2.9 मिलियन यानी 29 लाख के अंतर से चीन से आगे है।*
- **रेत और धूल के तूफान का मुकाबला करने का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस 2023** : 12 जुलाई
- **अन्तर्राष्ट्रीय मलाला दिवस** : 12 जुलाई
  - ✓ *संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान की बाल एवं महिला अधिकार कार्यकर्त्री मलाला युसुफजई के जन्म-दिन को इस दिवस के रूप में घोषित किया है।*
- **विश्व पेपर बैग दिवस** : 12 जुलाई
- **फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस** : 14 जुलाई
  - ✓ *इस दिन को बैस्टिल (Bastille day) दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।*

- **विश्व युवा कौशल दिवस** : 15 जुलाई
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व युवा कौशल दिवस की थीम **'परिवर्तनकारी भविष्य के लिए शिक्षकों, प्रशिक्षकों और युवाओं को कुशल बनाना'** (Skilling teachers, trainers and youth for a transformative future) थी।*
- **विश्व सर्प दिवस** : 16 जुलाई
- **विश्व इमोजी दिवस** : 17 जुलाई
- **विश्व अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस** : 17 जुलाई
  - ✓ *वर्ष 2023 की विश्व अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस की थीम **'सामाजिक न्याय के लिए बाधाओं पर काबू पाना और अवसरों को उजागर करना'** है।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय नेल्सन मंडेला दिवस** : 18 जुलाई
  - ✓ *यह दिवस पहली बार वर्ष 2010 में मनाया गया।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय चन्द्रमा दिवस** : 20 जुलाई
- **विश्व शतरंज दिवस** : 20 जुलाई
- **विश्व मस्तिष्क दिवस** : 22 जुलाई
  - ✓ *वर्ष 2023 के लिए विश्व मस्तिष्क दिवस की थीम **'Brain Health and Disability: Leave No One Behind'** है।*
- **राष्ट्रीय आम दिवस** : 22 जुलाई
- **राष्ट्रीय प्रसारण दिवस** : 23 जुलाई
  - ✓ *इसी दिन वर्ष 1927 को भारत में पहली बार रेडियो प्रसारण शुरू किया गया था।*
  - ✓ *यह प्रसारण एक निजी कम्पनी 'इण्डियन ब्रॉडकास्टिंग कम्पनी' के तहत् बॉम्बे स्टेशन से किया गया था।*
  - ✓ *8 जून,1936 को इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस को ऑल इंडिया रेडियो का नाम दिया गया।*
- **आयकर दिवस** : 24 जुलाई
  - ✓ *'केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड' (CBDT) ने 24 जुलाई, 2023 को आयकर दिवस की 164 वीं वर्षगाँठ मनाई।*
- **कारगिल विजय दिवस** : 26 जुलाई
  - ✓ *26 जुलाई, 2023 को कारगिल विजय दिवस की 24 वीं वर्षगाँठ मनाई गई।*
  - ✓ *यह दिवस 'ऑपरेशन विजय' की सफलता की याद में मनाया जाता है।*
- **मैंग्रोव पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस :** 26 जुलाई
- **विश्व हैपेटाइटिस दिवस** : 28 जुलाई
  - ✓ ***वर्ष 2023 के विश्व हैपेटाइटिस दिवस का थीम—** 'वी आर नॉट वेटिंग'।*
- **विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस :** 28 जुलाई
  - ✓ *वर्ष 2023 के इस दिवस की थीम 'वन और आजीविकाः लोगों और ग्रह को कायम रखना' है।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस :** 29 जुलाई
- **मैत्री का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 30 जुलाई
- **मानव तस्करी के विरुद्ध विश्व दिवस** : 30 जुलाई
- **विश्व रेंजर दिवस** : 31 जुलाई

### विभिन्न संस्थानों के स्थापना दिवस

- **राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक का स्थापना दिवस** : 12 जुलाई
  - ✓ *राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (National Bank for Agriculture and Rural Development—NABARD) ने अपना 42 वाँ स्थापना दिवस 12 जुलाई, 2023 को मनाया।*
- **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् का स्थापना दिवस** : 16 जुलाई
  - ✓ *भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने 16 जुलाई, 2023 को अपना 95 वाँ स्थापना दिवस मनाया।*

# पोर्टल/एप

## ई सरस

- स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए विपणन को मजबूत करने का एक और कदम उठाते हुए 'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' (DAY–NRLM) द्वारा 'ईएसएआरएएस' (eSARAS) मोबाइल एप 3 जुलाई, 2023 को लॉन्च किया।
- मोबाइल एप एसएचजी (Self-help Groups) द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए ई-कॉमर्स की पहल में योगदान देगा।

### ई सरस पूर्ति केन्द्र

- मोबाइल एप के लॉन्च के अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्रालय के जनकपुरी स्थित कार्यालय, नई दिल्ली में 'ई सरस पूर्ति केन्द्र' का भी उद्घाटन किया गया।
- इसका उपयोग ग्राहकों द्वारा ई सरस पोर्टल और ई सरस मोबाइल एप के माध्यम से खरीदे जाने वाले उत्पादों के प्रसंस्करण, पैकेजिंग और शिपिंग के लिए किया जाएगा।
- **'ई सरस पूर्ति केन्द्र' का प्रबंधन** : फाउंडेशन फॉर डेवलपमेंट ऑफ रूरल वैल्यू चेन्स (एफडीआरवीसी-ग्रामीण विकास मंत्रालय और टाटा ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से गठित एक गैर-लाभकारी कम्पनी)।

## हेली-सेवा मोबाइल एप्लिकेशन

- केन्द्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने 25 जुलाई, 2023 को मध्य प्रदेश के खजुराहो में हेली शिखर सम्मेलन-2023 के दौरान 'हेली सेवा-एप' को लॉन्च किया।

- हेली सेवा पोर्टल डिजिटल इंडिया के तहत् नागरिक उड्डयन मंत्रालय की एक पहल है। इसके तहत् हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों और जिला अधिकारियों के बीच एक परिवेश तैयार करने के लिए एक साझा प्लेटफॉर्म स्थापित किया गया है।
- यह मोबाइल एप उपयोगकर्ता को अनुभव, सामग्री अपलोड करने और उपयोग करने के लिहाज से कहीं अधिक सुविधाजनक बना देगा।

## चर्चित पुस्तकें

- कृष्णा द सेवंथ सेंस (Krishna - the 7th sense)
  **–ए. के. भट्टाचार्य**
  - ✓ *केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आईआईएम-कोझीकोड के निदेशक देबाशीष चटर्जी द्वारा 'कृष्णा - द 7th सेंस' के मलयालम अनुवाद का विमोचन किया।*
- इंडिया राइजिंग मेमोयर ऑफ ए साइंटिस्ट (India Rising: Memoir of a Scientist)
  **–डॉ. आर. चिदम्बरम् एवं डॉ. सुरेश गंगोत्रा**
- वाजपेयी: द एसेंट ऑफ द हिंदू राइट 1924-1977 (VAJPAYEE: The Ascent of the Hindu Right, 1924–1977) **–अभिषेक चौधरी**
  - ✓ *दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शुरुआती वर्षों को अभिषेक चौधरी की एक नई जीवनी 'वाजपेयी: द एसेंट ऑफ द हिंदू राइट 1924-77' में कैद किया गया है।*
- माया, मोदी, आजाद: दलित पॉलिटिक्स इन द टाइम ऑफ हिंदुत्व (Maya, Modi, Azad : Dalit Politics in the Time of Hindutva) **–सुधा पई और सज्जन कुमार**
- द इम्पॉर्टेंस ऑफ शिन्जो अबे इंडिया, जापान एण्ड द इंडो-पेसिफिक (The Importance of Shinzo Abe India, Japan and the Indo-Pacific)
  **–सुधा पई और सज्जन कुमार**
- बलिदान : स्टोरीज ऑफ इंडियाज ग्रेटेस्ट पैरा स्पेशल फोर्सेज ऑपरेटिव्स (Balidan : Stories of India's Greatest Para Special Forces Operatives) **–स्वप्निल पाण्डे**

## सम्मेलन/बैठक/कॉन्फ्रेंस

### 67वाँ टीएएआई सम्मेलन कोलंबो में आयोजित

- 67वाँ ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएएआई) सम्मेलन 6-8 जुलाई, 2023 को कोलंबो में आयोजित किया गया।
- यह तीन दिवसीय सम्मेलन भारतीय और श्रीलंकाई यात्रा उद्योगों में हितधारकों के लिए मूल्यवान व्यापार अवसर प्रदान करता है।
- टीएएआई सम्मलेन का उद्देश्य भारत और श्रीलंका के बीच सम्बन्धों को मजबूत करना है।
- यह सम्मेलन द्विपक्षीय सम्बन्धों को बढ़ाने और पर्यटन उद्योग में पारस्परिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

### भारत ने ब्राजील को सौंपी स्टार्ट-अप 20 की मशाल

- भारत की जी-20 की अध्यक्षता के तहत् स्टार्ट-अप 20 एंगेजमेंट ग्रुप द्वारा आयोजित स्टार्ट-अप 20 गुरुग्राम शिखर सम्मेलन के समापन समारोह के दौरान 'स्टार्ट-अप 20' की मशाल ब्राजील को सौंपी गई।
- स्टार्ट-अप 20 के अध्यक्ष डॉ. चिंतन वैष्णव द्वारा आधिकारिक रूप से ब्राजील को मशाल सौंपी गई क्योंकि ब्राजील अगले वर्ष 2024 में जी-20 की अध्यक्षता करेगा।
  - ✓ *ब्राजील ने वर्ष 2024 में स्टार्ट-अप 20 पहल को जारी रखने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है।*

**सम्मेलन के बारे में**

- भारत जी-20 की अध्यक्षता के तहत् स्टार्ट-अप 20 एंगेजमेंट ग्रुप द्वारा आयोजित स्टार्टअप-20 गुरुग्राम शिखर सम्मेलन 3-4 जुलाई, 2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।
- इस दो दिवसीय 'स्टार्टअप-20' शिखर सम्मेलन में 22 देशों के 600 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- इस शिखर सम्मेलन ने नवोन्मेषणों, सहयोगों, ज्ञान साझा करने और वैश्विक स्टार्टअप इकोसिस्टम के भीतर रणनीतिक गठबंधनों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच का काम किया।
- सऊदी अरब वर्ष 2030 तक स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में 1 ट्रिलियन डॉलर प्रति वर्ष की महत्वाकांक्षी राशि आवंटित करने की स्टार्ट-अप 20 की अपील की अभिपुष्टि और समर्थन करने वाले पहले देश के रूप में उभरा।

### अन्य प्रमुख सम्मेलन : संक्षिप्त में

- **पाँचवाँ हेलीकॉप्टर और लघु विमान शिखर सम्मेलन**
  - ✓ ***आयोजन तिथि** : 25 जुलाई, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल** : खजुराहो (मध्य प्रदेश)*
  - ✓ ***आयोजनकर्ता** : नागरिक उड्डयन मंत्रालय, मध्य प्रदेश सरकार, पवन हंस लिमिटेड और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा संयुक्त रूप से।*
  - ✓ ***उद्घाटनकर्ता** : केन्द्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया।*
  - ✓ ***शिखर सम्मेलन का उद्देश्य** : सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों में उड़ान योजना के विस्तार को बढ़ाना।*
  - ✓ ***शिखर सम्मेलन का विषय** : 'अंतिम मील तक पहुँचना : हेलिकॉप्टर और छोटे विमानों के माध्यम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी' (Reaching the Last Mile : Regional Connectivity through Helicopters & Small Aircraft)।*

- *महत्वपूर्ण बिन्दु :*
  - *सिंधिया ने कार्यक्रम के दौरान 'आरसीएस उड़ान 5.2' और 'हेली सेवा-एप' को भी लॉन्च किया।*
  - *भारत में हेलीकॉप्टर और लघुविमान क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए पवनहंस और जेट सर्व के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए गए।*

- **सेमीकॉन इण्डिया-2023**
  - ***आयोजन तिथि*** *: 28-30 जुलाई, 2023*
  - ***आयोजन स्थल*** *: महात्मा मंदिर, गांधीनगर (गुजरात)*
  - ***उद्घाटनकर्ता*** *: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी*
  - ***आयोजनकर्ता*** *: केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।*
  - ***उद्देश्य*** *: सेमीकंडक्टर क्षेत्र को तेजी प्रदान करना।*

- **वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन-2023**
  - ***आयोजन तिथि*** *: 20-21 जुलाई, 2023*
  - ***आयोजन स्थल*** *: मानेकशॉ स्टेडियम, नई दिल्ली*
  - ***आयोजनकर्ता*** *: इस सम्मेलन का आयोजन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में खाद्य सुरक्षा और भारतीय मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा।*
  - ***महत्वपूर्ण बिन्दु*** *:*
    - *यह सम्मेलन पहली बार जी-20 कार्यक्रम के रूप में दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।*

- **जी-20 शेरपा की तीसरी बैठक**
  - ***आयोजन तिथि*** *: 13-16 जुलाई, 2023*
  - ***आयोजन स्थल*** *: हम्पी (कर्नाटक)*
  - ***आयोजनकर्ता*** *: भारत के जी-20 प्रेसीडेंसी के रूप में बैठक का आयोजन।*
  - ***अध्यक्षता*** *: अमिताभ कांत*
  - ***महत्वपूर्ण बिन्दु*** *:*
    - *भारत की जी-20 अध्यक्षता का इरादा समूह की पहचान को विकास के लिए संरक्षित करना है जो विकसित एवं उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को एक साझा मंच पर लाता है।*

**Know The Facts :** तुंगभद्रा के तट पर स्थित हम्पी, विजयनगर साम्राज्य की आखिरी राजधानी थी और अपने शानदार द्रविड़ शैली के मंदिरों और उनके जटिल डिजाइनों और अन्य स्मारकों के साथ **यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल** है।

- **अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और एक्सपो (आईटीसीएक्स)**
  - ***आयोजन तिथि*** *: 22-24 जुलाई, 2023*
  - ***आयोजन स्थल*** *: रूद्राश कन्वेंशन सेंटर (वाराणसी)*
  - ***महत्वपूर्ण बिन्दु*** *:*
    - *टेम्पल कनेक्ट (भारत) द्वारा विकसित, यह दुनिया का पहला आयोजन है जो पूरी तरह से दुनिया भर के मंदिरों के प्रबंधन के लिए समर्पित है और मंदिर पारिस्थितिकी तंत्र के प्रशासन, प्रबंधन और संचालन को पोषित और सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित करेगा।*
    - *टेम्पल कनेक्ट (भारतीय मूल के मंदिरों से सम्बन्धित जानकारी के दस्तावेज़ीकरण, डिजिटलीकरण और वितरण के लिए समर्पित मंच) के संस्थापक गिरेश कुलकर्णी द्वारा प्रसाद लाड (अध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और एक्सपो-2023 और महाराष्ट्र विधान परिषद् के सदस्य) के साथ संकल्पना की गई।*
    - *यह 'अतुल्य भारत' पहल के तहत् भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा समर्थित है।*

- **अर्बन-20 (U-20) मेयरल शिखर सम्मेलन**
  - ***संस्करण*** *: छठवाँ*
  - ***आयोजन तिथि*** *: 7-8 अक्टूबर, 2023*
  - ***आयोजन स्थल*** *: गांधीनगर और अहमदाबाद (गुजरात के जुड़वाँ शहर)*
  - ***उद्घाटनकर्ता*** *: गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर।*
  - ***महत्वपूर्ण बिन्दु*** *:*
    - *सम्मेलन का आयोजन जी-20 प्रेसीडेंसी के तहत् किया गया।*
    - *शिखर सम्मेलन में भारत के 35 शहरों के साथ-साथ विश्व-भर के 57 शहरों के प्रतिनिधियों और प्रतिभागियों ने भाग लिया।*

- **हरित हाइड्रोजन पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन-2023**
  - ***आयोजन तिथि*** *: 5-7 जुलाई, 2023*
  - ***आयोजन स्थल*** *: नई दिल्ली*
  - ***आयोजनकर्ता*** *: नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) तथा भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के साथ भागीदारी में।*
  - ***उद्देश्य*** *:*
    - *हरित हाइड्रोजन इको-सिस्टम स्थापित करना।*
    - *हरित हाइड्रोजन के माध्यम से डीकार्बोनाइजेशन के लिए वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने हेतु प्रोत्साहित करना।*

**Know The Facts :** भारत सरकार ने 4 जनवरी, 2022 को 'राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन' शुरू किया था।

- **पूर्वोत्तर कॉन्क्लेव-2023**
  - ***आयोजन तिथि*** *: 1 जुलाई, 2023*
  - ***आयोजन स्थल*** *: गुवाहाटी (असम)*
  - ***उद्देश्य*** *: पूर्वोत्तर में केन्द्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को लोगों को बताना।*
  - ***उद्घाटनकर्ता*** *: केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह।*

- **17वाँ भारतीय सहकारी कांग्रेस सम्मेलन**
  - ✓ ***संस्करण*** *: 17वाँ*
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 1 जुलाई, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: प्रगति मैदान, नई दिल्ली*
  - ✓ ***विषय*** *: अमृत काल - जीवंत भारत हेतु सहकार से समृद्धि।*
  - ✓ ***उद्घाटनकर्ता*** *: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी*
  - ✓ ***कार्यक्रम की अध्यक्षता*** *: केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह।*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु*** *:*
    - *इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सहकारी विपणन के लिए ई-कॉमर्स वेबसाइट और सहकारी विस्तार और सलाहकार सेवा पोर्टल का भी शुभारम्भ किया।*
- **राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस सम्मेलन-2023**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 10-11 जुलाई, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: महाबलीपुरम् (तमिलनाडु)*
  - ✓ ***उद्घाटनकर्ता*** *: केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला।*

**आगामी सम्मेलन**

- **इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC)-2023**
  - ✓ ***संस्करण*** *: 7वाँ*
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 27-29 अक्टूबर, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: प्रगति मैदान, नई दिल्ली*
  - ✓ ***आयोजनकर्ता*** *: दूरसंचार विभाग (DoT) और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (COAI) की संयुक्त मेजबानी में।*
  - ✓ ***आईएमसी का विषय*** *: 'ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन'*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु*** *:*
    - *सबसे पहले इंडिया मोबाइल कांग्रेस का आयोजन वर्ष 2017 में किया गया था।*
- **विश्व हिन्दू कांग्रेस**
  - ✓ ***संस्करण*** *: तीसरा*
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 24-26 नवम्बर, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: बैंकॉक (थाईलैण्ड)*
  - ✓ ***थीम*** *: जयस्य आयतनम धर्मः (जिसका अर्थ है 'धर्म, विजय का निवास')*
  - ✓ ***आयोजनकर्ता*** *: विश्व हिन्दू फाउंडेशन*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु*** *:*
    - *पहला वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस 2014 में दिल्ली में और दूसरा 2018 में अमेरिका के शिकागो में हुआ था।*

# समझौता/सहयोग

## नाडा-इंडिया और साराडो के मध्य समझौता

- राष्ट्रीय डोप-रोधी एजेंसी-भारत (NADA-India) ने खेलों में डोप-रोधी कार्यों में क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से दक्षिण एशिया क्षेत्रीय डोप-रोधी संगठन (SARADO) के साथ 3 जुलाई, 2023 को नई दिल्ली में एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- नाडा इंडिया की महानिदेशक और सीईओ सुश्री रितु सेन और साराडो के महानिदेशक मोहम्मद माहिद शरीफ ने अपने-अपने संगठनों की ओर से एमओयू पर हस्ताक्षर किए।
- एमओयू में प्रोजेक्ट प्लान और सहयोग के क्षेत्रों के जरिए तीन वर्ष में निर्धारित उद्देश्यों को पूरा करने का लक्ष्य है।

**Know The Facts** : 'साराडो' में बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के डोप-रोधी संगठन शामिल हैं।

# ऑपरेशन/अभियान/अभ्यास

## भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास 'नोमेडिक एलीफेंट-2023'

- भारत और मंगोलिया के मध्य 'नोमेडिक एलीफेंट-2023' सैन्य अभ्यास का 15वाँ संस्करण 17-31 जुलाई, 2023 को मंगोलिया के उलानबटोर में आयोजित किया गया।
- इस सैन्य अभ्यास में मंगोलिया सशस्त्र बल यूनिट 084 के सैनिक और जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री रेजीमेंट के भारतीय सैनिकों ने भाग लिया।
- अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच सकारात्मक सैन्य सम्बन्धों को मजबूत करना है।
- यह भारत और मंगोलिया के बीच एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो मंगोलिया और भारत में वैकल्पिक तौर पर आयोजित किया जाता है।
- **अभ्यास का प्राथमिक विषय** : संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत् पहाड़ी क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केन्द्रित करना है।

**Know The Facts** : इस सैन्य अभ्यास का पिछला संस्करण अक्टूबर 2019 में भारत के बकलोह (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित किया गया था।

## ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 2023

- भारतीय नौसेना ने अमेरिका, इटली, ब्रिटेन, सेशेल्स के रक्षा बलों व नौसेनाओं के साथ 10-12 जुलाई, 2023 को सेशेल्स में 'ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 2023' आयोजित किया।

- यह एक बहुराष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य समुद्री सुरक्षा को बढ़ाना, क्षेत्र में सुरक्षा और नेविगेशन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए समुद्री डकैती का मुकाबला करना है।
- संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) द्वारा संचालित ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 2023 में भारतीय नौसेना का समुद्री जहाज 'आईएनएस सुनयना' हिस्सा बना।

## भारत-जापान समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास 2023 (जिमेक्स-23)

- भारत-जापान समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास 2023 (जिमेक्स-23) का 7वाँ संस्करण बंगाल की खाड़ी में 5-11 जुलाई, 2023 को आयोजित किया गया।
- जिमेक्स-23 में दोनों देश समुद्री युद्ध के सभी तीन स्तरों- सतह, उप-सतह और हवा में उन्नत स्तर के अभ्यास में शामिल हुए।
- इस अभ्यास में एकीकृत हेलीकॉप्टरों के अलावा लड़ाकू विमान, समुद्री गश्ती विमान और एक पनडुब्बी की भागीदारी भी रही।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र-2

- जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में छिपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सेना और पुलिस का संयुक्त तलाशी एवं घेराबंदी अभियान जुलाई 2023 के उत्तरार्द्ध में किया गया।
- सुरनकोट तहसील के सिंदाराह और मैदाना में 17 जुलाई को दोपहर 'ऑपरेशन त्रिनेत्र-2' शुरू किया गया था। अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों के साथ भीषण गोलीबारी हुई।
- अभियान के दौरान भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह ने बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए तथा कई आतंकवादियों को मार गिराया।

## अभ्यास 'साल्वेक्स'

- भारतीय नौसेना-अमेरिकी नौसेना (आईएन-यूएसएन) बचाव और विस्फोटक आयुध निपटान (ईओडी) अभ्यास 'साल्वेक्स' (SALVEX) का 7वाँ संस्करण 26 जून-06 जुलाई, 2023 को कोच्चि में आयोजित किया गया।
- 11 दिवसीय इस सैन्य अभ्यास के दौरान अंतरसंचालनीयता और परिचालन समन्वय को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

### भारत और अमेरिका के बीच अन्य अभ्यास

- **मालाबार अभ्यास** : यह भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का चतुर्भुज नौसैनिक अभ्यास है।
- **एक्सरसाइज टाइगर ट्रायम्फ** : यह एक मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास है।
- **युद्ध अभ्यास** : यह एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है।

## अमेरिका और भारत का 'ऑपरेशन ब्रॉडर स्वॉर्ड'

- यूएस फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA), यूएस कस्टम्स एण्ड बॉर्डर प्रोटेक्शन (CBP), होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशंस (HSI), ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (DEA) और यूएस पोस्टल इंस्पेक्शन सर्विस (US PIS) ने भारत और सरकार के राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) के सहयोग से 'ऑपरेशन ब्रॉडर स्वॉर्ड' (Operation Broader Sword) चलाया।
- जो एक विशेष द्विपक्षीय बहु-एजेंसी प्रवर्तन ऑपरेशन है, जिसका उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय मेल प्रणाली का उपयोग करके भेजे गए अवैध फार्मास्युटिकल्स, उपकरणों या अग्रदूत रसायनों को रोकना है।

# योजनाएँ/कार्यक्रम/पहल/मिशन

## कैनबिस मेडिसिन परियोजना

- अब पहली बार भारत में कैनबिस (भाँग) से बनी दवाओं से कैंसर, डायबिटीज, मिर्गी व अन्य तंत्रिका सम्बन्धी विकारों का उपचार होगा।
- केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह के अनुसार कैनबिस मेडिसिन की पहली परियोजना जम्मू में स्थापित की गई है।
- इस परियोजना की अगुवाई वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्-भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान (CSIR-IIIM) के वैज्ञानिकों द्वारा की जा रही है। जिसे एक कनाडाई फर्म के साथ निजी सार्वजनिक भागीदारी में शुरू किया गया है।
- इसका उद्देश्य कैनबिस की औषधीय क्षमता का पता लगाना है, जिससे न्यूरोपैथी, कैंसर तथा मिर्गी के रोगियों को लाभ होगा।

## मो जंगल जामी योजना

- ओडिशा सरकार ने 'मो जंगल जामी' योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य राज्य के ज़िलों में आदिवासियों और वनवासियों के बीच वन अधिकारों को बढ़ावा देना है।
- यदि इस योजना को लागू किया जाता है तो ओडिशा केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित व्यक्तिगत अधिकारों के अतिरिक्त सामुदायिक वन अधिकारों को मान्यता देने वाला भारत का पहला राज्य बन जाएगा।
- इस योजना का उद्देश्य लाभार्थियों को उनके अधिकारों के अनुसार भूमि का स्वामित्व तथा वन संसाधनों तक पहुँच प्रदान कर अनुसूचित जनजाति और वन क्षेत्र में रहने वाली आबादी के लिए आजीविका एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# विविध

## भारत का प्रथम चैटबॉट

- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 5 जुलाई, 2023 को केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में भारत का पहला टेली-मानस (Tele-MANAS) 'चैटबॉट' लॉन्च किया है।
- यह पहल स्वास्थ्य परामर्शदाताओं, नैदानिक मनोवैज्ञानिकों और सलाहकारों की चौबीसों घंटे सेवाएँ सुनिश्चित करेगी।
- टेली-मानस एक द्विस्तरीय प्रणाली है।
  - ✓ *टियर-1 में राज्य टेली मानस सेल शामिल हैं जिसमें प्रशिक्षित परामर्शदाता तथा मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ शामिल हैं।*
  - ✓ *टियर-2 में शारीरिक परामर्श के लिए ज़िला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (DMHP)/मेडिकल कॉलेज संसाधनों के विशेषज्ञ और/या ऑडियो-विज़ुअल परामर्श के लिए ई-संजीवनी शामिल हैं।*

## उष्णकटिबंधीय चक्रवात 'तालीम'

- उष्णकटिबंधीय चक्रवात 'तालीम' (Typhoon Talim) ने दक्षिणी चीन के गुआंग्डोंग प्रांत और वियतनाम के तट पर 17 जुलाई, 2023 को दस्तक दी। इस चक्रवात ने प्रभावित क्षेत्र के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया।
- चीन मौसम विज्ञान प्रशासन के अनुसार, टाइफून तालीम वर्ष का चौथा तूफान था जिसमें अधिकतम हवा की गति 136.8 किलोमीटर प्रति घंटे थी। बाद में यह चक्रवात बाइबू की खाड़ी (Beibu Gulf) में चला गया।

***Salient Point...***

- टाइफून तालीम को फिलीपींस में टाइफून 'लानी' (Typhoon Lannie) के नाम से जाना जाता है।
- इससे पहले वर्ष 2017 में प्रशांत महासागरीय चक्रवात 'तालीम' अत्यधिक शक्तिशाली श्रेणी का चक्रवात था, जिसे कैटेगरी-4 के समान की श्रेणी में रखा गया था। इसमें हवा गति 175 किमी./घंटा रही थी।
- इससे फिलीपीन्स, ताइवान तट, चीन, जापान और कमचटका प्रायद्वीप प्रभावित हुए थे।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू
## वन लाइनर

- जुलाई 2023 में ओमान की खाड़ी में चीन, रूस और ईरान द्वारा किए गए एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास को क्या नाम दिया गया? **सुरक्षा बांड-2023**
- भारतीय वायु सेना इस वर्ष अक्टूबर-नवम्बर में अपने पहले बहु-राष्ट्रीय हवाई अभ्यास की मेजबानी करेगा। इस बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास का क्या नाम रखा गया है? **तरंग शक्ति**
- 'सागर निधि' क्या है? **महासागर अनुसंधान पोत**
- हिन्दी एवं मराठी फिल्मों के अभिनेता, जिनका 24 जुलाई, 2023 को मुम्बई में निधन हो गया? **जयंत सावरकर**
- बाल गंगाधर तिलक और चन्द्रशेखर आजाद की जयंती प्रतिवर्ष कब मनाई जाती है? **23 जुलाई को**
- 10-12 जुलाई, 2023 को सेशेल्स में संयुक्त समुद्री बलों (CMF) द्वारा आयोजित 'ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 2023' में किस नौसेना अपतटीय गश्ती पोत ने भाग लिया? **आईएनएस सुनयना**
- पंजाब कृषि विश्वविद्यालय द्वारा गेहूँ की कौनसी नई किस्म सफलतापूर्वक विकसित की गई है, जिसमें उच्च स्तर का एमाइलोज स्टार्च होता है जो टाइप-2 मधुमेह के साथ हृदय रोग सम्बन्धी खतरे को कम करने के लिए जाना जाता है? **PBW RS1**
- बैलों की दौड़ के प्रसिद्ध सैन फर्मिन फेस्टिवल स्पेन में प्रतिवर्ष कहाँ मनाया जाता है? **पैम्प्लोना (नवारे, उत्तरी स्पेन)**
- दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने हाल ही में वित्त, राजस्व और योजना विभाग का कार्यभार किसे सौंपा है? **आतिशी**
- पूर्व स्पेनिश फुटबॉलर और बेलॉन डी ओर अवॉर्ड पाने वाले स्पेन के एकमात्र फुटबॉलर जिनका 9 जुलाई, 2023 को निधन हो गया? **लुइस सुआरेज**
- जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केन्द्रीय बैंकों के गवर्नरों की बैठक 16 जुलाई, 2023 को कहाँ सम्पन्न हुई, जिसमें भारत-इंडोनेशिया आर्थिक और वित्तीय संवाद शुरू करने की घोषणा की गई? **गांधीनगर**
- चौथी जी-20 रोजगार कार्य समूह और श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक 19-21 जुलाई, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **इंदौर (मध्य प्रदेश)**
- आकाशवाणी दिल्ली किस अवधि में 'जी-20 कार्यक्रम' की मेजबानी कर रहा है? **21 जुलाई-6 सितम्बर, 2023**
- भारत में जी-20 सम्मेलन के तहत् Science-Twenty बैठक 21-22 जुलाई, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **ईशा योग केन्द्र (कोयंबटूर)**
- भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत् ऊर्जा परिवर्तन कार्य समूह की चौथी और आखिरी बैठक 19-20 जुलाई, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **गोवा**
- जी-20 की व्यापार और निवेश कार्य समूह (TIWG) की तीसरी बैठक 10-12 जुलाई, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **केवड़िया (गुजरात)**
- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने 24 जुलाई, 2023 को किसे फिर से राष्ट्रीय महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है? **थॉमस डेन्नर्बी (स्वीडन)**
- संयुक्त राष्ट्र की उपमहासचिव जो 3-5 जुलाई, 2023 को भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहीं? **अमीना जे. मोहम्मद**

# नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. किस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश ने प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक (पीजीआई 2.0) में सर्वोच्च ग्रेड 'दक्ष' में स्थान प्राप्त किया है?
(A) पंजाब (B) चंडीगढ़
(C) केरल (D) किसी ने नहीं

2. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन के तहत् कौनसी अखिल भारतीय परियोजना 27 जुलाई, 2023 को लॉन्च की?
(A) मेरा गाँव, मेरी धरोहर (B) मेरा देश, मेरी धरोहर
(C) भारत डिजिटल विजन (D) इंडिया इनक्रेडिबल

3. निम्न में से कौनसा कथन सही है?
(A) राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उपाध्यक्षों के पैनल में चार महिला सदस्यों को नामित किया है।
(B) एस फांगनॉन कोन्याक राज्यसभा की अध्यक्षता करने वाली नगालैंड की पहली महिला राज्यसभा सांसद बन गई हैं।
(C) A व B दोनों
(D) उपर्युक्त A व B दोनों में से कोई नहीं

4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 24 जुलाई, 2023 को लाइफटाइम एचीवमेंट के लिए राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार - 2022 किसे प्रदान किया है?
(A) डॉ. अमिय कुमार समल (B) डॉ. ओम नारायण भार्गव
(C) डॉ. सत्य नारायण सेठी (D) डॉ. वलीउर रहमान

5. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बलिदान होने वाले भारतीय सैनिकों के सम्मान में 'वी.सी यशवंत घाडगे सनडायल मेमोरियल' का अनावरण जुलाई 2023 में कहाँ किया गया?
(A) कुडिलेरो, स्पेन (B) ऑवरगने, फ्रांस
(C) मोनसेंटो, पुर्तगाल (D) मोनटोने, इटली

6. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष में भारत के आर्थिक विकास पूर्वानुमान को बढ़ाकर कितना कर दिया है?
(A) 5.9 % (B) 6.1 %
(C) 6.3 % (D) 6.5 %

7. फ्रांस में चैंप्स-एलिसिस पर लगातार दूसरे वर्ष टूर डी फ्रांस (110 वाँ संस्करण) जीतने वाले जोनास विंगगार्ड किस देश से हैं?
(A) डेनमार्क (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) हंगरी (D) अमेरिका

8. आईआईटी मद्रास के पहले विदेशी कैंपस (जंजीबार, तंजानिया) की पहली महिला निदेशक किसे नियुक्त किया गया है?
(A) तनिष्का वाघमरे (B) दीप्ति अचलेकर
(C) पलोमी आयंगर (D) प्रीति अघलायम

9. कौनसा देश 'ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप के लिए व्यापक और प्रगतिशील समझौते' (सीपीटीपीपी) में शामिल (16 जुलाई, 2023) होने वाला पहला यूरोपीय देश बन गया है?
(A) बेल्जियम (B) ब्रिटेन
(C) नार्वे (D) ऑस्ट्रिया

10. 23वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का वर्चुअल शिखर सम्मेलन किसकी अध्यक्षता में 4 जुलाई, 2023 को आयोजित किया गया ?
(A) चीन (B) कजाखस्तान
(C) भारत (D) तजाकिस्तान

11. भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने लुसाने डायमंड लीग में कितनी दूर भाला फेंककर पहला स्थान हासिल किया?
(A) 87.66 मीटर (B) 89.66 मीटर
(C) 91.66 मीटर (D) 93.66 मीटर

12. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा 14 जुलाई, 2023 को लॉन्च किया गया 'चंद्रयान -3' चन्द्रमा के किस भू-भाग पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा?
(A) पूर्वी भाग (B) पश्चिमी भाग
(C) उत्तरी भाग (D) दक्षिणी भाग

13. कौनसा देश फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स-स्टाइल क्षेत्रीय निकाय (FSRB) मनी लॉन्ड्रिंग पर एशिया प्रशांत समूह (APG) की बैठक में पर्यवेक्षक का दर्जा पाने वाला पहला अरब देश बन गया है?
(A) सऊदी अरब (B) संयुक्त अरब अमीरात
(C) मिस्र (D) कतर

14. भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित द्विपक्षीय जापान-भारत समुद्री अभ्यास-2023 (जिमेक्स 23) का 7वाँ संस्करण 5-10 जुलाई, 2023 को कहाँ आयोजित किया गया?
(A) कोच्चि (B) मंगलौर
(C) विशाखापत्तनम (D) पोर्ट ब्लेयर

15. जुलाई 2023 में नियुक्त हुए निम्न पदाधिकारियों का कौनसा जोड़ा असंगत है?
(A) राकेश पाल - महानिदेशक, भारतीय तटरक्षक बल
(B) मनीष गुप्ता - अध्यक्ष,अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र प्राधिकरण
(C) अजीत अगरकर - अध्यक्ष, सीनियर पुरुष क्रिकेट चयन समिति
(D) मनोज यादव - महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल

16. भारतीय व अमेरिकी नौसेना बचाव और विस्फोटक आयुध निपटान (ईओडी) अभ्यास, 'सॉल्वेक्स' का कौनसा संस्करण 26 जून-6 जुलाई, 2023 को कोच्चि में आयोजित किया गया?
(A) 5वाँ (B) 6वाँ
(C) 7वाँ (D) 9वाँ

17. प्रधानमंत्री ने शहडोल, मध्य प्रदेश में 'राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया मुक्ति मिशन' का शुभारम्भ 1 जुलाई, 2023 को किया। इसे देश के सर्वाधिक प्रभावित कितने राज्यों व जिलों में लागू किया जाएगा?
(A) 15 राज्य व 252 जिले (B) 17 राज्य व 278 जिले
(C) 19 राज्य व 289 जिले (D) 21 राज्य व 312 जिले

| उत्तरमाला | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (A) | 3. (C) | 4. (B) | 5. (D) | 6. (B) |
| 7. (A) | 8. (D) | 9. (B) | 10. (C) | 11. (A) | 12. (D) |
| 13. (B) | 14. (C) | 15. (B) | 16. (C) | 17. (B) | |